CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 26°C

लखनऊ, गुरुवार 17 जुलाई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 256 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com श्रावण कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 21 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



इस दिन का इंतजार था, राहुल-खड़गे के पत्र पर उमर की प्रतिक्रिया पेज 2



रूट ने फिर हासिल की नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग खेल टाइम्स



'एक्सोलोटल' की अंग पुनर्जनन क्षमता का रहस्य उजागर सम्पादकीय



यूएस को भारतीय मार्केट में पहुंच मिलने वाली है: ट्रम्प पेज़ 12

# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को कैबिनेट की मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- हर साल खर्च होंगे 24000 करोड़ रुपये
- 100 जिले शामिल होंगे
- भंडारण व सिंचाई सुविधा में होगा सुधार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने 36 योजनाओं को मिलाकर 24,000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी।

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह ऐलान किया है। सरकार ने एनएलसीआईएल को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश के लिए 7,000 करोड़ रुपये की भी मंजूरी दे दी है। इसके अलावा कैबिनेट ने एनटीपीसी को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश के लिए 20,000 करोड़ रुपये की मंजूरी देने पर भी अपनी मुहर लगा दी है। मंत्रिमंडल ने बुधवार को छह साल की अवधि के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत हर वर्ष 24,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसमें 100 जिले शामिल होंगे। केंद्रीय बजट में घोषित यह कार्यक्रम 36 मौजूदा योजनाओं को एकीकृत करेगा और फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने में मदद देगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णय के बारे में जानकारी साझा करते हुए, सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएम धन-धान्य कृषि योजना से फसल के बाद भंडारण में वृद्धि होगी, सिंचाई सुविधाओं में सुधार होगा और कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी। इस कार्यक्रम से 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलने की संभावना है। सरकार ने बुधवार को एनएलसी इंडिया को अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एनआईआरएल में 7,000 करोड़ रुपये निवेश करने की अनुमति दे दी। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की ओर से लिया गया।

# पटना एयरपोर्ट पर टला बड़ा विमान हादसा

पटना, वार्ता

- दिल्ली से आ रहे विमान को रनवे ओवरशूट का सामना करना पड़ा
- पायलट ने गो- अराउंड प्रक्रिया अपनाई

**पटना एयरपोर्ट** पर बड़ा विमान हादसा टल गया। दिल्ली से आ रहे विमान को रनवे ओवरशूट का सामना करना पड़ा। पायलट ने सूझबूझ से विमान को अनियंत्रित होने से बचा लिया।

उन्होंने फौरन गो- अराउंड प्रक्रिया अपनाई और विमान को फिर से सफलतापूर्वक लैंड करवा लिया। इस मामले ने पटना एयरपोर्ट के छोटे रनवे को लेकर फिर सवाल खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात नौ बजे दिल्ली से आ रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट जीई 2482 ने लैंडिंग के दौरान रनवे के निर्धारित टचडाउन जोन को पार कर दिया।

## मंत्रिमंडल ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला और इसरो को दी बधाई

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एक्सिओम-4 मिशन की सफलता को ऐतिहासिक बताते हुए इसमें शामिल भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की टीम को एक प्रस्ताव पारित कर बधाई दी है। मंत्रिमंडल ने विश्वास व्यक्त किया है कि यह मिशन विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देगा और इसने भारत को भविष्य के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लक्ष्य के एक कदम और करीब पहुंचा दिया है। भारत अब मानव अंतरिक्ष मिशन की बड़ी शक्तियों में से एक बनने की ओर अग्रसर है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मंत्रिमंडल ने देश की इस महान उपलब्धि पर प्रस्ताव पारित कर ग्रुप कैप्टन का अभिनंदन किया।

## बाल पुरस्कार 2025 के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** सरकार ने बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों पर पुरस्कृत करने की योजना के तहत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन मांगे हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार 2025 के लिए दिए जाने वाले पुरस्कारों के वास्ते नामांकन किए जा रहे हैं और इसके लिए 31 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इस पुरस्कार के लिए आवेदन इस साल पहली अप्रैल से शुरू हो गए थे और आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। इस पुरस्कार के लिए मंत्रालय की वेबसाइट पर ही आवेदन किया जा सकता है।

## भारत सत्यजीत रे की संपत्ति को संग्रहालय बनाने के लिए सहयोग देने को तैयार

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश के मैमनसिंह में प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और साहित्यकार सत्यजीत रे की पैतृक संपत्ति को गिराए जाने पर खेद व्यक्त करते हुए बांग्लादेश सरकार से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने और इस जगह को संग्रहालय बनाए जाने पर विचार करने को कहा है। भारत ने कहा है कि वह इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए सहयोग देने को तैयार है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार देर रात एक वक्तव्य जारी कर कहा कि बांग्लादेश के मैमनसिंह में प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और साहित्यकार सत्यजीत रे की पैतृक संपत्ति, जो उनके दादा और प्रख्यात साहित्यकार उपेंद्र किशोर रे चौधरी की थी को ध्वस्त किया जाना कष्टदायक है। वक्तव्य में कहा गया है कि यह संपत्ति अभी बांग्लादेश सरकार के स्वामित्व में है और जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। इमारत की ऐतिहासिक स्थिति को देखते हुए जो बांग्ला सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है, यह बेहतर होगा कि इसके विध्वंस पर पुनर्विचार किया जाए।

# कल के हथियारों से आज की जंग नहीं जीत सकते

## विदेशी टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमें कमजोर बना रही

शाह टाइम्स ब्यूरो



- स्वदेशी एडवांस टेक्नोलॉजी जरूरी: सीडीएस अनिल चौहान

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि हम कल के हथियारों से आज की लड़ाई नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा कि विदेश से इम्पोर्ट की गई टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमारी युद्ध की तैयारियां कमजोर करती है। सीडीएस ने कहा कि यह हमें कमजोर बना रही है।

ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया कि हमारे लिए स्वदेशी सी-यूएएस (काउंटर-अनमैंड एरियल सिस्टम) यानी एंटी ड्रोन सिस्टम क्यों जरूरी है। हमें अपनी सुरक्षा के लिए इन्वेस्टमेंट करना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने अनआर्म्ड ड्रोन्स का इस्तेमाल किया। अधिकतर ड्रोन्स मार गिराए गए। ये हमारे किसी भी मिलिट्री या सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सके। सीडीएस ने ये बातें दिल्ली के मानेकशा सेंटर में यूएवी और सी-यूएएस की प्रदर्शनी में कहीं। युद्ध में ड्रोन के इस्तेमाल पर जनरल चौहान ने कहा कि मुझे लगता है कि ड्रोन्स इवॉल्यूशनरी हैं और युद्ध में उनका इस्तेमाल बहुत क्रांतिकारी रहा है। जैसे-जैसे उनकी तैनाती और दायरा बढ़ा, सेना ने क्रांतिकारी तरीके से ड्रोन का इस्तेमाल किया। हमारे लड़े गए कई युद्धों में आपने यह देखा है। हम इम्पोर्टेड टेक्नोलॉजी पर निर्भर नहीं रह सकते, क्योंकि यह हमारे युद्ध और डिफेंस ऑपरेशन के लिए महत्वपूर्ण हैं। विदेशी तकनीकों पर निर्भरता हमारी तैयारियों को कमजोर करती है। उत्पादन बढ़ाने की हमारी क्षमता को कम करती है। इससे अहम मैकेनिकल पार्ट्स की कमी होती है।

## ईरान की अनावश्यक यात्रा से बचें भारतीय नागरिक : भारतीय दूतावास

**नई दिल्ली।** ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने क्षेत्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए भारतीय नागरिकों से ईरान की अनावश्यक यात्रा से बचने को कहा है। दूतावास नेकहा कि पिछले कई हफ्तों के सुरक्षा संबंधी घटनाक्रमों को देखते हुए भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे ईरान की अनावश्यक यात्रा करने से पहले मौजूदा स्थिति पर ध्यानपूर्वक विचार करें। दूतावास ने कहा है कि भारतीय नागरिक ताजा क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर नज़र रखें और भारतीय अधिकारियों द्वारा जारी परामर्शों का पालन करें। ईरान में रहने वाले और स्वदेश वापस लौटने के इच्छुक भारतीय नागरिकों के लिए दूतावास ने कहा है कि उनके पास यह विकल्प है।

## अदालतों में टॉयलेट की कमी पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** देश की अदालतों में टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधा की हालत पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने नाराजगी जताई कि देश के 25 में से 20 हाईकोर्ट ने अब तक ये नहीं बताया कि उन्होंने टॉयलेट की सुविधा सुधारने के लिए क्या कदम उठाए हैं? सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी 2025 को सभी हाईकोर्ट, सरकारों को निर्देश दिया था कि हर अदालत में पुरुष, महिला, दिव्यांग और ट्रांसजेंडर्स के लिए अलग-अलग टॉयलेट होने चाहिए। उचित स्वच्छता पाना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन ने बुधवार को सुनवाई के दौरान सभी हाईकोर्ट को रिपोर्ट पेश करने के लिए 8 हफ्ते का समय दिया। सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी है कि अगर इस बार रिपोर्ट नहीं आई, तो हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को खुद सुप्रीम कोर्ट में हाजिर होना पड़ेगा।

# 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर रोक जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी इस बात का सबूत, फिल्म के खिलाफ हमारी कानूनी लड़ाई सही: मौलाना अरशद मदनी

**नई दिल्ली।** उदयपुर फाइल्स नाम की विवादित हिंदी फिल्म की रिलीज़ पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार तक के लिए रोक को बरकरार रखा है, यानी अदालत ने फिल्म निर्माता को कोई राहत देने से इन्कार कर दिया है।

इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने भी इस पर स्टे लगाया था। फिल्म निर्माता की ओर से दाखिल की गई याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। फिल्म निर्माता की ओर से वकील गौरव भाटिया एवं भाजपा प्रवक्ता ने बहस करते हुए कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला असंवैधानिक है, क्योंकि हाईकोर्ट ने मौलाना अरशद मदनी की याचिका पर सुनवाई करते हुए महज़ दो दिनों में फिल्म की रिलीज़ पर रोक लगा दी, जबकि मेरे मुवक्किल के पास सेंसर बोर्ड का सर्टिफिकेट है। गौरव भाटिया ने यह भी कहा कि फिल्म की रिलीज़ रुकने से निर्माता को करोड़ों का नुकसान हो रहा है। हालांकि, अदालत ने भाजपा प्रवक्ता एवं एडवोकेट गौरव भाटिया की दलीलों से सहमति नहीं जताई और कहा कि मौलाना अरशद मदनी ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में सर्टिफिकेट पर पुनर्विचार की याचिका दी है, जिस पर बुधवार दोपहर 2:30 बजे सुनवाई होनी है। ऐसे में अभी फिल्म की रिलीज़ पर लगी रोक हटाना उचित नहीं होगा। अदालत ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला सही है या नहीं, इस पर बाद में फैसला होगा। फिलहाल, मंत्रालय को मौलाना मदनी की याचिका पर -शेष पृष्ठ दो पर

## सुप्रीम कोर्ट ने प्रो. महमूदाबाद के खिलाफ SIT जांच पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोपी अशोका विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ हरियाणा के एसआईटी की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए और कहा कि यह गलत दिशा में जा रही है। पीठ ने प्रो. महमूदाबाद को बार-बार बुलाने पर सवाल उठाए और आगे बुलाने पर रोक लगाते हुए एसआईटी से कहा कि आपको उनकी नहीं, बल्कि एक शब्दकोश की जरूरत है। पीठ ने यह स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता को जांच में शामिल होने के लिए फिर से बुलाने की कोई आवश्यकता नहीं है। पीठ ने शीर्ष अदालत के आदेश पर एसआईटी को प्रोफेसर के खिलाफ उनके विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट के संबंध में दर्ज दो मुकदमों तक ही अपनी जांच सीमित रहने का निर्देश दिया।

## केरल में निपाह वायरस के 675 मामले सामने आए

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में 675 लोग निपाह वायरस से संक्रमित मरीजों के संपर्क में आए हैं। इनमें से 38 उच्चतम जोखिम की श्रेणी में और 139 उच्च जोखिम वाली श्रेणी में हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने मंगलवार शाम को इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 675 लोग निपाह संक्रमण की सूची में हैं। सुश्री जॉर्ज ने बताया कि पलक्कड़ में 347, मलप्पुरम में 210, कोझिकोड में 115, एर्नाकुलम में दो और त्रिशूर में एक मामला सामने आए हैं। मलप्पुरम में एक व्यक्ति वर्तमान में आईसीयू में भर्ती है।

## छांगुर बाबा की रिमांड खत्म, भेजे गए जेल

**लखनऊ।** बलरामपुर के उतरौला में अवैध रूप से धर्मांतरण और आतंकी फंडिंग के आरोप में पांच जुलाई को गिरफ्तार किए गए जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नसरीन की रिमांड बुधवार को समाप्त हो गई।

दोनों की रिमांड समाप्त होने के बाद एटीएस की टीम ने मेडिकल कराने के बाद जेल शिफ्ट कर दिया। कोर्ट ने छांगुर और उसकी सहयोगी नसरीन को 10 जुलाई को रिमांड पर भेजा था। पिछली तीन जुलाई को लखनऊ में विश्व हिंदू रक्षा परिषद के बैनर तले धर्म परिवर्तन कर चुके 15 लोगों की हिंदू धर्म में वापसी कराई गई थी। कार्यक्रम के दौरान विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अध्यक्ष गोपाल राय ने उतरौला में धर्म परिवर्तन का काम कर रहे जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के ऊपर बड़ा आरोप लगाया था। साथ ही उन्होंने मीडिया में उसके धर्मान्तरण और आतंकी फंडिंग को लेकर बड़े दावे किए थे।

# अकबर क्रूर, लेकिन सहिष्णु, औरंगजेब कट्टर धार्मिक

## एनसीईआरटी की किताब में मुगल काल की नई समीक्षा, कक्षा आठ के सिलेबस में हुआ शामिल

शाह टाइम्स ब्यूरो




एनसीईआरटी की नई किताब का कवर और किताब में अकबर की नई तस्वीर।

- किताब 2025-26 एकेडमिक सेशन से ही स्कूलों में होगी लागू
- मुगल सल्तनत के पहले शासक बाबर को तुर्क-मंगोल शासक और सैन्य रणनीतिकार लिखा गया

**नई दिल्ली।** अकबर का शासन क्रूरता और सहिष्णुता का मिश्रण था, जबकि औरंगजेब एक सैन्य शासक था जिसने गैर-इस्लामी प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाया और गैर-मुसलमानों पर टैक्स लगाया।

मुगल काल की ये नई समीक्षा एनसीईआरटी की कक्षा 8 की किताब में शामिल की गई है। एनसीईआरटी कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब में मुगल शासकों के धार्मिक फैसले, सांस्कृतिक योगदान और क्रूरता की नई व्याख्या की गई है। ये किताब 2025-26 एकेडमिक सेशन से ही स्कूलों में लागू होगी। किताब में मुगल सल्तनत के पहले शासक बाबर को तुर्क-मंगोल शासक और सैन्य रणनीतिकार लिखा गया है। इसके साथ बताया गया कि बाबर ने 1526 में पानीपत की लड़ाई में बारूद और तोपखाने की मदद से इब्राहिम लोदी को हराया और दिल्ली सल्तनत का अंत कर दिया। बाबर का बेटा हुमायूं साम्राज्य को बचाए रखने के लिए संघर्ष करता रहा और एक समय के लिए उसने शेर शाह सूरी से हारकर साम्राज्य खो भी दिया था। किताब में बताया गया है कि कैसे शेर शाह सूरी के हिंदू सेनापति हेमू को अकबर की सेना ने पकड़ा और पानीपत की दूसरी लड़ाई के बाद सिर कलम कर दिया। अकबर के शासन को किताब में क्रूरता और सहिष्णुता का मिश्रण बताया गया है। लिखा गया है कि 1568 में चित्तौड़ के किले की घेराबंदी के दौरान अकबर ने लगभग 30,000 नागरिकों की हत्या और बचे हुए महिलाओं और बच्चों को गुलाम बनाने का आदेश दिया था। इसके अलावा अकबर ने जजिया कर समाप्त किया, राजपूतों का स्वागत अपने दरबार में किया और सुल्ह-ए-कुल यानी सभी से शांति की नीति को बढ़ावा दिया। उसने -शेष पृष्ठ दो पर

# स्वर्ण मंदिर को तीसरी बार मिली बम से उड़ाने की धमकी

चंड़ीगढ़, वार्ता

- फर्जी आईडी से भेजा गया ई-मेल

**अमृतसर स्थित** स्वर्ण मंदिर को पिछले कुछ दिनों में तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिसके बाद मंदिर और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) को एक फर्जी ई-मेल आईडी से मेल मिला है, जिसमें मंदिर के अंदर आरडीएक्स से भरे पाइपों से विस्फोट करने की धमकी दी गई है। सुरक्षा कारणों से संदेश के विवरण का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन बम निरोधक दस्ते और खोजी स्वानों को विस्फोटक खोजने में लगाया गया है। एसजीपीसी और अमृतसर पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

## दिल्ली के स्कूलों को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्कूलों को लगातार तीसरे दिन बुधवार को पांच स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। पुलिस के अनुसार द्वारका के सेंट थॉमस, वसंत कुंज के वसंत वैली स्कूल, हौज खास स्थित मदर्स इंटरनेशनल स्कूल, पश्चिम विहार स्थित रिचमंड ग्लोबल स्कूल और लोदी एस्टेट स्थित सरदार पटेल विद्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

## संक्षिप्त समाचार

### रीढ़विहीन राहुल बढ़ा रहे नेहरू की परंपरा को आगे: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को रीढ़विहीन करार देते हुए उन पर विदेशी ताकतों के समक्ष आत्मसमर्पण करने का आरोप लगाया है। भाजपा ने बुधवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू पर अंग्रेजों के सामने आत्म समर्पण करने और दया याचिका लिखने का दावा किया है। पार्टी ने लिखा- राहुल गांधी सचमुच नेहरू के उत्तराधिकारी हैं। जिस तरह नेहरू ने नाभा जेल में रहते हुए अंग्रेजों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था और दया याचिका लिखी थी, उसी तरह राहुल गांधी भी समर्पण और समझौते की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। इस राजवंश में रीढ़हीनता की गहरी विरासत है।


### जेएंडके में आतंकियों के मददगारों की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में आतंकवादियों और उनके मददगारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आज आतंकवादियों के तीन सहयोगियों की सपंत्तियां कुर्क कीं। आतंकवादी पाकिस्तान से ही अपनी गतिविधियों को इन मददगारों के सहयोग से अंजाम देते थे। पुलिस ने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में हरवानी खानसाहिब में मंजूर अहमद चोपन उर्फ रईस का दो मंजिला आवासीय मकान, चेवा बडगाम में मोहम्मद यूसुफ मलिक उर्फ मोलवी के स्वामित्व वाली पांच कनाल से अधिक जमीन के साथ एक इमारत और बिलाल अहमद वानी उर्फ उमर के नाम पर खग में पंजीकृत लगभग 20 मरला जमीन शामिल है। पुलिस ने कहा कि संबंधित संपत्तियां कार्यकारी मजिस्ट्रेटों की मौजूदगी में कुर्क की गईं।

# अब यूपी के युवाओं को फोन की जगह मिलेंगे टैबलेट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**योगी सरकार कैबिनेट में जल्द ही पेश करेगी प्रस्ताव**



**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत चल रही स्मार्टफोन-टैबलेट योजना में बड़ा बदलाव करने का फैसला किया है। अब इस योजना के तहत युवाओं को स्मार्टफोन की जगह टैबलेट दिया जाएगा। सरकार ने शैक्षिक गतिविधियों के लिए टैबलेट को अधिक उपयोगी माना गया है। इस बदलाव को लागू करने के लिए योगी सरकार जल्द ही कैबिनेट के पुराने निर्णय को निरस्त कर नया प्रस्ताव मंजूर कराएगी।

नया प्रस्ताव जल्द ही कैबिनेट में पेश किया जाएगा। इस प्रस्ताव में टैबलेट वितरण की प्रक्रिया, बजट और पात्रता मानदंडों को स्पष्ट किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य 2025-26 के वित्तीय वर्ष में 15 लाख स्मार्टफोन और 10 लाख टैबलेट वितरित करना है, जिसके लिए 4000 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। यूपी सरकार का मानना है कि टैबलेट शैक्षिक उद्देश्यों के लिए स्मार्टफोन की तुलना में अधिक प्रभावी हैं। टैबलेट की बड़ी स्क्रीन और बेहतर प्रोसेसिंग क्षमता ऑनलाइन शिक्षा, ई-लर्निंग सामग्री और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ज्यादा उपयुक्त है। कोविड-19 महामारी के बाद डिजिटल शिक्षा के बढ़ते महत्व को देखते हुए सरकार का यह कदम युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार यूपी सरकार ने पहले 25 लाख स्मार्टफोन खरीदने का निर्णय लिया था, जिसके लिए 2493 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया गया था। हालांकि अब इस निर्णय को निरस्त कर टैबलेट वितरण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यूपी फ्री टैबलेट स्मार्टफोन योजना 19 अगस्त 2021 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुरू किया था। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य के युवाओं को डिजिटल संसाधनों तक पहुंच प्रदान करना है। यह योजना ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, टेक्निकल, और डिप्लोमा कोर्स करने वाले छात्रों के लिए है, जिसके तहत लगभग 1 करोड़ युवाओं को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। टैबलेट में प्री-लोडेड शैक्षिक सामग्री होगी, जो ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को इंटरनेट के बिना भी अध्ययन करने में मदद करेगी। योजना का लाभ लेने के लिए छात्रों को अपने कॉलेज या विश्वविद्यालय के माध्यम से आवेदन करना होगा। हाल ही में डुप्लीकेसी रोकने के लिए सरकार ने ई-केवाईसी को अनिवार्य कर दिया है। छात्र अब खुद भी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं, जिससे योजना का लाभ में देरी नहीं होगी। डेटा सत्यापन के बाद छात्रों को उनके टैबलेट की स्थिति के बारे में एसएमएस के माध्यम से अपडेट मिलेगा।

# लाभार्थियों को ऑन स्पाट मिलेंगे मैरिज सर्टिफिकेट

लखनऊ, वार्ता

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पर सरकार ने उठाया कदम**

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अब लाभार्थियों का स्पॉट पर ही रजिस्ट्रार, मैरेज ब्यूरो पंजीकरण कर मैरेज सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग की तरफ से यह कदम योजना में पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए उठाया गया है। इससे पूर्व विभाग की तरफ से लाभार्थियों के लिए आधार पंजीकरण किया गया था।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अब लाभार्थियों का स्पॉट पर ही पंजीकरण किया जाएगा। इसके लिए रजिस्ट्रार, मैरेज ब्यूरो या उनकी तरफ से नामित अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे। जिससे शादी को लीगल घोषित किया जा सके। उन्होंने बताया कि फर्जीवाड़े को रोकने के लिए आधार से भी पंजीकरण कराया जा रहा है। जिससे सही लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत कोई लक्ष्य नही रखा गया है, क्योंकि इससे पारदर्शिता प्रभावित होने का अंदेशा रहता है। कुमार ने कहा कि यदि किसी गांव में पांच लाभार्थी जोड़े सामूहिक विवाह के लिए आवेदन करते हैं, तो फिर उनका सत्यापन जिला स्तर के अधिकारी करेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के तहत बलिया के मनियर ब्लॉक में जनवरी 2024 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ा मिला था। शादीशुदा लोगों की शादी करा दी गई थी। इसका वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद जांच शुरू कराई गई थी। इसमें पता चला कि दलालों ने मिलीभगत कर 240 से अधिक फर्जी शादियां करा दी थीं। इसके बाद एफआईआर दर्ज कर 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। दो सहायक विकास अधिकारी और एक लिपिक को निलंबित किया गया था।

# जिला निर्वाचन अफसरों को सीईओ ने दिया प्रशिक्षण

लखनऊ, वार्ता

**नवदीप ने केन्द्र के निर्देशों से अवगत कराया**

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को विधानसभा/लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची को त्रुटिरहित अपडेट रखने के लिए प्रशिक्षण दिया और केंद्रीय निर्वाचन आयोग के कार्यक्रमों और दिशा-निर्देशों से अवगत कराया।

रिणवा ने मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने, बीएलओ की नियुक्ति नियमानुसार करने और राजनैतिक दलों के साथ बैठक करने पर जोर दिया। जिला निर्वाचन अधिकारियों को ईआरओ नेट, बीएलओ एप और वोटर हेल्पलाइन एप की जानकारी दी गई। गौरतलब है कि पहली बार जिला निर्वाचन अधिकारियों का भौतिक प्रशिक्षण कराया जा रहा है, ताकि मतदाता सूची पुनरीक्षण के समय मतदाताओं को परेशानी न हो। निर्वाचन अधिकारियों से नागरिकों से फार्म भरवाते समय सही जानकारी दर्ज कराने और फार्म-6, 7 व 8 से संबंधित जानकारी प्रसारित करने के लिए कहा गया। आज लखनऊ में आगरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, कानपुर नगर, लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर, हरदोई, बाराबंकी, झांसी, जालौन, ललितपुर, बांदा, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट, गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, फतेहपुर, बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं, अलीगढ़, मुरादाबाद, गोरखपुर तथा पीलीभीत जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लखनऊ में जिला निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया, जबकि मेरठ और वाराणसी में भी पहले और दूसरा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा चुके हैं।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे व नेता विपक्ष राहुल ने पीएम को लिखा पत्र

# जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य दर्जा बहाल करें

नई दिल्ली, वार्ता





कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने और लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने के लिए विधेयक लाने की मांग की है।

खड़गे और गांधी ने कहा कि जम्मू- कश्मीर की जनता पिछले पांच साल से लगातार पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की अपनी वैध, संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों की मांग कर रही है। यह पहली बार हुआ है जब किसी राज्य का दर्जा कम कर उसे केंद्रशासित प्रदेश में बदला गया है। कांग्रेस नेताओं ने सरकार से आग्रह किया है कि वह मानसून सत्र में संसद में एक विधेयक लाकर जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करे। उन्होंने इसके साथ ही लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने के लिए भी विधेयक लाने का सरकार से अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने से वहां की जनता की सांस्कृतिक, विकासात्मक और राजनीतिक आकांक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण पहल साबित होगी और इससे वहां के लोगों के अधिकार, भूमि और पहचान की रक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। जम्मू-कश्मीर को लेकर उन्होंने कहा कि पहले किसी भी सरकार ने किसी भी राज्य को केंद्रशासित प्रदेश में नहीं बदला है। इसके उलट केंद्र शासित प्रदेशों को राज्य का दर्जा दिया गया है, लेकिन जम्मू-कश्मीर के मामले में सरकार ने अभूतपूर्व काम किया है और अब उसका राज्य का दर्जा बहाल करना आवश्यक हो गया है। उन्होंने मोदी को संबोधित पत्र में कहा कि उन्होंने पहले कई बार जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस देने वादा किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि संसद के इसी सत्र में जम्मू-कश्मीर के लोगों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करते हुए जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिल जाएगा।

### इस दिन का इंतजार था, राहुल-खड़गे के पत्र पर उमर की प्रतिक्रिया



**जम्मू।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे गए संयुक्त पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि वह इसी दिन की प्रतीक्षा कर रहे थे जब विपक्ष संसद और दिल्ली में आवाज उठाएगा। अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि यह अच्छी बात है। हम तो इसी दिन का भी इंतजार कर रहे थे जब विपक्ष संसद और दिल्ली में हमारी आवाज उठाएगा। मैं मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी का आभारी हूं कि उन्होंने केंद्र के समक्ष जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे का मुद्दा उठाया। हम ऐसी कोई चीज नहीं मांग रहे, जिसका हमसे वादा न किया गया हो। संसद में और संसद के बाहर सार्वजनिक कार्यक्रमों में और शीर्ष न्यायालय में भी बार-बार कहा गया है कि उचित समय पर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिया जाएगा। जब शीर्ष न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया था, तो उसने कहा था कि जम्मू- कश्मीर को जल्द से जल्द राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए।



सेंसेक्स 83634.48
निफ्टी 25212.05



सोना रु. 97460
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 110996
प्रति किलो




# शेयर बाजारों में हल्की तेजी, लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुए प्रमुख सूचकांक

मुंबई, वार्ता

ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मांग में उभार के संकेतके बीच ऑटो, एफएमसीजी, आईटी और पीएसयू बैंकिंग शेयरों में लिवाली के समर्थन से बुधवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुए। सीमित और सावधानी भरे कारोबार के बीच शुरुआती गिरावट से उबरता कर बीएसई का सेंसेक्स 0.08 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 82,634.48 अंक पर बंद हुआ।

नेशलन स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी50 में 0.06 प्रतिशत की हल्की तेजी रही और कारोबार की समाप्ति पर यह 25,212.05 अंक पर रहा। तीस शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स की 15 कंपनियां लाल निशान में बंद हुईं। महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे ज्यादा 2.10 प्रतिशत की तेजी रही। बुधवार को जारी मजबूत तिमाही आंकड़ों के



दमपर टेक महिंद्रा के शेयर 1.94 प्रतिशत चढ़े। इटरनल में सबसे ज्यादा 1.58 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

एशियाई बाजारों के लाल निशान में रहने और रुपए में गिरावट के कारण शेयर बाजारों के प्रमुख सूचकांक दोपहर तक गिरावट में थे। हालांकि बाद में यूरोपीय बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों से बाजार में तेजी लौटी। एनएसई के ज्यादा शेयरों वाले सूचकांकों में हल्की तेजी रही। निफ्टी 100 में 0.09 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप 100 में 0.01 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 0.03 प्रतिशत की मामूली बढ़त दर्ज की गई। एनएसई में ऑटो, एफएमसीजी, आईटी, पीएसयू बैंक, रियलिटी और तेल एवं गैस सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवाओं, हेल्थकेयर, फार्मा और धातु सेक्टर दबाव में रहे।

विदेशों में एशियाई बाजारों में गिरावट रही। जापान का निक्केई, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कंपोजिट लाल निशान में बंद हुए यूरोपीय बाजारों में ब्रिटेन का एफटीएसई तेजी पर था। एलकेपी सिक्योरिटीज़ के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने एक बाजार. टिप्पणी में कहा कि निफ्टी 50 सूचकांक 50.दिवसीय सचल औसत 50 डीएमए से ऊपर बना हुआ है, जो एक सकारात्मक अल्पकालिक रुझान को दर्शाता है।

# सोने और चांदी के दाम गिरे

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम आज 456 रुपए गिरकर 97,460 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले इसका दाम 97,916 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,001 कम होकर 1,10,996 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,11,997 पर थी।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,439 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,150 रही, वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,280 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,000 थी। जबकि कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,280 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,000 रही। वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,280 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,000 रही। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है।

# अन्नपूर्ति एटीएम से राशन पाने का डिजिटल और आसान तरीका

नई दिल्ली, वार्ता

आपने पैसे निकालने के लिए एटीएम मशीन का इस्तेमाल किया होगा, लेकिन अब आपको एटीएम मशीन से राशन भी मिल सकता है। डिपार्टमेंट आफ फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन ने 'अन्नपूर्ति एटीएम' की एक वीडियो शेयर की है। इसकी मदद से आप अपने हिस्से का राशन ले सकते हैं।

इससे मशीन की वजह से लोगों राशन की दुकानों पर लंबी-लंबी कतारें पर खड़े होने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस मशीन का ठीक इस तरह इस्तेमाल किया जा सकता है, जैसे पैसे निकालने के लिए एटीएम का उपयोग होता है। इसमें पैसे की गेहूं, चावल और चीनी जैसे अनाज निकलेंगे। डिपार्टमेंट आफ फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन की ओर से सोशल मीडिया पर भी शेयर किए गए वीडियो में बताया है कि यह मशीन 5 मिनट में 50 किलो तक अनाज डिस्ट्रिब्यूट करती है। इससे लोगों का 70 प्रतिशत तक समय



बचता है। यह मशीन ऑटोमैटिक तरीके से राशन डिस्ट्रिब्यूट का काम करती है। यह राशन पाने का एक डिजिटल और आसान तरीका है। यह मशीन राशन डिस्ट्रिब्यूशन से जुड़ी कई परेशानियों को दूर कर सकती है। इसकी मदद से कोई भी शख्स सिर्फ राशन कार्ड नंबर और अंगूठे की मदद से अपने हिस्से का राशन ले सकता है। इस मशीन की वजह से लोगों को सरकारी राशन की दुकान पर खड़े रहकर अपनी बारी आने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा, साथ ही इससे राशन लेने आए लोगों का समय भी बचेगा। इसके अलावा मशीन से अनाज बिखरने से भी बटाएगी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उदयपुर फाइल्स...**

फैसला लेने दिया जाए। गौरव भाटिया ने अदालत से अनुरोध किया कि मंत्रालय को निर्देश दिया जाए कि वह आज ही याचिका पर निर्णय ले और फिर अदालत शुक्रवार को मामले की सुनवाई करे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह अनुरोध खारिज कर दिया और कहा कि मंत्रालय को सभी पक्षों की दलीलें सुनकर फैसला लेने के लिए उचित समय दिया जाना चाहिए। अगली सुनवाई अब सोमवार को होगी।

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार की कार्यवाही पर प्रतिक्रिया देते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने संतोष जताया और कहा कि पीठ में शामिल जजों की टिप्पणियां बहुत महत्वपूर्ण हैं, जो इस मामले की संवेदनशीलता को दर्शाती हैं। भले ही जजों ने खुद फिल्म नहीं देखी, लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट की हिदायतों और फिल्म के कई आपत्तिजनक दृश्यों को हटवाने की कार्रवाई को देखकर अदालत को यह अहसास है कि मौजूदा रूप में फिल्म की रिलीज़ से देश की शांति और कानून व्यवस्था को खतरा हो सकता है। मौलाना मदनी ने कहा कि अदालत की यह टिप्पणी कि फिल्म की रिलीज़ में देरी से कोई नुकसान नहीं होगा, लेकिन अगर रिलीज़ से देश का माहौल बिगड़ा, तो यह बड़ा नुकसान होगा, हमारी कानूनी लड़ाई को सही ठहराती है। उन्होंने विश्वास जताया कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय संविधान और कानून की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए ऐसा फैसला देगा, जो भविष्य में एक मिसाल बनेगा, और उन फिल्म निर्माताओं को सबक देगा जो सांप्रदायिक शक्तियों को खुश करने के लिए समाज में ज़हर घोलते हैं।

इस बीच, मौलाना अरशद मदनी की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत को बताया कि उन्होंने खुद यह फिल्म देखी है और देखने के बाद वे भीतर से हिल गए क्योंकि इसमें एक विशेष समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वाले दृश्य हैं। कपिल सिब्बल ने आग्रह किया कि अदालत को यह फिल्म देखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भी जज यह फिल्म देखेगा, वह इसकी रिलीज़ की अनुमति नहीं देगा। इस पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने हैरानी जताई कि कपिल सिब्बल ने फिल्म देखी है। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि अभी के हालात में मामला उन याचिकाकर्ताओं के पक्ष में ज्यादा मजबूत है, जिन्होंने फिल्म पर स्टे की मांग की है, क्योंकि फिल्म के सर्टिफिकेट की वैधता पर पुनर्विचार अभी बाकी है। सुनवाई के दौरान अदालत ने फिल्म निर्माता और कन्हैयालाल के बेटे को सुरक्षा देने के लिए पुलिस कमिश्नर से संपर्क करने का आदेश भी दिया। अदालत ने मोहम्मद जावेद की याचिका पर भी सुनवाई की, जो कन्हैयालाल हत्याकांड में आरोपी हैं और उन्होंने भी फिल्म की रिलीज़ के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी ने अदालत को बताया कि फिल्म में न केवल एक समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाई गई है, बल्कि न्यायपालिका पर भी आपत्तिजनक टिप्पणियां हैं। इसके अलावा, फिल्म में ज्ञानवापी और कन्हैयालाल हत्याकांड जैसे मामलों का ज़िक्र भी किया गया है, जो अभी अदालत में विचाराधीन हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म की रिलीज़ निष्पक्ष ट्रायल को प्रभावित कर सकती है। फिल्म निर्माता के वकील गौरव भाटिया ने कोर्ट से अनुरोध किया कि शुक्रवार को मामले की सुनवाई की जाए, लेकिन दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि फिल्म की रिलीज़ में देरी से कोई नुकसान नहीं होगा, लेकिन अगर इससे देश की शांति प्रभावित हुई, तो यह ज्यादा बड़ा नुकसान होगा। अदालत ने कहा कि हो सकता है कि केंद्र सरकार फिल्म से और भी आपत्तिजनक दृश्य हटवाए, जिसके खिलाफ निर्माता कोर्ट का रुख कर सकते हैं। इसलिए पहले सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को फैसला लेने दिया जाए।

**अकबर क्रूर...**

फतेहपुर सीकरी में एक अनुवाद विभाग स्थापित किया और महाभारत (जिसे रज्मनामा कहा गया), रामायण, भगवद गीता और पंचतंत्र जैसी हिंदू कृतियों का फारसी में अनुवाद करवाया। अकबर के उत्तराधिकारी जहांगीर और शाहजहां को किताब में कला और वास्तुकला का संरक्षक कहा गया है। शाहजहां को ताजमहल के निर्माण के लिए विशेष रूप से याद किया गया, लेकिन ये भी बताया गया कि शाहजहां की बीमारी के बाद उत्तराधिकार की लड़ाई में औरंगजेब ने अपने भाई दारा शिकोह को मार दिया और अपने पिता को बंदी बना लिया।

किताब में बनारस, मथुरा और सोमनाथ में मंदिरों को तोड़ने और जैन, सिख, सूफी और पारसी समुदायों पर अत्याचार की घटनाओं का भी जिक्र है। इस बारे में एनसीईआरटी के एक अधिकारी ने कहा कि इतिहास की घटनाओं को मिटाया या नकारा नहीं जा सकता, लेकिन आज किसी को उनके लिए दोषी ठहराना गलत होगा। सत्ता की लालसा, अत्याचार या गलत महत्वाकांक्षाओं की शुरुआत को समझना ही ऐसा भविष्य बनाने का सही तरीका है, जहां ये घटनाएं दोबारा न हों।

### उच्च न्यायालय ने पॉक्सो एक्ट के दुरुपयोग पर की सख्त टिप्पणी

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बच्चों की लैंगिक उत्पीड़न से हिफाजत के कानून (पॉक्सो एक्ट) के दुरुपयोग के मामले में सख्त टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि संपत्ति हड़पने या संपत्ति विवादों को लेकर परिवार के लोगों के खिलाफ बच्चों के लैंगिक उत्पीड़न समेत गंभीर आरोप लगाने का आमतौर पर काफी चलन हो गया है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने दुष्कर्म समेत पॉक्सो एक्ट के आरोपों वाले मामले में नौ साल जेल में बंद सजायाफ्ता व्यक्ति की अपील मंजूर करके तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। न्यायाधीश सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने यह फैसला हरदोई के राम सनेही की जेल से भेजी गई अपील को मंजूर करके दिया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भाजपा सरकार में बढ़ा अन्याय और भ्रष्टाचार

## पुलिस के उत्पीड़न से गरीब कर रहे आत्महत्याः अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादीक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर करारा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश में अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने प्रदेश की पुलिस को पूरी तरह निरंकुश बना दिया है, जिसके चलते गरीबों को न्याय नहीं मिल रहा और पुलिस की प्रताड़ना के कारण लोग आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस पुलिस पर आम जनता की रक्षा की जिम्मेदारी है वही पुलिस आज गरीबों पर जुल्म कर रही है और भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद से पुलिस पर फर्जी एनकाउंटर, वसूली और लूट के गंभीर आरोप लग रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार पुलिस का



दुरुपयोग अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए कर रही है। चुनावों में पुलिस का इस्तेमाल कर मतदाताओं को डराया जा रहा है, वोटिंग के दिन फर्जी मतदान कराया जाता है और विरोधी दलों के कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जाते हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या पुलिस का यह आचरण पुलिस सेवा नियमावली का खुला उल्लंघन नहीं है? उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पूरे पुलिस सिस्टम को खराब कर दिया है और इसका सीधा नुकसान गरीब जनता को भुगतना पड़ रहा है। फर्रूखाबाद की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां थाने से छूटे एक युवक ने आरोप लगाया कि सिपा. हियों ने उसे छोड़ने के बदले पचास हजार रुपये मांगे, जिससे आहत होकर उसने आत्महत्या कर ली। कानपुर में हाल ही में एक पशु व्यापारी से पैसे लूटने के मामले में ग्यारह सिपाहियों को निलंबित किया गया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पुलिस व्यवस्था बर्बाद हो चुकी है और आज उत्तर प्रदेश हिरासत में मौत के मामलों में देश में सबसे ऊपर पहुंच गया है। सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा सरकार में फर्जी एनकाउंटर और हाफ एनकाउंटर के नाम पर कई निर्दोषों की जिंदगी बर्बाद कर दी गई। भाजपा की भ्रष्ट सरकार ने उत्तर प्रदेश को हर क्षेत्र में पीछे धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि समा. जवादी सरकार ने अपने कार्यकाल में पुलिस व्यवस्था सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए थे, पुलिस का आधुनिकीकरण किया था, राजधानी लखनऊ में देश का सबसे बेहतरीन पुलिस मुख्यालय बनवाया था और पुलिस को आधुनिक सुविधाएं दी थीं। समाजवादी सरकार ने डायल सौ सेवा शुरू की थी जिससे बिना थाने गए पीड़ितों को त्वरित न्याय मिलने लगा था, लेकिन भाजपा ने उसे एक सौ बारह सेवा में बदल कर पूरी कानून व्यवस्था का चेहरा ही बिगाड़ दिया है, अब जनता को न्याय नहीं मिल रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा के शासन से परेशान हो चुकी है और अब तय कर चुकी है कि दो हजार सत्ताइस के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर कर अन्यायी शासन का अंत करेगी।

# लखनऊ में करोड़ों की साइबर ठगी का भंडाफोड़, आठ को पकड़ा

## टेलीग्राम नेटवर्क से रुपये चीन भेजते थे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी साइबर सेल ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ठगी गिरोह का खुलासा किया है, जो टेलीग्राम नेटवर्क के जरिए देशभर में लोगों से करोड़ों रुपये की साइबर ठगी करता था।

पुलिस ने राजधानी के डीएलएफ इलाके से आठ युवकों को गिरफ्तार किया है जो फर्जी बैंक खातों के जरिए लोगों से ठगी कर रुपयों को क्रिप्टोकरेंसी यूएसडीटी में बदलकर चाइनीज फ्रॉडस्टरों को भेजते थे। इन युवकों की पहचान राहुल सोनकर उम्र बाईस वर्ष निवासी प्रथम मदेयगंज त्रिवेणी नगर, राज रावत उम्र इक्कीस वर्ष निवासी प्रथम मदेयगंज, मोहम्मद सलमान उम्र अठाईस वर्ष निवासी इरादतनगर डोलागंज, देवांश शुक्ला उम्र उन्नीस वर्ष निवासी सआदतग. ंज, मौजिन उम्र इक्कीस वर्ष निवासी सआदतगंज, फैजान उम्र इक्कीस वर्ष निवासी ठाकुरगंज, अंकित यादव उम्र बाईस वर्ष निवासी फैजुल्लागंज मदेयगंज और करण रावत उम्र उन्नीस वर्ष निवासी तिलक विहार कॉलोनी मदेयगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने इन युवकों के पास से सोलह मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, एक टैबलेट, एक लाख पचासी हजार रुपये नकद, तीन चेकबुक, एक पासबुक और चार वाहन बरामद किए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गिरोह सोशल मीडिया के जरिए निवेश और लॉटरी के झांसे में फंसाकर लोगों से बैंक खातों में रुपये मंग. वाता था। यह रकम पहले फर्जी खातों के माध्यम से अलग-अलग खातों में ट्रांसफर की जाती थी, फिर इन्हीं खातों से नकद निकासी कर क्रिप्टोकरेंसी में बदला जाता था। आरोपी टेलीग्राम नेटवर्क के जरिए अपने विदेशी हैंडलरों से संपर्क में रहते थे और ठगी के पैसों को यूएसडीटी के जरिए चाइनीज फॉडस्टरों तक पहुंचाते थे। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि गिरोह ने कुछ ही महीनों में करोड़ों रुपये की ठगी की है।

# शासन ने नगर निकायों पर सख्त रुख अपनाया

### तीन जिलों में लापरवाही और अनुशासनहीनता पर कड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नगर विकास विभाग ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तीन अलग-अलग जिलों के नगर निकायों में लापरवाही, अनुशासनहीनता और नियमों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर सख्त कार्रवाई की है।

शासन स्तर पर हुई इस कार्रवाई में शाहजहांपुर, मुजफ्फरनगर और अलीगढ़ में अधिकारियों की भूमिका को लेकर जांच और विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही के निर्देश जारी किए गए हैं। शाहजहांपुर में नगर पंचायत कांट की अध्यक्ष मुनरा बेगम के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की गई है। आरोप है कि वह लगातार बोर्ड की बैठकों में अनुपस्थित रहीं और अपने प्रतिनिधि रईस मियां को ऑडियो कॉल के जरिए बैठक में शामिल कराती रहीं। वर्ष दो हजार चौबीस और दो हजार पच्चीस में चौदह बैठकें ऐसी हुई जिनमें वह स्वयं उपस्थित नहीं रहीं। जिला. धिकारी शाहजहांपुर को भेजी गई जांच रिपोर्ट में इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का उल्लंघन माना गया है और उनके विरु( कारण बताओ नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई की संस्तुति की गई है। मुजफ्फरनगर में नगर पालिका परिषद के कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार के खिलाफ गंभीर आरोपों में विभागीय जांच शुरू की गई है। उन पर उच्चाधिकारियों के प्रति अनुचित व्यवहार, आदेशों की अनदेखी, महिला अधीनस्थ अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार और सार्वजनिक कार्यों में बाधा पहुंचाने जैसे आरोप हैं। शासन ने अपर आयुक्त प्रशासन, सहारनपुर मंडल को जांच अधिकारी नियुक्त कर पुलिस अधिनियम और अनुशासन नियमों के तहत अनुशासनिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अलीगढ़ में उप नगर आयुक्त अमित कुमार सिंह पर कार्यालय से लगातार अनुपस्थित रहने और गृहकर वसूली, प्रमाण पत्र निर्गमन, अतिक्रमण, सफाई और आईजीआरएस से संबंधित जिम्मेदारियों में लापरवाही बरतने का आरोप है। शासन ने इन गंभीर मामलों को संज्ञान में लेते हुए अपर आयुक्त प्रशासन, अलीगढ़ मंडल को जांच अधिकारी नियुक्त कर विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं।

## सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम हालूपुर निवासी आकाश उम्र 27 वर्ष बुधवार को झरेखापुर स्थित पेट्रोल पंप पर गए थे। वहां से वापस जाते समय सीतापुर - लखीमपुर मार्ग पर एक पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार आकाश गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद पिकअप चालक पिकअप छोड़कर मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी।परिजन तत्काल उसे निजी वाहन से इलाज के लिए अस्पताल लेकर चले गए। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया घायल का इलाज चल रहा है, तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाई की जाएगी।

# पर्यटन को वैश्विक स्तर पर ले जाने की तैयारी

### विधायकों के सुझावों पर जोर, पर्यटन मंत्री जयवीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने के लिए सरकार ने अपनी तैयारी तेज कर दी है।

गोमती नगर स्थित पर्यटन भवन में आयोजित वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु गठित पर्यटन स्थायी समिति की बैठक में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विधायकों से सुझाव आमंत्रित करते हुए कहा कि प्रदेश को विदेशी पर्यटन में पहले स्थान पर लाने के लिए जनप्रतिनिधियों के परामर्श का पूरा सम्मान होगा और उनके सुझावों को धरातल पर साकार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन में पहले स्थान पर है, अब विदेशी पर्यटन में भी शीर्ष पर लाना प्राथमिकता है।

बैठक में उपस्थित विधायकों ने प्रदेश में पर्यटन के तेजी से हो रहे विकास पर संतोष जताया और कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। आगरा से विधायक भगवान सिंह कुशवाहा, सि(ार्थनगर से श्यामलाल राही, कुशीनगर से मनीष कुमार उर्फ मंटू, कानपुर से श्रीमती नीलिमा कटियार, प्रयागराज से हर्षवर्धन बाजपेयी, मिर्जापुर से रमाशंकर सिंह, सहारनपुर से उमर अली खान, आजमगढ़ से कमलाकांत राजभर उर्फ पप्पू, चित्रकूट से अविनाश चंद्र द्विवेदी और अयोध्या से वेद प्रकाश गुप्ता बैठक में मौजूद रहे। इन विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र में कराए गए पर्यटन विकास कार्यों की जानकारी दी और नए स्थलों के विकास हेतु सुझाव दिए। बैठक में विधायकों ने कहा कि आज प्रदेश के हर क्षेत्र में पर्यटन विभाग का कार्य दिख रहा है। अवस्थापना सुविधाओं के विकास के साथ धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के कायाकल्प से न केवल श्र(ालुओं की संख्या बढ़ी है बल्कि कारोबारियों की आय में भी इजाफा हुआ है और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। अयोध्या में श्रीरामलला की प्रतिष्ठा, काशी विश्वनाथ धाम का विस्तार और महाकुंभ-2025 जैसे आयोजनों ने उत्तर प्रदेश को विश्व पर्यटन मानचित्र पर स्थापित किया है। बैठक में विधायकों ने ईको टूरिज्म, जल आधारित पर्यटन, अभ्यारण्य और पक्षी विहार को बढ़ावा देने, बुंदेलखंड की वन संपदा के विकास और विरासत वृक्षों के संरक्षण के सुझाव दिए। वेलनेस सेंटर, नेचुरोपैथी और स्टोरी टेलिंग के जरिए धार्मिक स्थलों की नई पहचान बनाने पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने सीएम फेलोशिप के विज. ेताओं को टैबलेट और प्रमाण पत्र वितरित किए। पर्यटन विभाग की ओर से पर्यटन नीति 2022 के तहत निवेश आकर्षित करने और विभिन्न छूटों की जानकारी दी गई। बैठक में विदेशी पर्यटकों को वेलनेस टूरिज्म से जोड़ने और चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने पर भी विचार किया गया। बैठक में विशेष सचिव ईशा प्रिया, पर्यटन सलाहकार जेपी सिंह, संयुक्त निदेशक वीरेश कुमार, प्रीति श्रीवास्तव, वित्त नियंत्रक सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# ऑर्गेनिक खेती कर उन्नतिशील बने किसानः डॉ. आरपी

## किसानों की बैठक कर दी धान की पैदावार बढ़ाने की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इन्हौना अमेठी।** स्थित महरा. जगंज सड़क मार्ग पर यश त्रिवेदी प्रतिष्ठान पर दयाल कंपनी के आर एम डाक्टर आरपी सिंह, क्लस्टर इंचार्ज विवेक सिंह ने बुधवार को अपराह्न तीन बजे किसान दिवस के अवसर पर सैकड़ों किसानों की बैठक सम्पन्न हुई।



जिसमें कंपनी के आर एम आरपी सिंह ने बैठक में उपस्थित किसानों को धान की पैदावार बढ़ाने के लिए दयाल कंपनी के उत्पाद प्रयोग किए जाने की जानकारी दी। श्री सिंह ने किसानों को उन्नतशील खेती किये जाने की विस्तृत जानक. ारी दिया उन्होंने कहा कि किसान आर्गेनिक खेती कर खुशहाल बने। क्लस्टर इंचार्ज विवेक सिंह ने किसानों को जागरूक करते हुए असली और नकली रासायनिक खाद के बारे में जानकारी दी घ। कंपनी के सहयोगी सदस्यों में अभय सिंह, आलोक कुमार मिश्रा, ऋषिकेश पाठक ने कंपनी के सभी उत्पादों के बारे में विस्तार से जानक. ारी दिया और फसल में कब और कैसे प्रयोग करें यह भी जानकारी दिया जैसे - मोनो जिंक, ह्यूमिक फर्ट, सुपर एक्शन अमृत जी धान प्रधान, नैनो सल्फ, वेजमोर, अनमोल खाद, पौध अमृत इत्यादि के प्रयोग और उसके प्रभाव की जानकारी दिया।

इस मौके पर राम किशोर त्रिवेदी बब्लू भैया, शिव कुमार तिवारी, राजू तिवारी, पुतान त्रिवेदी, हरीश, बच्चन मिश्र, देव शंकर, मोव समीम, मोव वैश्य सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे। प्रतिष्ठान के मालिक यश त्रिवेदी ने बैठक में उपस्थित सभी किसानों तथा दयाल कंपनी के अधिकारियों का आभार जताया।

## चोरी के माल के साथ तीन शातिर गिरफ्तार

**सीतापुर।** हरगांव थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में छापेमारी की इस दौरान पुलिस ने इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम परेवा निवासी ओमकार पुत्र परागी, प्रमोद अवस्थी पुत्र रजनीश अवस्थी तथा हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम झरिया निवासी आकाश नट पुत्र राकेश कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि तीनों शातिर अपराधी हैं। पुलिस ने उनकी निशानदेही से चोरी से सम्बन्धित कुल 3,900 रुपये की नकदी, 1 जोडी पायल, 2 जोडी बिछिया, 1 लोहे की राड ,1 लोहे की हथौड़ी, 1 अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस का कहना है पुलिस ने तीनों आरो. पियों को न्यायालय में पेश किया है।

# विकास भवन सभागार में आयोजित हुआ किसान दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** शासन की मंशा के अनुरूप बुधवार को विकास भवन सभागार में माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

किसान दिवस में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों की समस्याओं व सुझावों को गंभीरता से सुना गया तथा मौके पर ही उनके समाधान हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान किसानों को शासन द्वारा संच. ालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। उन्हें



जैविक व प्राकृतिक खेती के लाभों के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उन्नत खेती करने के सुझाव भी दिए गए।

कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को फसल सुरक्षा, कीट एवं चूहे नियंत्रण, तथा फसल उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनपद के प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ लेकर खेती में नवाचार किया और अच्छा लाभ अर्जित किया।

# वाराणसी जिले में जेल में निरुद्ध युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

### परिवार ने जेल प्रशासन पर लगाया हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** वाराणसी जिला जेल में निरुद्ध युवक मोहित सिंह उर्फ आशुतोष सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक आशा हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन वाराणसी की अध्यक्ष रीता सिंह का पुत्र था। परिजनों ने जेल प्रशासन पर हत्या का आरोप लगाते हुए दोषियों की गिरफ्तारी और न्याय दिलाने की मांग की है।

जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने के कारण मौत के संकेत मिले हैं। आरोप है कि जेल के भीतर तकिए से चेहरा दबाकर युवक की हत्या की गई। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने इस घटना पर कड़ा रोष जताया है। परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्यायिक जांच और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने पत्र में कहा कि मोहित की आज जेल से रिहाई होनी थी, लेकिन अचानक उसकी मौत की खबर आ गई। घटना की जानकारी मिलते ही आशा हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन की अध्यक्ष कुसुम लता यादव आशाओं के साथ वाराणसी पहुंचीं। संयुक्त परिषद के वाराणसी मंडल अध्यक्ष रमेश चंद्र राय, कार्यवाहक अध्यक्ष निरंजन कुमार श्रीवास्तव और जनपद शाखा अध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव भी कबीरचौरा अस्पताल से पोस्टमार्टम हाउस तक परिजनों के साथ मौजूद रहे। परिषद ने दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही मृतक परिवार को बीस लाख रुपये की आर्थिक सहायता और एक परिजन को सरकारी नौकरी देने की मांग की गई है। संयुक्त परिषद महामंत्री अरूणा शुक्ला ने लखनऊ मे इस पूरे घटना क्रम की जानकारी में कहा कि कर्मचारियों और उनके परिवारों के खिलाफ लगातार हो रही घटनाएं चिंता का विषय हैं।

## तहसील परिसर में बढ़ेगी हरियाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** तहसील बिसवां का प्रांगण अब वृक्षों से सुसज्जित होगा। इसकी पहल उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने की है। तहसील प्रांगण में बड़ी संख्या में पौधों का रोपण किया गया है। इस दौरान गमले में भी पौधे लगाए गए हैं। इस पहल में अधिवक्ता भी सहयोग दे रहे हैं। पर्यावरण तथा प्रकृति के प्रति लगाव रखने वाली उप जिला अधिकारी की पहल को सभी ने सराहा है। जहां आज पेड़ कटान के चलते, पर्यावरण में बदलाव आ रहा है। आज तमाम पक्षी भी धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहे हैं। परंतु बिसवां तहसील में ऐसे दुर्लभ पक्षी आपको पेड़ों पर देखने को मिल जाएंगे। चाहे वह गिलहरी हो या फिर कोयल कीआवाज आपको सुनने को मिलेगी।

# उप्र में स्कूल मर्जर के खिलाफ सड़क पर उतरे सपा के कार्यकर्ता

### हजरत गंज से विधानसभा घेरने जाते सपाईयों को पुलिस ने हिरासत में लिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हजारों सरकारी विद्यालयों के जबरन मर्जर के खिलाफ आज राजधानी की सड़कों पर समाजवादी पार्टी के युवा सिपाही उतरे।

हजरतगंज चौराहे पर समा. जवादी युवजन सभा और छात्र सभा के सैकड़ों कार्यकर्ता सुबह से जुटने लगे और दोपहर होते-होते नारेबाजी के साथ विधानसभा कूच की घोषणा कर दी। सरकार विरोधी नारों से हजरतगंज चौराहा गूंज उठा। कार्यकर्ताओं के हाथों में पोस्टर थे, जिन पर लिखा था 'पाठशाला नहीं मधुशाला चाहिए इस सरकार का हम स्कूल बचाएंग गरीब के बच्चों का हक छीनना बंद करो'। रूप्रदर्शन में जय प्रताप सिंह यादव, राम प्रकाश मौर्या, उदय सिंह और ज्ञानेंद्र जैसे प्रमुख युवा कार्यकर्ता सबसे आगे थे। उनके नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने सड़क पर बैठकर सरकार की नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोला। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि सरकार पढ़ाई-लिखाई के स्कूल बंद कर शराब की दुकानें खोल रही है, सरकारी स्कूलों को बंद कर गरीब बच्चों से शिक्षा छीनने की साजिश हो रही है। छात्रों ने कहा कि प्रदेश में नयी भर्तियां बंद हैं, रोजगार की व्यवस्था ठप पड़ी है और अब गरीब छात्रों के लिए बची-खुची शिक्षा व्यवस्था पर भी हमला किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने जब विधानसभा की ओर कूच का प्रयास किया तो पुलिस ने चारों तरफ से घेराबंदी कर दी। भारी पुलिस बल की तैनाती के बावजूद प्रदर्शनकारी सड़क पर डटे रहे और नारे लगाते रहे। गिरफ्तारी के दौरान जगह-जगह तीखी झड़पें भी देखी गईं। समाजवादी युवजन सभा के युवाओं का कहना था कि प्रदेश सरकार गरीब, पिछड़े और वंचित समाज के बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। पहले स्कूल खोले गए थे, आज उन्हें बंद किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य शिक्षा को आम जनता से दूर करना है ताकि युवा पढ़-लिखकर सरकार से सवाल न पूछें।

युवाओं ने चेतावनी दी कि समाजवादी पार्टी और उसके सिपाही गरीब बच्चों की शिक्षा के हक को छिनने नहीं देंगे और जब तक स्कूलों की बंदी का आदेश वापस नहीं लिया जाता, आंदोलन जारी रहेगा। आज के प्रदर्शन में शामिल रहे युवाओं और छात्रों का कहना था कि यह लड़ाई शिक्षा बचाने की है।

# मातमी माहौल में निकाला ताजिया जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** औरंगाबाद कस्बे में मुहर्रम की 19,20 तारिख बड़ी सिद्दत के साथ मनाई गई।, हमेशा की तरह इसबार भी मुहर्रम की 19 तारीख को लोगो ने ताजिया रखकर अपनी मन्नते व मुल्क़ के लिये दुआ मांगी। ताजिया शाही तरीके के साथ निकाला जाता है। ढ़ोल , नककाड़े , ताशी सुनने के लिये लोगो की भीड़ जुटी रही। मंगलवार की रात लोगो ने ताजिया रखा। जगह-जगह सजावट की गई। बड़ी-बड़ी झांकिया बनाई गई।

छोटे-बड़े खूबसूरत ताजिया 10 बजे रात चौक पर रखे गए। ताजिया व झांकियां देखने के लिए लोग पूरी रात चलते रहे। इस पर्व को हिन्दू-मुश्लिम एक साथ मनाते है। हिन्दू धर्म के लोग भी ताजिया रखकर दुआ मांगते है , पूरी रात लोग जागकर रोज़ा रखकर कुरानख्वानी व तिलावत की ।बुधवार को सुबह 10 बजे गढ़ी



का बड़ा ताजिया उठाकर लोग क़दीमी रास्तो से निकाला। बड़ा ताज़िया उठाकर खंगाल मोहल्ला व खिन्नी मोहल्ला पहुंचा जुमा नमाज़ मुकम्मल की गई, नमाज़ बाद ताजिया का जुलूस खंगला मोहल्ला , खिन्नी मोहल्ला से बारादरी , किला मोहल्ला , जोशियांना , से पुरानी बाजार, से देर शाम कमईपुर पहुंचा। जहां से ईशा की नमाज़ पढ़कर देर रात जुलूस वापस औरंगाबाद आया। जुलूस में सैकड़ो अकीदतम. ंद शामिल हुए। लोग जुलूस के साथ मर्शिया , नोहे भी पढ़ते रहे। फिर देर रात ताजिये कर्बला पहुंचे जहां सभी ताजिया को सुपर्द-ए-खाक किये गए, फिर रात 10 बजे के बाद बड़ा ताजिया खंगला मोहल्ला से खिन्नी मोहल्ला होकर कर्बला पहुंचता है जहां पर मर्शिया, सलाम , मुल्क हिफ़ाजत के लिये दुवाए पढ़ी गई। इस मौके पर अकील मियां, शहनवाज मिर्जा, साजिद अली, आकिब रब्बानी , असलम अहमद , मोनू अली , शेखू अली , फुरकान बेग , फहद बेग आदि मौजूद रहे।

# किसान दिवस में सीडीओ से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में गत माह के किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों की निस्तारण स्थिति से जिला कृषि रक्षा अधिक. ारी द्वारा अवगत कराया गया।

बैठक में किसानों एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि बाजार में यूरिया एवं डीएपी कम मात्रा में उपलब्ध है, जिससे किसानों को काफी परेशानी हो रही है। इसके क्रम में जिला ख्रषि अधिकारी, सीतापुर के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद की लगभग समस्त साधन सहकारी समितियों पर उर्वरक उपलब्ध करा दिये गए



है। जिला ख्रषि अधिकारी ने किसानों से कहा कि आप लोग अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों का क्रय करें एवं खेत में संस्तुत मात्रा में ही उर्वरक का उपयोग करें। अनावश्यक किसी भी प्रकार के उर्वरकों का भण्डारण न करें। यदि जनपद में कहीं भी उर्वरकों का विक्रय निर्धारित मूल्य से अधिक मात्रा में या किसी अन्य सामग्री को टैग करके किया जा रहा है तो उसकी सूचना तत्काल ख्रषि विभाग के अधिकारी को दे, उस पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी। किसान उर्वरक या अन्य कृषि से सम्बन्धित सामग्री जैसे बीज, कीटनाशक का क्रय करते समय विक्रेता से बिल अवश्य प्राप्त कर लें। यदि कोई विक्रेता बिल देने से इनकार करता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी**। थाना सैद नगली के रहने वाले मौ आलम अपने साथी अनस के साथ उझारी में आम के बाग में आम देखने आए थे जैसे यह लोग उझारी मौहल्ला सलीम नगर के नजदीक पहुंचे हसनपुर दिशा तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी जिससे आलम की मोके पर मोत हो गई।

थाना सैद नगली के रहने वाले मौ आलम पुत्र रबूआ कुरैशी 24 वर्ष अपने साथी अनस पुत्र ललुआ कुरैशी 16 वर्ष दोनों बाइक से उझारी आ रहे थे बाइक आलम चला रहा था जैसे यह लोग उझारी मौहल्ला सलीम नगर के नजदीक पहुंचे हसनपुर दिशा से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे आलम की मोके पर ही मोत हो गई यह लोग आम का कारोबार करते थे बुधवार की शाम लगभग पांच बजे आम देखने उझारी आ रहे थे जैसे खबर परिजनों को लगी परिवार में को. हराम मच गया मोके पर पहुंचे उझारी चौकी इनचार्ज सतवीर सिंह ने शव का पच नामा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया आलम 4 भाईयों में तीसरे नंबर का है बड़ा भ नाजीम आजम आलम फाजिल एक बहन तरनुम परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

### परिजनों में मचा कोहराम



### प्रेमी समेत चार के खिलाफ मुकदमा

# शादी के नाम पर युवती से बनाए शारीरिक संबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। शादी के नाम पर प्रेमी ने युवती का शारीरिक शोषण किया। जब शादी की बात आयी तो दहेज में बीस लाख रूपये की डिमांड कर दी। आरोपी प्रेमी, उसकी बहन समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करयी गयी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

यह मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। साल 2016 में किसान की बेटी की मुलाकात उसकी तहेरी भाभी के जरिए एक रिश्तेदार की शादी में क्षेत्र के ही गांव नीलोखेड़ी में रहने वाले युवक पिंटू से हुई थी। इसी मुलाकात के बाद दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होने लगी तथा बाद में प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। युवती का आरोप है कि शादी करने की बात कहकर पिंटू ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसाया तथा उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। इसी दरमियान युवती एक बार गर्भवती हुई तो पिंटू ने जल्दी शादी करने का वादा कर उसे दवा खिला दी, जिससे युवती का गर्भपात हो गया। इसके बावजूद दोनों में प्रेम-प्रसंग चलता रहा। आरोप है कि 26 जून 2024 को मिलने के बहाने पिंटू ने प्रेमिका को पाकबड़ा स्थित एक होटल में बुला लिया तथा वहां उसके साथ इच्छा विरुद्ध दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं अश्लील वीडियो बनाने के अलावा आपत्ति. जनक हालत में फोटो खींच लिए। युवती ने जब शादी करने की बात कही तो दहेज में 20 लाख रुपये लिए बिना अपनाने से मना कर दिया। इतना ही नहीं अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामले में आरोपी पिंटू व उसकी बहन रचना के अलावा रिश्तेदार जगत सिंह, चरन सिंह व धर्मवीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# गंगा धाम तिगरी में फिर बढ़ा जलस्तर, 200 मीटर पर पहुंच गेज



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गंगा धाम तिगरी में फिर से एक बार जल स्तर बढ़ गया है। बुधवार को यहां का जलस्तर 200 मीटर गेज मापा गया जो की बीते दिन से 20 सेंटीमीटर अधिक है। वही बिजनौर बैराज से लगभग 27 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। बता दें कि मानसून में पहाड़ों पर लगातार बारिश हो रही है। इस कारण पहाड़ों से आ रही नदियां खासकर गंगा में जलस्तर बढ़ा हुआ है। जब हरिद्वार और बैराज में स्थित डैम पर पानी की क्षमता अधिक हो जाती है तो पानी को

### बैराज से छूटा 27 हजार क्युसेक पानी

डाउन स्ट्रीम (निचली धारा) में छोड़ दिया जाता है, जिस कारण पिछले 15 दिनों में गंगा के जलस्तर में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। खादर के गांवों के खेतों में कई दिन से पानी भरा रहने से फसलें खराब होने की कगार पर हैं। बाढ़ खंड विभाग के सिंचाई बाढ़ खंड विभाग की जय सुभाष कुमार ने बताया कि बुधवार को गंगा का जलस्तर 200 मीटर गेज रहा, जो कि मंगलवार से 20 सेंटीमीटर ज्यादा है। उन्होंने कहा कि बाढ़ खंड विभाग की सभी टीमें पूरी तरह से अलर्ट हैं और क्षेत्र के सभी तटबंध पूरी तरह सुरक्षित है।

# शिक्षा मंत्री से मिले शिक्षक विधायक



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** हापुड़ में दिल्ली-लखनऊ हाइवे पर कुछ दिन पूर्व दुर्घटना में घायल हुई प्रदेश की माध्यमिक शिक्षामंत्री गुलाब देवी से मिलने के लिए बुधवार को शिक्षक विधायक डॉ. हरिसिंह ढ़िल्लो और सिद्धार्थ बोर्डिंग एकेडमी के प्रबंधक रविराज सिंह पहुंचे। बता दें कि दुर्घटना के बाद शिक्षा मंत्री का उपचार दिल्ली स्थित एम्स में चल रहा था, स्वास्थ्य में सुधार होने पर उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। अब वे दिल्ली में यूपी सदन के भवन में ठहरी हुई हैं। बुधवार को शिक्षक विधायक डॉ.हरि सिंह ढ़िल्लो व सिद्धार्थ बोर्डिंग एकेडमी के प्रबंधक रविराज सिंह दिल्ली पहुंचे और शिक्षा मंत्री से भेंट करके उनके स्वास्थय लाभ की प्रार्थना की।

# सफाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



### प्रधान नहीं सुन रहा बात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। तालाब के किनारे रह रहे ग्रामीणों को जल भराव एवं गंदगी के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर समस्या का समाधान करने की मांग की है।

जहां एक तरफ देश के प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत मिशन के तहत साफ सफाई रखने का संदेश दे रहे है। वहीं कुछ जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हसनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम नगरिया मुंशी में तालाब स्थित है जिसके किनारे कुछ ग्रामीण अपने मकान बना कर रहते हैं लेकिन तालाब के पानी के कारण मार्ग पर गंदगी व जल भराव की समस्या बनी रहती है। जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान से कई बार इस समस्या का समाधान करवाने की मांग की लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर इस समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो वह उच्च अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याओं को रखेंगे।प्रदर्शन करने वालों में करन सिंह, किशनपाल सिंह, रमेश सिंह, गुलशन सिंह, राजीव सिंह, राकेश कुमार, अंकित कुमार, सुदा देवी आदि मौजूद रहे।

# घरेलू विवाद में युवक ने जहर खाकर जान दी

### बिना पुलिस को सूचना दिए अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। परिजनों के डांटने से परेशान युवक ने जहर खाकर जान दे दी। घटना से घर में को. हराम मच गया। परिजनों ने बिना परिजनों को सूचना दिये शव का अन्तिम संस्कार कर दिया है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। यहां रहने वाले 38 वर्षीय युवक का किसी बात को लेकर परिजनों से विवाद चल रहा था। जिसे लेकर युवक बीते दो-तीन दिन से युवक तनाव में था। बताया जा रहा है कि बुधवार को इसी घरेलू विवाद के चलते 38 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद घर पहुंचे शव का खामोशी से अंतिम संस्कार कर दिया। युवक द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम की जानकारी से पुलिस ने इनकार किया है। इस समय युवा पीढ़ी को परि. जनों की नसीहत बुरी लग रही है। बात-बात पर वह जान दे रहे हैं। यह मामला भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

# बच्चों को कुपोषण मुक्त कराना हमारा कर्तव्य

### पालिका ने बांटी पोषण किट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर पालिका परिषद धनौरा द्वारा बुधवार को एक सराहनीय पहल करते हुए नगर क्षेत्र के कुपोषित और अति कुपोषित (सैम व मैंम) बच्चों को पोषण किट वितरित की गई। यह आयोजन मंडलायुक्त मुरादाबाद के निर्देशों के अनुपालन में किया गया, जिसमें बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने हेतु नगर पालिका और आंगनबाड़ी विभाग ने संयुक्त रूप से कार्य किया।

नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने जानकारी दी कि नगर क्षेत्र की समस्त आंगनबाड़ियों में पंजीकृत कुपोषित बच्चों का पालिका कर्मचारियों से वार्डवार सत्यापन कराया गया। सत्यापन के आधार पर सूची तैयार कर बच्चों को पोषण किट प्रदान की गई। इस किट में बोर्नवीटा, सरसों का तेल, मखाना, गुड़, चना आदि पौष्टिक सामग्री शामिल की गई, जो बच्चों के पोषण स्तर को बेहतर बनाएगी। पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने बताया कि बच्चों को सिर्फ किट ही नहीं, बल्कि उन्हें सरकारी योजनाओं से भी जोड़ने का प्रयास



किया जा रहा है। साथ ही, प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों के वजन और ऊंचाई मापने के लिए मशीने भी जल्द उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक उमेश सैनी, लेखाकार सोनू पिवाल, रामेन्द्र यादव, आरती शर्मा, सभासद दुलीचन्द्र गिहार, राजू बादशाह, आलम शेख, सतीश कुमार, राजेन्द्र सिंह सहित नगर पालिका कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कुपोषित बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभी ने पालिका की इस जनहितकारी पहल की सराहना की।

# रामडोल शोभायात्रा में सुरक्षा चौकचौबंद हो



### कमेटी ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। श्री रामडोल धार्मिक कमेटी ने एसपी को ज्ञापन सौंपा शोभायात्रा के दौरान पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस शोभायात्रा को देखने के लिये भारी भीड़ पहुंचती है। कमेटी के अध्यक्ष कपिल शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने एसपी अमित कुमार आनंद को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि 17 अगस्त को नगर में भव्य रामडोल शोभायात्रा निकाली जायेगी। जिस देखने के लिये बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे आते है। उन्होंने मांग करते कहा कि नगर के मुख्य मार्गो पर अतिरिक्त फोर्स तैनात की जाये। श्री शर्मा ने कहा कि नगर में निकलने वाली शोभायात्रा ऐतिहासिक है। इसमें इस बार भी डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। एसपी ने पदाधिकारियों को भरोसा दिया कि शोभायात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। जबकि सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालो में अजय चतुर्वेदी, सचिन त्रिवेदी, सुभाष शर्मा, राज शर्मा, विवेक शर्मा, मनु शर्मा, मनोज माहेश्वरी, अचल अग्रवाल, अंश अग्रवाल, प्रदीप शर्मा, संजीव गोयल, वरूण माहेश्वरी आदि शामिल रहे।

# बिना पूछे ही बाइक ले जाने पर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा लेने आए गग्रामीण की बाइक को अस्पताल का एक कर्मचारी बिना पूछे ही लेकर चला गया और डेढ़ घंटे बाद लौटा। बाइक स्वामी ने कर्मचारी को खूब खरी खोटी सुनाई और नौबात मारपीट तक आ पहुंची, सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। इस कारण काफी देर तक हंगामे स्थिति बनी रहे, जिसके बाद मामला शांत हुआ। थाना क्षेत्र के गांव सादल्लेपुर निवासी निरंजन बुधवार की सुबह नगर के सीएचसी से दवा लेने आया था। बताते हैं कि अस्पताल का एक कर्मचारी उसकी बाइक को बिना पूछे ही ले गया और डेढ़ घंटे के बाद वापस लौटा। बाइक स्वामी ने उक्त



कर्मचारी को बिना पूछे बाइक ले जाने पर खूब खरी खोटी सुनाई। दोनों के बीच मारपीट की नौबत आ पहुंची। दवा लेने आए लोग भी एकत्र हो गए, वहीं सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गयी। पुलिस ने समझा बुझाकर दोनों पक्षों को शांत किया, समाचार लिखे जाने तक कोई मुकदमा दर्ज होने की सूचना नहीं थी।

# ट्रक की टक्कर से कार सवार चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक कार को टक्कर

### कांकाठेर के पास हुई दुर्घटना

मारकर फरार हो गया। टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गयी और डिवाइडर की रेलिंग को तोड़ते हुए सर्विस रोड पर जा पहुंची। हादसे में कार सवार चारों लोगों को चोट आई। बरेली के मोहल्ला गुर्जर टोला निवासी अनस अपनी मां शमीम की दवा दिलाने के लिए बुधवार की सुबह कार से एम्स दिल्ली जा रहा था। अनस का एक बच्चा और एक रिश्तेदार महिला भी साथ थीं। जब कार कांकाठेर पहुंची तो पीछे से आ रहा ट्रक कार को साइड मारकर फरार हो गया। हादसे में कार सवार समेत चारों लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के किये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया



# 29 साल से फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

### गजरौला में छिपकर रह रहा था आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रजबपुर**। पुलिस ने चोरी के मामले में 29 साल से फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। जेल से छूटकर आने के बाद वह गजरौला में छिपा हुआ था। अदालत ने उसका रेड वारंट जारी किया था। बुधवार को पुलिस ने वारंटी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव कलाली निवासी खुर्शीद के खिलाफ साल 1996 में चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। जेल से छूटकर आने के बाद से वह इस मुकदमे की तारीख पर अदालत में हाजिर नहीं हो रहा था। इसके बाद खुर्शीद परिवार समेत गायब हो गया था, ग्रामीणों को भी उसकी कोई जानकारी नहीं थी। करीब 29 साल से फरार खुर्शीद के अदालत से बीते दिनों रेड वारंट जारी हुए थे। थाना पुलिस तभी से उसकी तलाश कर रही थी, बुधवार को उसके गजरौला के मोहल्ला जलालपुर में छिपे होने का पता चला लिहाजा पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। सीओ ने बताया कि आरा. ेपी खुर्शीद को अदालत में पेश किया गया था, जिसे वहां से जेल भेज दिया गया है।

# खेत से चोरी खम्भे व तार के साथ दबोचा चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं**। थाना बछरायूं पुलिस ने मंगलवार को खेत से खंभे और कांटेदार तार चोरी करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार कर अहम सफलता हासिल की है। पकड़ा गया अभियुक्त वही है, जिसने बीते महीने ग्राम सुल्तानपुर मजरा वाजिदपुर के खेत से बिजली के 7 सीमेन्ट खंभे और चार बंडल कांटेदार तार चुराए थे।

अभियुक्त की पहचान रामवीर पुत्र अन्तराम निवासी ग्राम सुल्तानपुर मजरा वाजिदपुर, थाना बछरायूं के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर चोरी गया पूरा माल बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार रामवीर का आपराधिक इतिहास भी कोई छोटा-मोटा नहीं है। उस पर पहले से ही चोरी तहत केस दर्ज हैं। यानी यह चोरी रामवीर की आदत में शुमार है, न कि कोई इत्तेफाक। किसानों की मेहनत पर डाका डालने वाला अब सलाखों के पीछे। 21 जून को वादिनी ने खेत से खंभे व तार चोरी की शिकायत की थी, जिस पर पुलिस ने मु.अ.सं. 180/2025 दर्ज किया था। घटना के बाद से ही पुलिस को उसकी तलाश थी, जो अब जाकर पूरी हुई। इस कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार आनंद, अपर पुलिस अधीक्षक श्री अखिलेश भदौरिया व क्षेत्राधिकारी श्रीमती अंजली कटारिया के निर्देशन में अंजाम दिया गया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में उपनि. रीक्षक अशोक कुमार पाल, हेड कांस्टेबल इरशाद चौधरी, कांस्टेबल राहुल और दीपक नागर की टीम ने पूरी मुस्तैदी से आरोपी को दबोच लिया।

# मौहम्मदाबाद के सामने तुड़वाया अस्थायी डिवाइडर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ब्रजघाट से मौहम्मदाबाद तक दोनों लेन पर कांवड़िए रहेंगे, कांवड़ियों के पथ को सुगम बनाने के लिये पुलिस ने

### कांवड़ियों का पथ होगा सुगम

हाइवे की कार्यदारी संस्था आइ. आरबी के सहयोग से मोहम्मदबाद के सामने हाईवे पर बने अस्थायी डिवाइडर को तुड़वाकर कांवड़ियों के जाने का रास्ता बनाया है।

बता दें कि आगामी 21 जुलाई को सावन माह का दूसरा सोमवार जबकि 23 जुलाई को सावन माह की शिवरात्रि है। इन दोनों ही दिवसों पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिये ब्रजघाट में कांवड़ियों की भारी संख्या रहेगी। ऐसे में




पुलिस के सामने यातायात व्यवस्था, कांवड़ियों की सुरक्षा के बिंदु हैं। कांवड़ियों के पथ को सुगम बनाने के लिये पुलिस ने हाइवे की कार्यदारी संस्था आइआरबी के सहयोग से मौहम्मदाबाद के सामने बने अस्थाई डिवाईडर को तुड़वाया। वहीं शुक्रवार 18 जुलाई से दूसरे चरण का रूट डायवर्जन शुरू हो जाएगा जो कि शिवरात्रि 23 जुलाई तक रहेगा। उसके बाद फिर से कुछ दिन के लिये रूट खुल जाएगा। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिये पुलिस प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है।

# अयोध्या में फिर दिखेगा प्राण प्रतिष्ठा जैसा उल्लास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि परिसर श्री राम मंदिर का निर्माण कार्य नवम्बर पूरा होने की संभावना है। इस अवसर पर 161 फीट ऊंचे शिखर पर ध्वज पताका फहरायी जाएगी।



सूत्रों के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा की तरह शिखर पर ध्वज पताका लगाने का समारोह भी ऐतिहासिक होगा जिसकी भव्यता देखते ही बनेगी और प्राण प्रतिष्ठा की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं श्री राम मंदिर पर ध्वज पताका फहरा सकते हैं। यह समारोह 24, 25 नवम्बर को हो सकता है क्योंकि 25 नवम्बर को विवाह पंचमी है इसी दिन प्रभु श्री राम का विवाह संपन्न हुआ था और यह महोत्सव अयोध्या के सभी मंदिरों में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। सूत्रों की माने तो एक बार फिर अयोध्या ही नहीं बल्कि पूरे विश्व को एक बार पुनः प्राण प्रतिष्ठा की याद दिलाई जाएगी।इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई है। देश-विदेश के संत, धर्माचार्य भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। छोटी-छोटी चीजों का ध्यान रखा जा रहा है। उनकी लिस्टिंग की जा रही है। ट्रस्ट के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा की तर्ज पर मेहमानों की सूची बनाने की तैयारी चल रही है, ताकि कार्यक्रम में कोई कमी न रह जाए। श्रद्धालु घर बैठे इस कार्यक्रम का आनंद ले सकेंगे। इसके लिए भी प्लान बनाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान अयोध्या वासियों को भीड़ से कोई तकलीफ न हो, इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। ध्वज पूजन समारोह के पहले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र सभी सनातनी मंदिरों से अपील कर सकता है कि सभी लोग मंदिर के शिखर पर 25 नवम्बर को नया ध्वज पताका फहराकर अपने-अपने मंदिरों में इस समारोह को पूरी उल्लास के साथ मनाएं और अपने आसपास के लोगों को भी समारोह में सम्मिलित करें। मंदिर की कुल ऊंचाई 203 फीट है। 29 अप्रैल को मंदिर के शिखर पर 42 फीट ऊंचा धर्म ध्वज दंड लगाया गया था। ट्रस्ट के मुताबिक मंदिर का शिखर 161 फीट ऊंचा है। ध्वज लगने के बाद मंदिर की ऊंचाई 203 फीट हो गई है। ध्वज दंड का वजन 5-5 टन है और यह पीतल ष्ब्रासष से बना है, 60 कारीगरों ने 7 महीने में तैयार किया है। नवम्बर 2019 में उच्चतम न्यायालय ने राम मंदिर पर अपना ऐतिहासिक फैसला सुनाया, 5 फरवरी 2020 को संसद ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन किया। महंत नृत्य गोपाल दास अध्यक्ष और चंपत राय महासचिव बने ट्रस्ट ने समर्पण निधि कार्यक्रम चलाया जिससे धन इकठा हुआ। पांच अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूमि पूजन किया और मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ। 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की, 5 जून 2025 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा की और अब नवम्बर 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मंदिर के शिखर पर ध्वज पताका फहराएंगे और इसी के साथ श्री राम मंदिर के निर्माण का कार्य संपन्न हो जाएगा।

# जलजीवन मिशन में बनी टंकियां टूट रही हैं: अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुये कहा कि जिलों में अभी तक जल जीवन मिशन योजना में बनी पानी की टंकियां टूट रही है। पाइप लाइने फट रही है। सड़कें दरक रही है। अब तो पुल और पुलिया भी टूट रही है। श्री यादव ने जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड टूट गए है।



हर विभाग और हर कार्य में भ्रष्टाचार और लूट है। निर्माण कार्यों में कमीशनखोरी के कारण कोई काम मानक के अनुसार नहीं हो रहा है। बारिश शुरू होते ही गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का भ्रष्टाचार उजागर हो गया। सात हजार करोड़ से ज्यादा लागत से कई वर्षों में बनी सड़क दरक गई। चित्रकूट में करोड़ों रूपये की लागत से बने पुलों का अप्रोच मार्ग धंस गया। भाजपा सरकार में जनता के पैसे की लूट चल रही है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार में झूठी बयानबाजी और कागजी बैठकों के अलावा कुछ नहीं हो रहा है। भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की कहानी बहुत लम्बी है। अवैध खनन, प्राकृतिक संसाधनों की लूट जारी है। ट्रांसफर-पोस्टिग में हुआ लेन-देन भ्रष्टाचार पहले ही सबके सामने आ चुका है। निवेश परियोजनाओं और इंवेस्ट यूपी की कमीशनखोरी जगजाहिर हो चुकी है। थाने और तहसील पहले से ही भ्रष्टाचार के अडे बन चुके है। श्री यादव ने कहा कि सरकार में ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचारियों को संरक्षण है। लोग त्रस्त हैं। नाले-नालियों की सफाई तक में लूट चल रही है।

# सिरसा नदी के पुनर्जीवन से किसानों के चेहरे खिले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर विलुप्त हो चुकी सिरसा नदी में जल प्रवाह देखकर किसानो के चेहरे चमक उठे हैं। मुख्य विकास अधिकारी शत्रुघन वैश्य ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा जल संकट के समाधान के लिए पुरानी नदियों को पुनर्जीवित करने का विशेष अभियान चलाया गया है।

उसी क्रम में जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देशन में जिला प्रशासन की टीम और नागरिकों के श्रमदान के द्वारा दशकों से बंद पड़ी हुई सिरसा नदी को एक बार फिर पुनर्जीवित करने का काम किया गया है। उन्होंने बताया कि जनसहयोग से बंद पड़ी 108 किलोमीटर की लंबी नदी का पुन. रोद्धार किया गया, जिसका लाभ क्षेत्र के 49 गांव के किसान और ग्रामीणो को मिल सकेगा। बंद पड़ी नदी में एक बार फिर से जल का बहाव देख कर क्षेत्र के लोगों के चेहरे खिल उठे है। क्षेत्र के पानी की संकट के साथ-साथ फसल और पर्यावरण संरक्षण मे सुधार होगा ।नदी के आसपास आने वाले पक्षी जानवर जल का लाभ ले सकेंगे। बंद पड़ी सिरसा नदी के पुनरोद्धार से मुख्यमंत्री का बंद पडी नदियों को दोवारा सिचित योग्य वनाने और पुरानी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने का विजन साकार हुआ है।

# पति की हत्यारी विवाहिता समेत तीन को उम्रकैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश में चित्रकूट जिले की एक अदालत ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने वाली विवाहिता समेत तीन लोगों को उम्रकैद और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह ने बताया कि सात मार्च 2021 को थाना रैपुरा में सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम कपुरी के बाहर करीब 500 मीटर दूर गांव के रास्ते पर शारदा प्रसाद उर्फ अतुल उर्फ भुरैया की हत्या करने के बाद हत्यारे मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गए। इस मामले में मृतक की पत्नी रानू उर्फ रागिनी की तहरीर पर थाना रैपुरा में अज्ञात के विरूद्ध मामला पंजीकृत किया गया था। विवेचना में संदिग्ध मोटरसाइकिल के स्वामी पहाड़ी क्षेत्र के नांदी तौरा गांव के निवासी कन्हैयालाल व देवेन्द्र कुमार का नाम सामने आया। पुलिस ने खुलासा किया कि देवेन्द्र कुमार मृतक का परिचित था। जो एक आपराधिक मामले में करीब दो महीने से गिरफ्तारी से बचने के लिए छिपकर मृतक शारदा के घर में रह रहा था तथा मृतक की पत्नी में दिलचस्पी लेने लगा था। इसके बाद वह करीब एक वर्ष जेल में रहा। जमानत पर जेल से छूटने के बाद पुनः मृतक की पत्नी से बातचीत करने लगा। इसी दौरान मृतक की पत्नी रानू उर्फ रागिनी ने पति के शराब पीने एवं मारपीट करने के कारण देवेन्द्र के साथ रहने के लिए पति को मारने की योजना बनाई। योजना के मुताबिक देवेन्द्र कुमार उर्फ शानू ने अपने गांव के मोटरसाइकिल स्वामी कन्हैयालाल को पैसे का लालच देकर अपनी योजना में सम्मिलित कर लिया। इसके बाद यह लोग ग्राम कपुरी स्थित रानू उर्फ रागिनी के घर गए और रात्रि में तीनों ने मिलकर शारदा की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या को सड़क दुर्घटना का रूप देने के लिए शव को कर्वी-प्रयागराज मुख्य सड़क पर फेंकने के लिए जा रहे थे। इस दौरान कुछ ग्रामीणों को देखकर हत्यारे शव एवं मोटरसाइकिल फेंक कर भाग गए थे। मामले के खुलासे के बाद पुलिस ने हत्यारोपी पत्नी रागिनी उर्फ रानू, प्रेमी देवेन्द्र कुमार उर्फ शानू व कन्हैयालाल उर्फ कंधई को गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम अनुराग कुरील ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर हत्यारा. पी पत्नी रानू उर्फ रागिनी, देवेन्द्र कुमार उर्फ शानू व कन्हैयालाल उर्फ कंधई को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक को 50-50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया।

## एक नजर

### मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के ससुर का निधन

**सुलतानपुर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 98 वर्षीय ससुर व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता, विद्या भारती के पूर्व संगठन मंत्री ब्रह्मादीन यादव का मंगलवार देर शाम उनके सुलतानपुर आवास पर निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही उनके शोक संवेदना व्यक्त करने वाले का तांता लग गया। अंतिम संस्कार मध्य प्रदेश के रीवा में होगा। श्री यादव के निधन की सूचना मिलते ही प्रशासन के अधिकारी उनके विवेकानंदनगर स्थित आवास पर पहुंच गए और अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। उनका अंतिम संस्कार रीवा मध्य प्रदेश में होगा। रात में ही शव रीवा ले जाने की तैयारी है। रीवा श्री यादव की कर्मभूमि है। उनके दो पुत्र और उनका परिवार वहां रहता है। इसके अलावा रीवा में अंतिम संस्कार में मध्य-प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव व उनका परिवार शामिल हो सकेगा। हालांकि मोहन यादव और उन्हीं पत्नी सीमा यादव इस समय विदेश दौरे पर हैं। उन तक सूचना पहुंच गई है। अंतिम संस्कार में शामिल होने की पूरी संभावना है। बीते 22 जून को अचानक तबियत खराब होने पर गंभीर अवस्था में उन्हें सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती है, जिन्हें देखने के लिए मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती सीमा यादव आज सुलतानपुर आईसीयू पहुंची थी। बीते एक सप्ताह पूर्व उन्हें मेडिकल कॉलेज से घर लाया गया था। उनके पुत्र विवेकानंद यादव लगातार उनकी सेवा में लगे थे आज देर शाम करीब सात बजे उन्होंने प्राण त्याग दिए। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले के विवेकानंद नगर मोहल्ले में ब्रह्मादीन यादव अपने पुत्र विवेकानंद यादव के साथ लंबे समय से रह रहे है। विवेकानंद यादव विद्याभारती द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता पद पर कार्यरत है। श्री ब्रह्मादीन यादव बीते 2018 में पैतृक गांव अम्बेडकरनगर जिले के कोर्ट डहवा विधानसभा कटहरी एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। कुछ तबियत बिगड़ी तो पुत्र विवेकानंद यादव ने उन्हें अपने सुल्तानपुर निवास पर रोक लिया। तब से उनकी लगातार सेवा कर रहे हैं। इससे पहले वह रीवा मध्य प्रदेश में मझले पुत्र सदानंद यादव के साथ रहते थे। वह संघ के स्वयंसेवक थे। करीब डेढ़ दशक विश्व हिदू परिषद के धर्म जागरण में अशोक सिंहल के अखिल भारतीय टीम में काम किया।

### राहुल की सुरक्षा में चूक को लेकर शाह को लिखा पत्र

**लखनऊ।** आजाद अधिकार सेना के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने बुधवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र भेज कर लखनऊ में पेशी के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक की घटना में उत्तरदायित्व निर्धारण की मांग की है। उन्होंने पत्र की प्रति मुख्य न्यायाधीश और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी भेजी है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि श्री राहुल गांधी देश के प्रमुख सुरक्षा प्रदत्त लोगों में है लेकिन एमपीएमएलए लखनऊ कोर्ट में उनकी पेशी के दौरान सुरक्षा बलों ने घोर लापरवाही की। इस कारण कोर्ट में सैकड़ो लोग घुस आए। इससे राहुल गांधी की सुरक्षा पूरी तरह से खतरे में पड़ी। साथ ही कोर्ट की मर्यादा भी छिन्न भिन्न हुई। अमिताभ ठाकुर ने इसे गंभीर स्थिति बताते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच कर उत्तरदायित्व निर्धारण की मांग की है। साथ ही उन्होंने भविष्य में किसी वीआईपी की कोर्ट में पेशी के दौरान ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होने के संबंध में समुचित कार्रवाई किए जाने की मांग भी की है। गौरतलब है कि भारतीय सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी के एक मामले में श्री राहुल गांधी एमपी एमएलए कोर्ट में पेश हुये थे। अदालत ने निजी मुचलके पर उनको ज़मानत दे दी थी।

### कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करने में जुटे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय

**लखनऊ।** वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय संगठन को खड़ा करने की कवायद में जुटे हुए हैं । इसी को मूर्त रूप देने के लिए उन्होंने संगठन सृजन अभियान की शुरुआत की है जिससे कार्यकर्तावों और पदाधिकारियों में नई जान फूंक सके। श्री राय आज से लेकर 18 जुलाई तक प्रदेश के कई जिलों में प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह पश्चिम के तीन जिलों मेरठ, अलीगढ़ , झांसी, प्रयागराज और अयोध्या के दौरे पर रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रमों के प्रदेश प्रभारी श्री राजबहादुर के मुताबिक, प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है । अगले चार दिनों तक वह अलग अलग जिलों में होने वाली संगठन की बैठकों में शामिल होंगे और कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेंगे। राजबहादुर ने बताया कि कई जिलों में संगठन की समीक्षा बैठक होनी है । इसकी शुरुआत आज अलीगढ़ से हो रही है। बैठकों में पार्टी को मज़बूत बनाने और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस इस समय हाशिये पर खड़ी है । 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को आशा के अनुरूप सफलता नहीं मिल पाई थी । हालांकि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया था और छह सीटें जीतने में सफल रही थी। कांग्रेस को अमेठी, रायबरेली, प्रयागराज, बारा. बंकी, सीतापुर और सहारनपुर में जीत मिली थी । लेकिन विधानसभा चुनाव में पार्टी केवल दो सीटें रामपुर खास और फरेंदा ही जीत सकी थी।

### लखनऊ विवि के कुलपति आलोक बने आईआईएम कोलकाता के नए निदेशक

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक राय को कोलकाता आईआईएम का नया निदेशक बनाया गया है। उनका कार्यकाल पांच वर्ष तक रहेगा। शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राय को भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम, 2017 (2023 में संशोधित) की धारा 16 (2) के तहत निदेशक नियुक्त किया गया है। लखनऊ विश्वविद्यालय के इतिहास में यह पहली बार है कि कोई कुलपति आईआईएम जैसे केंद्रीय संस्थान में शामिल हो रहा है। यह एक दुर्लभ उदाहरण भी है जब किसी गैर-आईआईएम प्रोफेसर को आईआईएम निदेशक नियुक्त किया गया हो। लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यभार संभालने से पहले, राय बनारस हिदू विश्वविद्यालय में प्रबंधन के प्रोफेसर के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने विभिन्न उच्च-स्तरीय समितियों और पैनलों में कई पदों पर भी कार्य किया।

# अवैध असलहों की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

**चित्रकूट।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चित्रकूट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना मानिकपुर और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन मानिकपुर के पास पैनल वेल्डिंग के सामने रोड पटेल नगर से अवैध असलहों की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।



गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोसिस साल्वी पुत्र डेनियल साल्वी निवासी एक सौ छह राधा कुंडली अपार्टमेंट सूर्य नगर बेलापुर रोड इटावा थाना महाराष्ट्र के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से एक अवैध नाजायज पिस्टल बत्तीस बोर, एक तमंचा तीन सौ पंद्रह बोर, बत्तीस बोर रिवाल्वर के तीस जिंदा कारत. ूस, पिस्टल बत्तीस बोर के इकतीस जिंदा कारतूस, तीन सौ पंद्रह बोर का एक जिंदा कारतूस, नौ एमएम के नौ जिंदा कारतूस, एक ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक ऑफ इंडिया का एक बीजा कार्ड, एक हजार एक सौ चालीस रुपये नगद और रियलमी कंपनी का एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एसपी चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह और क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद के पर्यवेक्षण में पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर जब अभियुक्त को पकड़ा गया तो उसने पूछताछ में कबूल किया कि वह अवैध असलहों की तस्करी करता है और आज बरामद हुए हथियार और कारतूस वाराणसी से लेकर महाराष्ट्र बेचने के लिए ले जा रहा था। अभियुक्त के खिलाफ थाना मानिकपुर में आर्म्स एक्ट की धारा तीन, सात और पच्चीस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी की कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीप्रकाश यादव, एसटीएफ टीम प्रभारी उप निरीक्षक अमित कुमार तिवारी व टीम और उप निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार पांडेय सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# संयुक्त प्रवेश परीक्षा काउंसिलिंग की तिथि बढ़ी

## अब 17 जुलाई तक पूरी कर सकेंगे प्रवेश प्रक्रिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद ने अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए द्वितीय चरण की काउंसिलिंग की तिथियों में आंशिक संशोधन किया है।

परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को संस्था या पाठ्‌यक्रम का आवंटन हुआ है, उनके लिए फीज या फ्लोट विकल्प का चयन करने तथा सीट एक्सेप्टेंस शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि अब बढ़ाकर सत्रह जुलाई दोपहर बारह बजे तक कर दी गई है।

इसके साथ ही अभिलेख सत्यापन की अंतिम तिथि भी सत्रह जुलाई अपराह्न दो बजे तक कर दी गई है। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण की काउंसिलिंग में अब तक बत्तीस हजार तीन सौ निन्यानवे अभ्यर्थियों ने फीज विकल्प जबकि नौ हजार पांच सौ नवासी अभ्यर्थियों ने फ्लोट विकल्प का चयन किया है। इसके अतिरिक्त ग्यारह हजार सात सौ पंद्रह अभ्यर्थी अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर चुके हैं।

# बैठक कर जिला कार्यकारिणी का किया गया गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** अखिल भारतीय पासी समाज सीतापुर की जिला कार्यकारिणी की घोषणा बुधवार को की गई। पासी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा शाखा रंजीत रावत एवं जिला अध्यक्ष सीतापुर रमेश कुमार भार्गव दीपू ने कार्यकरिणी की घोषणा की है।

इस मौके पर शहर के मोहल्ला प्रेम नगर में अखिल भारतीय पासी समाज सीतापुर की एक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष रमेश कुमार भार्गव ने की। बैठक के मुख्य अतिथि रंजीत रावत राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा शाखा, विशिष्ट अतिथि राम कुमार भारतीय प्रदेश उपाध्यक्ष,बी डी वर्मा थे। मुख्य अतिथि रंजीत रावत एवं जिला अध्यक्ष रमेश कुमार भार्गव दीपू ने जिला पदाधिकारी, कार्यकारिणी एवं ब्लाक अध्यक्षों की घोषणा की। सभी सम्मानित पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य, ब्लाक अध्यक्षों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा शाखा ने संगठन को जिला से लेकर तहसील, ब्लाक, न्याय पंचायत, ग्राम पंचायत, बूथ पर गठित किया जाय। संगठन को पूरे जनपद में जगह-जगह बैठक करके पासी समाज को संगठित करने प्रचार प्रसार करने पर बल दिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करने वालों में प्रमुख रूप से बीडी वर्मा पूर्व रीजनल मैनेजर, राम स्वरूप भार्गव, संजय राजवंशी आदि शामिल हैं।

# नौकरी से निकाले जाने से परेशान सफाईकर्मी ने एसिड पिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चिनहट इलाके में सुवेज इंडिया कंपनी में काम करने वाले एक सफाईकर्मी ने नौकरी से निकाले जाने के बाद एसिड पीकर जान देने का प्रयास किया।

घटना के बाद उसे गंभीर हालत में चिनहट के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित सफाईकर्मी दिलीप बाल्मिकी लंबे समय से कंपनी में काम कर रहा था और हाल ही में उसे अचानक काम से हटा दिया गया। परिजनों के अनुसार, वह परिवार का इकलौता कमाने वाला था और नौकरी छूटने के बाद भारी मानसिक दबाव में था। इसी के चलते उसने सोमवार को एसिड पी लिया। परिजन कंपनी प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई और मुआवजे की मांग कर रहे हैं। घटना के बाद सफाईकर्मियों की यूनियन ने भी प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए पीड़ित को बीस लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग की है। यूनियन नेताओं ने कहा कि कंपनी आए दिन कर्मचारियों का शोषण करती है और मनमाने तरीके से निकाल देती है, जिससे सफाईकर्मियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाता है। इस पूरे मामले में सुवेज इंडिया कंपनी के अधिकारियों की ओर से फिलहाल कोई बयान नहीं आया है।

## युवक गंगा में डूबा

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के कोखराज क्षेत्र में बुधवार को साथियों के साथ गंगा स्नान करते समय एक युवक डूब गया जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार नगर पालि. का परिषद भरवारी के शिशुमंदिर कॉलोनी निवासी निखिल (18) आज सुबह अपने तीन चार साथियों के साथ संदीपन घाट गंगा स्नान के लिए गया था। स्नान करते समय निखिल गहरे पानी में चला गया और गंगा में डूब गया सूचना मिलने पर पुलिस मौके में पहुंच कर गोताखोरों की टीम की सहायता से निखिल की तलाश शुरू कर दिया।

## किशोर का हत्यारोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले की टूंडला पुलिस ने मंगलवार सुबह एक सशस्त्र मुठभेड़ में हत्या के आरोपी इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि टूंडला क्षेत्र में विगत 11 जुलाई को एक निर्माणाधीन दुकान से 13 वर्षीय बालक मोहित का शव बरामद किया गया था। परिजनों की तहरीर और क्षेत्रीय सी सी टीवी फुटेज के माध्यम से हत्या के आरोपी दीपक के तौर पर चिन्हित किया था। पुलिस दीपक की तलाश में सक्रिय। मंगलवार सुबह मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर मोहम्मदाबाद रोड पर आरोपी को घेर लिया गया।

# स्वतंत्रदेव ने चित्रकूट के बाढ़ पीड़ितों को दी आर्थिक मदद

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के पौराणिक तीर्थ स्थल चित्रकूट में आई भीषण बाढ़ पर हुए नुकसान को राहत देने के लिये कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बाढ़ पीड़ितों को चार-चार लाख रुपए के चेक एवं 26 प्रकार की किट बांटी। उन्होंने जिलाधिकारी से बाढ़ में हुए नुकसान का आकलन करने की बात कही है।

श्री सिंह ने रामघाट पहुंचकर बाढ़ प्रभावित दुकानदारों, व्यापारियों, किसानों से वार्ता कर हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने दुकानदारों से पूछा कि दुकान का बीमा हुआ है कि नहीं। मंत्री ने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन से कहा कि उपजिलाधिकारियों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का आंकलन कराकर रिपोर्ट प्रेषित करें कि कितनी दुकानों का नुकसान हुआ है। किट वितरण में जनहानि होने पर चार लाख का डेमो चेक एवं 26 प्रकार के किट भी वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि सर्वे के बाद दुकानदार व्यापारी किसान व मजदूर जो भी प्रभावित है उनको तत्काल राहत दिया जाएगा। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री का निर्देश है कि जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता ब्लीचिग पाउडर का छिड़काव व दवाओ की उपलब्धता एवं साफ सफाई की व्यवस्था अच्छी रहनी चाहिए ।बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लोगों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रामघाट स्थित आदि भगवान मतगजेंद्र नाथ का विधिवत पूजा अर्चन जलाभिषेक भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, विधायक मऊ /मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी, अध्यक्ष को ऑपरेटिव बैंक चित्रकूट बांदा चित्रकूट पंकज अग्रवाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नरेंद्र गुप्ता सहित पार्टी तमाम सारे पदाधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# एकलव्य वन से शुरू होगी विशिष्ट वनों की स्थापना

**लखनऊ।** पिछली नौ जुलाई को एक दिन में 37 करोड़ 21 लाख से अधिक पौधे रोपने वाले उत्तर प्रदेश में अब विशिष्ट वनों की स्थापना होगी। राज्य स्तरीय आयोजनों को लेकर वन विभाग ने फाइनल तिथि भी जारी कर दी है। यह कार्यक्रम पूरे वर्षा काल के दौरान चलेगा।

अलग-अलग प्रभागों को राज्य स्तर पर मुख्य आयोजन कर अलग-अलग वन स्थापित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 18 जुलाई को मीरजापुर से एकलव्य वन की स्थापना के साथ ही विशिष्ट वनों की श्रृंखला का आगाज होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य स्तरीय सभी आयोजनों को उत्सव के रूप में मनाने का निर्देश दिया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 'एक पेड़ मां के नाम 2-0' के तहत यह आयोजन उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2025 के वर्षा काल में भी विशिष्ट पौधरोपण की स्थापना व संरक्षण को लेकर वन विभाग मुस्तैद है। सरकार ने इस वर्ष शक्ति वन, एकलव्य वन, ऑक्सी वन, त्रिवेणी वन, अटल वन, गोपाल वन, एकता वन, पवित्र धारा पौधरोपण, भाई-बहन पौधरोपण, शौर्य वन, एक पेड़ गुरु के नाम पौधरोपण के साथ ही अन्य क्रियाकलापों (सहजन भंडारा, औद्योगिक इकाइयों की भागीदारी से रोपण) पर भी जोर दिया है।

## आवारा कुत्तों के आतंक पर बहराइच जिला प्रशासन सख्त

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में आवारा कुत्तों के आतंक पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सख्त रुख अपनाया है। नानपारा तहसील के विकास खंड शिवपुर के थाना खैरीघाट के ग्राम खम्हरिया में 12 वर्षीय बालक को कुत्तों के झुंड द्वारा नोचकर घायल करने की घटना का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को संयुक्त रूप से मौके की जांच करने और आवारा कुत्तों पर प्रभावी रोकथाम लगाने के निर्देश दिए हैं।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में खुला देश का 75वां प्रदेश का 6 वां प्रधानमंत्री दिव्यांशा केन्द्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत देश के 75वें व प्रदेश के 6वें प्रधानमंत्री दिव्यांशा केन्द्र का उद्घाटन मंगलवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज बदायूँ में केंद्रीय राज्य मंत्री बी0एल0 वर्मा द्वारा फीता काटकर व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रजवलन कर किया गया। उन्होंने कहा कि बदायूं में इस केन्द्र की स्थापना से क्षेत्र के दिव्यांगजनों तथा वरिष्ठ नागरिकों को अब स्थानीय स्तर पर ही सहायक उपकरणों की सुविधा सहायता प्राप्त होगी। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री बी0एल0 वर्मा ने कहा कि प्रदेश में जनपद गोरखपुर, कानपुर, लखनऊ, नोएडा व चित्रकूट में प्रधानमंत्री दिव्यांश केंद्र संचालित हैं। मंगलवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज बदायूं में देश का 75वां व प्रदेश का 6वां प्रधानमंत्री दिव्यांश केंद्र खोला गया है, इसका सीधा लाभ दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 से पहले दिव्यांगजनों को सात प्रकार की दिव्यांगता के लिए प्रमाण पत्र मिलते थे लेकिन केंद्र सरकार के प्रयास से अब इसको बढ़कर 21 कर दिया गया है और अब दिव्यांगजनों को 21 प्रकार की दिव्यांगता के लिए



प्रमाण पत्र मिलते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए आरक्षण को 03 प्रतिशत से बढ़ाकर 05 प्रतिशत किया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने विकलांगजनों को दिव्यांगजन नाम दिया और उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांगजनों ने देश का मान बढ़ाया है। पैरा ओलंपिक में ओलंपिक से ज्यादा मैडल जीतकर दिव्यांगजनों ने देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों को समर्पित सरकार है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री दिव्यांशा केन्द्र सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को एक ही स्थान पर सहायक उपकरणों की जांच, मूल्यांकन, परामर्श, वितरण एवं अनुवर्ती सेवाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराना है। इन केन्द्रों की स्थापना मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधीन कार्यरत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के माध्यम से की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह केन्द्र विशेष रूप से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय सरकार की एडिप योजना तथा राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, वैसाखी, श्रवण यंत्र, दृष्टि बाधित हेतु सुगम्य केन, छड़ी, वॉकर, कमोड चेयर, नी-ब्रेस, सै बेल्ट, केलिपर्स, श्रवण मूल्यांकन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराता है। यह केन्द्र दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त, आत्मनिर्भर और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देशभर में 74 प्रधानमंत्री दिव्यांशा केन्द्र संचालित हैं और इस 75वें केन्द्र की स्थापना के साथ यह संख्या एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार कर चुकी है। अब तक 1.40 लाख से अधिक लाभार्थियों को 179.15 लाख रुपये मूल्य के सहायक उपकरणों का वितरण किया जा चुका है। उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री द्वारा एडिप और राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण वितरित किए गए। इन पूर्व चिन्हित लाभार्थियों को एलिम्को द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग आयोजित परीक्षण शिविरों मे चिन्हित किया गया, जिसमे कुल 277 लाभार्थी है जिसमे 70 दिव्यांगजन तथा 207 बुजुर्ग नागरिकों को 1327 सहायक उपकरण वितरित किये जाएंगे जिनकी लागत 31.89 लाख रुपये है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश प्रगति पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में जब मा0 मोदी जी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी तब कहा था कि उनकी सरकार सबका साथ सबका विकास पर कार्य करेगी और 11 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत यह बड़े गर्व से कहा जा सकता है कि सरकार ने सबका साथ व सबका विकास पर कार्य किया। उन्होंने कहा कि जनपद बदायूं में आधा रिंग रोड पूर्ण हो गया है आधे के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री जी प्रयासरत हैं। विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग भी बनाए जा रहे हैं जिसका सीधा लाभ आमजन को मिलेगा। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि अच्छा सोचो तो अच्छा होगा आज नहीं तो कल होगा। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में नेकपुर में छात्रावास का उद्घाटन किया गया, जिससे युवाओं को भविष्य संवारने में सहायता मिलेगी वहीं मंगलवार को प्रधानमंत्री दिव्यांश केंद्र के माध्यम से दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि सरकार हर वर्ग को ध्यान रखकर कार्य कर रही है व योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से बिना भेदभाव के सभी पात्रों तक पहुंचा रही है। इससे पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व जनप्रतिनिधियों ने मेडिकल कॉलेज परिसर में एक पेड़ मां के नाम रोपित कर पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। केंद्रीय राज्य मंत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया व शाल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार व अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी व बड़ी संख्या में दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

## एक नजर

### विश्व हिन्दू महा संघ के बदायूं जिलाध्यक्ष अध्यक्ष बने प्रिन्स देव शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** विश्व हिन्दू महासंघ की बैठक शनिवार को हनुमान मंदिर सोमनाथ नगर में हुई। इसमें प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर नए जिलाध्यक्ष के रूप में बगरैन निवासी प्रिंस देव शर्मा के नाम की घोषणा की अनमोल सिंह नगर



अध्यक्ष बदायूं बनाए गए हैं सभी पदाधिकारी ने माला पहनाकर नए अध्यक्ष का स्वागत किया प्रिंस देव शर्मा ने कहा कि विश्व हिंदू महासंघ योगी आदित्यनाथ के हिंदुत्व व विकास के सपनों को साकार करने के साथ ही ब्रह्मलीन अवैद्यनाथ के सपनों को भी संकल्पित करने का कार्य कर रहा। हिंदू समाज की एकजुटता, छुआछूत व भेदभाव को समाप्त करने के साथ ही समाज के अंतिम पड़ाव पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का कार्य कर रहा है।


**विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com


# विकास खंड आसफपुर क्षेत्र के गांव के मुख्य रास्ते का बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** हाल ही में बीते दिन विकास खंड आसफपुर क्षेत्र के गांव पुरवा खेड़ा में मुख्य रास्ते की बदहाली का दृश्य सामने आया जहां पिछली पंचवर्षीय योजना से ही करीब 10 साल से ग्रामीण कीचड़ व गंदगी भरे वातावरण में रहने को मजबूर हैं । कुछ ऐसी ही तर्ज पर क्षेत्र का रजवाड़ा समझा जाने वाला गांव परसिया में भी मुख्य रास्तों की स्थिति वद से बदतर बनी हुई है जहां गंदा पानी व बेशुमार कीचड़ व दल दल भरे रास्तों से ग्रामीण व राहगीर गुजर रहे हैं । ऐसे में यहां के जिम्मेदार



जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी भी जानबूझकर अनजान बने हुए हैं । मीडिया के कैमरे में कैद कुछ तस्वीरों के मुताबिक गांव परसिया में दल - दल भरे रास्ते से गुजरती कुछ ग्रामीण महिलाएं व राहगीर यहां के संबंधित जनप्रतिनिधियों की ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे हैं । यह जानकारी ग्रामीणों ने मीडिया जगत को दी है ।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की बढ़ाई धनराशि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए धनराशि को 51 हजार प्रति जोड़े को बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति जोड़ा कर दिया है।

अब कन्या के बैंक खाते में 60 हजार रुपए तथा 25 हजार रुपए का उपहार शादी के दौरान वर-वधु को दिया जाएगा तथा 15 हजार रुपए प्रति विवाह आयोजन पर खर्च होंगे। जनपद को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के लिए 784 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि सरकार ने चयन के लिए आय सीमा को भी 02 लाख रुपए से बढ़कर 03 लाख रुपए कर दिया है। उन्होंने बताया कि प्राप्त नए निर्देशों के अनुसार कन्या जनपद बदायूँ की निवासी होनी चाहिए तथा वर किसी भी जनपद का हो सकता है। उन्होंने बताया कि शादी के दौरान वर-वधू की बायोमेट्रिक उपस्थिति भी लेने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। वर-वधु की ओर से 10-10 लोग हो सकते हैं। वर-वधु को दिए जाने वाला 25 हजार रुपए का उपहार शासन स्तर से उपलब्ध कराया जाएगा। जनपद को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के लिए 784 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। नवंबर 2025 में मुहूर्त प्रारंभ होने पर विवाहों का आयोजन कराया जाएगा।

# 29 जुलाई को दिव्यांगजनों के लिए मोबाइल कोर्ट का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम- 2016 की मूल भावना के अनुसार सुदूरवर्ती पिछड़े क्षेत्रों व ग्रामीण इलाकों के लोगों (दिव्यांगजन), जोकि सरकार द्वारा उनके अधिकार एवं सुविधाओं हेतु चलाई जा रही।

योजनाओं व परियोजनाओं से जागरूक नहीं हैं, के मध्य जागरूकता बढ़ाने के लिए व प्रभावी भागीदारी दिलाए जाने एवं उनकी समस्याओं के त्वरित रूप से स्थानीय स्तर पर निस्तारित कराए जाने के उद्देश्य से राज्य आयुक्त द्वारा जनपद



बदायूँ हेतु 29 जुलाई 2025 निर्धारित करते हुए मोबाइल कोर्ट का आयोजन कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने बताया कि 29 जुलाई 2025 को राजकीय महाविद्यालय आवास विकास कॉलोनी में प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जनपद के दिव्यांगजन अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु स्वयं उपस्थित होकर व प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकेंगे। इस कोर्ट में जनपद के समस्त विभागों के सम्बन्धित अधिकारीगण द्वारा भी प्रतिभाग किया जायेगा।

# प्रधान ने चलवाई जेसीबी, ग्रामीणों में आक्रोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती ।** बरसों पुराने घूर के गड्ढे पर रात के अंधेरे में ग्राम प्रधान ने जेसीबी चलवा दी। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर मामले की शिकायत की है। सहसवान विकास खंड की ग्राम पंचायत लोथर में बर्षो से ग्राम सभा की खाली पड़ी भूमि पर ग्रामीणों द्वारा घूर डालने के लिए भूमि का इस्तेमाल किया जा रहा था। लेकिन बीती रात ग्राम प्रधान ने ग्रामीण को बिना किसी सूचना के जेसीबी की मदद से ग्राम सभा की भूमि पर पड़े ग्रामीणों के घूरों को तीतर-बितर कर दिया। घूरों के तितर बितर करने से ग्रामीणों में आक्रोश पनप गया।आक्रोशित ग्रामीण, भुवनेश, सत्यपाल, चंद्रभान, वीरेंद्र, सोनू, रामौतार, विपिन, देवेंद्र, सहित कई ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए जिला अधिकारी सहित मुख्यमंत्री पोर्टल पर मामले की शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# जिला स्तरीय स्थायी समिति की बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद स्तर पर जिला प्रशासन व पत्रकारों के मध्य सौहार्दपूर्ण सम्बंध स्थापित करने तथा प्रेस की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाए रखने के उद्देश्य से गठित जिला स्तरीय स्थाई समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

एडीएम प्रशासन ने कहा कि पत्रकार संविधान का चतुर्थ स्तंभ है इसलिए उनकी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक के दौरान पत्रकारों ने अपना-अपना परिचय दिया तथा रोडवेज बसों में मान्यता प्राप्त पत्रकारों की सुगमता के लिए सूची को सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज को



उपलब्ध कराने के अनुरोध पर एडीएम प्रशासन ने सूची को एआरएम रोडवेज को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए वहीं आयुष्मान कार्ड को ठीक कराने के लिए प्रभारी आयुष्मान कार्ड जिला अस्पताल से समन्वय करने के लिए भी कहा गया। बैठक के समन्वय व जिला सूचना अधिकारी आशुतोष चन्दोला ने बैठक की मूल भावना व उद्देश्य से समिति के सदस्यों को अवगत कराते हुए बताया कि जनपद स्तर पर जिला प्रशासन व पत्रकारों के मध्य सौहार्दपूर्ण सम्बंध स्थापित करने तथा प्रेस की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जाता है, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पदेन सदस्य होते हैं। इसके अतिरिक्त चार मान्यता प्राप्त पत्रकार तथा एक पत्रकार ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रति. निधि के रूप में समिति में नामित होते हैं तथा जिला सूचना अधिकारी इसके सदस्य सचिव होते हैं।

उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में प्रत्येक माह बैठक का आयोजन कराने के निर्देश प्राप्त हुए हैं जिसका अनुपालन कराया जा रहा है। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार पाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि व क्षेत्राधिकारी पुलिस नगर रजनीश कुमार उपाध्याय, मान्यता प्राप्त पत्रकार संजय शर्मा, धारम सिंह, ओम प्रकाश मौर्य, कामिल सिद्दीकी तथा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रतिनिधि के रूप में फिरोज खान मौजूद रहे।

# विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्य वेदराम सिंह का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया की प्रबन्ध समिति के सदस्य नब्बे वर्षीय सदस्य वेदराम सिंह का आज आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर सिद्ध बाबा इंटर कालेज में हुई शोक सभा में श्रद्धाजलि दी गयी। शोक सभा मे कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा,नीरज चौहान,विपलव भारती, रामौतार मौर्य, प्रवीण मिश्रा,डॉ प्रमोद शर्मा, अश्वनी शर्मा, अनमोल उपाध्याय, प्रवेश शर्मा,विपुल प्रताप सिंह,अश्वनी शर्मा बाबू ,यशपाल सिंह,नितिन सहित सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने शोक व्यक्त किया। इधर



सिद्ध बाबा इंटर कालेज की प्रबन्ध समिति की शोक सभा में प्रबन्धक अमित पाठक,उप-प्रबन्ध श्याम पाल पाठक, अध्यक्ष रणवीर सिंह, राजेश कुमार शर्मा,ओमवीर शर्मा, राकेश कुमार शर्मा,नरेंद्र पुरी, सुमित पाठक आदि उपस्थित रहे।

# किसान दिवस में हुआ कृषकों की समस्याओं का निस्तारण, दी योजनाओं की जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कार्यक्रम के बारे में अवगत कराते हुए अपील की कि समस्त किसान फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा ले। किसान फार्मर रजिस्ट्री अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र से या सेल्फ मोड़ से तथा सहायक मोड़ के माध्यम से पोर्टल पर स्वयं कर सकते है। किसान दिवस के दौरान किसान




नरव्रेश सिंह ने गन्ना भुगतान की समस्या रखी जिसके सम्बन्ध में जिला गन्ना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि कृषको के गन्ना का रूका भुगतान जल्दी-जल्दी करा दिया जायेगा। किसान राजेश कुमार सक्सेना ने जनपद में यूरिया व डी0ए0पी0 की जानकारी चाही जिसके सम्बन्ध में जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया की जनपद में किसी भी प्रकार के उर्वरक की कमी नहीं है। किसान चिंरजीव सिंह ने बिजली की समस्या रखी जिस सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता विद्युत द्वारा विस्तार से जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डा0 सौहार्द दुबे द्वारा फसल के कीट रोग की जानकारी विस्तार से किसानों को दी गई। किसान पुष्पेन्द्र ने पशुओं के गला घोटू टीकाकरण की समस्या रखी जिस सम्बन्ध में पशुपालन विभाग के प्रतिनिधि डा0 संजीव कुमार भुईयार द्वारा अवगत कराया की गला घोटू बीमारी का टीकाकरण किसान के घर-घर जाकर पशुओं को नि:शुल्क अभियान चलाकर किया जा रहा है।

उप कृषि निदेशक मनोज कुमार द्वारा किसान दिवस में उपस्थित अधिकारियों एवं किसान बन्धुओं का आभार व्यक्त किया। सम्बंधित विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी किसानों को दी। इस अवसर पर बैक, कृषि, ऊर्जा, सिंचाई, मत्स्य, नलकूप, गन्ना एवं उद्यान विभाग आदि से जुड़े हुए समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक आशुतोष मौर्य के प्रयासों से 11 ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** विधानसभा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को सशक्त और सुचारु बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को गंभीरता से लेते हुए बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य के प्रयास रंग लाए हैं। क्षेत्र के 11 ट्रांसफार्मरों की क्षमता में वृद्धि की गई है।

जिससे हजारों ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।ग्रामीण जूनियर इंजीनियर (जेई) मौ0 मियां कुरेशी ने जानकारी देते हुए बताया कि निम्नलिखित गांवों में ट्रांसफार्मर की क्षमता को बढ़ाया गया है: ग्राम ऐपुरा: 25 केवीए से बढ़ाकर 63 केवीए, ग्राम पृथ्वीपुर: 25 से 63 केवीए, ग्राम पिंदारा: 25 से 63 केवीए, ग्राम ठिरिया: 25 से 63 केवीए, ग्राम सर्वा: 25 से 63 केवीए, ग्राम जसरथपुर: 63 से 100 केवीए, ग्राम मोहम्मदपुर मई: 63 से 100 केवीए, ग्राम स्वरूपुर: 25 से 63



केवीए, ग्राम भानपुर: 63 से 100 केवीए, ग्राम भानपुर (पोस्ट ऑफिस): 63 से 100 केवीए, ग्राम स्वरूपुर (पंचायत भवन): 63 से 100 केवीए, जेई मियां कुरेशी ने बताया कि 11 में से 4 ट्रांसफार्मर लगाए जा चुके हैं।

जबकि शेष ट्रांसफार्मर गुरुवार शाम तक लगाए जाने की प्रक्रिया में हैं।विधायक आशुतोष मौर्य ने इस कार्य को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि बिसौली क्षेत्र की जनता को निर्बाध और मजबूत विद्युत आपूर्ति देना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को समयबद्ध कार्य के लिए बधाई दी और भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में अधोसंरचना को मजबूत करने का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। जनता ने विधायक के इस प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि बिजली की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए यह कार्य अत्यंत सराहनीय है। इससे न केवल बिजली की समस्या में राहत मिलेगी, बल्कि शिक्षा, खेती और घरेलू कार्यों में भी सुधार होगा।

# ट्रेन से कटकर छात्र की मौत घर में मचा कोहराम



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** सैदपुर फाटक के पास एक दर्दनाक हादसे में 17 वर्षीय छात्र सुबोध पुत्र राजेंद्र की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सुबोध मिर्जापुर रंजीत गांव का निवासी था। घटना बुधवार दोपहर करीब तीन बजे की है, जब सुबोध लालकुआं से बरेली जाने वाली ट्रेन की चपेट में आ गया।

सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, और कानूनी कार्रवाई शुरू की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रेलवे पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है, और घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सुबोध के परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक की लहर है, और लोग परिजनों को ढांढस बंधा रहे हैं। रेलवे पुलिस ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह हादसा कैसे हुआ।


# 54 दिन बाद कब्र से निकाला गया युवक का शव

■ **पुलिस ने दूसरी बार कराया पोस्टमॉर्टम**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के कंजादासपुर के कब्रिस्तान से साबिर खान उर्फ छोटे नाम के युवक का शव 54 दिन बाद कब्र से निकलवाया गया। हत्या के आरोप में भोजीपुरा थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। दूसरी बार कराए गए पोस्टमॉर्टम में भी मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई।

साबिर खान 22 मई को घर से खेत की ओर निकले थे, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटे। रात आठ बजे पड़ोसी ने बताया कि उन्होंने साबिर को जहर खाने की हालत में देखा। खुद ही एंबुलेंस बुलाकर मिनी बाइपास के अस्पताल ले गए वहां डॉक्टरों ने साबिर को मृत घोषित कर दिया।



साबिर का निकाह डेढ़ साल पहले हुआ था। उनकी पत्नी व परिवार ने मौत की वजह को लेकर संदेह जताया। बताते हैं कि तब पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया, लेकिन मौत की वजह पता नहीं चल पाई।

परिजनों ने उस वक्त शव को दफन कर दिया था। इस दौरान परिजनों को साबिर से बातचीत की एक कॉल रिकार्डिंग मिली। इसमें उसके ममेरे भाई के साथ ही कई महिलाओं की आवाज आ रही थी।

परिजनों ने भोजीपुरा थाने में मामला दर्ज कराया। आरोप लगाया कि गांव की एक युवती से साबिर की दोस्ती थी। शक जताया कि शादी के बाद वह लड़की साबिर से मिलने आई थी, शायद इसी वजह से किसी ने साबिर की हत्या कर दी हो। मामले में भोजीपुरा थाना पुलिस ने डीएम से अनुमति मांगी। फिर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कब्र खोदी गई। इसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। इस बार शव दबे करीब 54 दिन हो चुके थे तो कोई वजह फिर पता नहीं लग सकी। सिर की हड्डी को जांच के लिए भेजा जा रहा है।

## एक नजर

# शीशगढ़ में विद्युत बकाया वसूली शिविर आज

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** कस्बे के मोहल्ला बिलासपुर बस अड्डा चौड़ा रोड पर स्थित गफ्फार शादी हाल में आज बृहस्पतिवार को विद्युत बकाया बसूली शिविर लगेगा, जिसमें त्रुटिपूर्ण बिलों का संशोधन किया जाएगा एवं खराब मीटरों को भी बदला जाएगा।

शिविर में अधिशासी अभियंता चमन प्रकाश ,एस डी ओ विशाल कंसल,अवर अभियंता संतोष कुमार शर्मा के अलावा अन्य विद्युत कर्मचारी भी मौजूद रहेंगे ऐसे लोग जिनके बकाया बिल एवं त्रुटिपूर्ण बिल पेंडिंग पड़े है या जिनके मीटर खराब है या लगे नहीं है वह शिविर का लाभ उठा सकते है विद्युत विभाग के अधिकारी कस्बे के प्रत्येक मुहल्ले में विद्युत शिविर लगाकर उपभोक्ताओं को सुविधा प्रदान कर रहे है यह क्रम निरंतर चलता रहेगा अधिशासी अभियंता चमन प्रकाश ने कहा कि हमारा प्रयास उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली व्यवस्था प्रदान करना है।

# युवक के क्रेडिट कार्ड से 49 हजार 330 रुपये उड़ाए

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** एक युवक के मोबाइल फोन को हैक करने के बाद ठगों ने उसके क्रेडिट कार्ड से 49 हजार 330 रुपए दो बार में निकाल लिए। जब युवक के फोन पर रुपए निकालने का मैसेज आया तो उसे इसकी जानकारी हुई। घटना की रिपोर्ट युवक की ओर से थाना नवाबगंज में दर्ज करायी गयी है। नगर के मोहल्ला नई बस्ती निकट मोती मस्जिद निवासी मोहम्मद अजीम अंसारी का आरोप है कि ठगों ने उसके मोबाइल फोन को हैक करने के बाद उसके इंडसइंड बैंक के क्रेडिट कार्ड से दो बार में 49 हजार 330 रुपए निकाल लिए। जब उसके फोन पर क्रेडिट कार्ड से रुपए निकालने का मैसेज आया तो उसे इसकी जानकारी हुई, रुपए निकाले जाने से उसके पैरों के तले की जमीन खिसक गई, उसने तत्काल ही एसएसपी को शिकायती पत्र देने के साथ ही साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी है। घटना की रिपोर्ट एसएसपी के आदेश पर मोहम्मद अजीम अंसारी की ओर से थाना नवाबगंज में दर्ज करायी गयी है।

# पुलिस ने 117 ग्राम स्मैक सहित तस्कर को दबोचा, भेजा जेल



शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस द्वारा 117 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।दो लोगों को बांछित कर उनकी तालश शुरु कर दी है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर एसआई पुनीत मेहरा एसआई पंकज कुमार कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार कांस्टेबल लवी कुमार की टीम द्वारा ग्राम रूकमपुर को जाने वाले रास्ते से एक व्यक्ति जिसके पास अवैध स्मैक है को दबिश देकर पकड लिया। पकडे गये व्यक्ति का नाम मुराद अहमद पुत्र मो नबी निवासी मोहल्ला सराय वार्ड नं0-13 कस्बा व थाना फतेहगंज पश्चिमी है। पकडे गये व्यक्ति की तलाशी से 117 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई।आरोपी द्वारा बताया कि यह स्मैक मैं मोनिश पुत्र मैहरूद्दीन व फैजान उर्फ राजाबाबू निवासी कस्वा फतेहगंज पश्चिमी से लेकर आया हूं।

पुलिस ने धारा एनडीपीएस में मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को बांछित किया है। पकड़े गये आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया। दोनों बांछित आरोपीओं की तलाश में पुलिस ने शुरू कर दी है। गिरफ्तार करने बाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह, एसआई पुनीत मेहरा, एसआई पंकज कुमार, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, कांस्टेबल लवी कुमार शामिल रहे।

# कस्बे में 19 जुलाई को निकलेगी भव्य निशान यात्रा, भक्त तैयारी में जुटे

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** नगर में आगामी 19 जुलाई को भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी, यात्रा की सफलता के लिए भक्त इसकी तैयारी में जी जान से जुटे हुए हैं।

बरेली पीलीभीत हाईवे पर गरगैया गांव के निकट श्री श्याम मन्दिर का निर्माण कराया जा रहा है। जिसके चलते 19 जुलाई को कस्बे में भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी, यात्रा सुबह 11 बजे बिजली घर से शुरू होगी, और रामलीला ग्राउंड पर जाकर सम्पन्न होगी।

उसके बाद शाम को रामलीला ग्राउंड में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया है, जिसमें हरियाणा की परविंदर पलक, वृंदावन के विपिन-देवू श्याम दीवाना भजन प्रस्तुत करेंगे। भक्त पवन मेहरोत्रा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए श्याम भक्तों से निशान यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

# मुफ्ती अफरोज आलम सुपुर्द-ए-खाक हजारों लोगों ने किए आखिरी दीदार

■ **मुफ्ती अहसन मियां ने पढ़ाई नमाज ए जनाजा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** दरगाह के वरिष्ठ मुफ्ती अफरोज आलम को आज उनको धौरा टांडा कस्बे में सुपुर्द खाक कर दिया गया। इससे पहले कस्बे की मील मैदान में हजारों लोग ने नमाज-ए-जनाजा में शिरकत कर नम आंखों से उनके आखिरी दीदार किए। सुबह 10 बजे दरगाह के सज्जादानशीन बदरुशरिया मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने नमाज अदा कराई। इसके बाद इसाले सवाब किया।

दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) भी उलेमा के साथ मुफ्ती अफरोज आलम के घर पहुंचकर घर वालों को सांत्वना देकर खुसूसी दुआ की। कहा कि मुफ्ती साहब का अचानक इस दुनिया से कूच कर जाना सुन्नियत का बड़ा नुकसान है। जिसकी भरपाई मुश्किल है। मंजर ए इस्लाम के सदर मुफ्ती आकिल रजवी, मुफ्ती सलीम नूरी, मुफ्ती अय्यूब खान नूरी, मुफ्ती मोइनुद्दीन, मौलाना अख्तर, मुफ्ती जमील, मुफ्ती सय्यद कफील हाशमी, मुफ्ती जईम रजा समेत टीटीएस के परवेज नूरी, शाहिद खान नूरी, औरंगजेब नूरी, अजमल नूरी, आदिल रजा, मुजाहिद बेग, अशमीर रजा, मंजूर रजा, शारिक बरकाती, गौहर खान, सुहैल रजा, मिर्जा जुनैद आदि समेत बड़ी संख्या में उलेमा और अवाम की शिरकत रही। दरगाह के नासिर कुरैशी ने बताया कि मुफ्ती अफरोज आलम अपने पीछे पत्नी समेत तीन बेटियां और एक बेटा छोड़ गए है।



# शिक्षक के बदले सुर, अब मांगने लगे माफी

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहेड़ी।** नगर के एमजीएम इंटर कॉलेज में तैनात शिक्षक डॉ. रजनीश गंगवार ने कांवड़ यात्रा को लेकर प्रार्थना सभा में एक कविता सुनाई थी, जिससे सियासत गरमा गई थी। कविता के बोल थे ष्कांवड़ मत ले जाना, ज्ञान का दीप जलानाष्, जिसे कुछ लोगों ने धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला बताया था। शिक्षक डॉ. रजनीश गंगवार ने अब अपनी कविता को लेकर माफी मांग ली है। उनका कहना है कि उनके कहने का उद्देश्य यह नहीं था कि लोग कांवड़ यात्रा न करें, बल्कि वह छोटे बच्चों को पढ़ाई-लिखाई की ओर ध्यान केंद्रित रखने के लिए प्रेरित कर रहे थे। अगर उनकी कविता के जरिए किसी की भावना आहत हुई है तो वह क्षमा मांगते हैं। शिक्षक डॉ. रजनीश गंगवार ने पहले कहा था कि मंत्री राजभर ने भी कांवड़ को लेकर अनर्गल बयान दिए थे, उनके ऊपर क्यों नहीं मुकदमा हुआ। एसएसपी ऑफिस के बाहर शिक्षक ने कांवड़ को लेकर आडंबर फैलाने की बात सरकार पर कही थी। शिक्षक के अचानक सुर बदलने को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि शिक्षक ने अपनी गलती का एहसास होने पर माफी मांगी है, जबकि अन्य लोगों का कहना है कि शिक्षक ने दबाव में आकर माफी मांगी है।

# नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले गया युवक, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** एक युवक ने तीन लोगों पर अपनी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। नाबालिग के पिता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी बेटी को अब्दुल रहमान उर्फ चांद बाबू, जलीस और आसिफ की मदद से एक युवक भगा ले गया।

पुलिस ने इस मामले में अब्दुल रहमान उर्फ चांद बाबू जलीस और आसिफ सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है, और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। नाबालिग के पिता ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उसकी बेटी को उक्त युवक ने बहला फुसलाकर अपनी बातों में फंसा लिया, और फिर जलीस और आसिफ की मदद से भगा ले गया। अब पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है और आरोपियों को पकड़ने की कोशिश कर रही है।

# सावन में माहौल बिगाड़ने की कोशिश

■ **शिव मंदिर में किसी ने क्षतिग्रस्त की मूर्ति**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** हाफिजगंज थाना क्षेत्र के काशी धर्मपुर गांव में स्थित शिव मंदिर में किसी ने मूर्ति तोड़ दी। वहां लगे कांवड़ियों के बैनर पर कीचड़ पोत दी। बुधवार सुबह जब लोगों को जानकारी हुई तो आक्रोश फैल गया।

हाफिजगंज थाना क्षेत्र के काशी धर्मपुर गांव में खुराफातियों ने सावन के महीने में माहौल खराब करने की कोशिश की। खुराफातियों ने मंगलवार रात गांव के शिव मंदिर में मूर्ति क्षतिग्रस्त कर दी। साथ ही दीवार पर लगाए गए कांवड़ियों के बैनर कीचड़ पोत दी। बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने मंदिर में क्षतिग्रस्त मूर्ति देखी तो आक्रोश फैल गया। लोगों ने जमकर हंगामा किया।

गांव में एक ही समुदाय के लोग रहते हैं, जिनमें आपस में ही तनातनी का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खुराफातियों पर कार्रवाई करने और नई मूर्ति की स्थापना कराने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया।

एसडीएम और सीओ नवाबगंज दोनों मौके पर पहुंचे, और ग्रामीणों से कहा कि आप लोग धर्मस्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगवाएं, जिससे खुराफाती अगर गलत हरकत करें तो उनकी गिरफ्तारी कर ली जाए।

# कल हुए राशन की दुकानों के प्रस्ताव, आज इन्हें निरस्त किए जाने की ग्रामीणों ने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** कल मंगलवार को नजदीकी गांव रिछोला किफायतुल्ला की राशन की दुकान का खुली बैठक में सीमा स्वयं सहायता समूह के नाम का प्रस्ताव पारित किया था, जिसे गांव के दर्जनों लोगों ने निरस्त किए जाने की मांग करते हुए डीएम को पत्र दिया है।

ग्राम के मो. सलीम, मो. आशिक, असलम, मो. हनीफ, रिजवान, शाकिर, नवी हसन, अय्यूब, शहनाज, हुमा सहित दर्जनों लोगों के हताक्षरयुक्त पत्र में ग्राम के सीमा स्वयं सहायता समूह से मिलीभगत कर उसके नाम का प्रस्ताव पारित किए जाने का आरोप ग्राम प्रधान और सचिव पर लगाते हुए जिलाधिकारी से इस प्रस्ताव को नियम विरूद्ध बताते हुए इसे निरस्त किए जाने की मांग की गई है। इसके साथ ही विकास क्षेत्र भदपुरा की ग्राम पंचायत चौखण्डी में भी राशन की दुकान का प्रस्ताव स्वयं सहायता समूह को गुपचुप ढंग से किए जाने का विरोध करते हुए ग्राम के कई स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने इसे निरस्त किए जाने की मांग एसडीएम से की है।

ग्राम के स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने एसडीएम उदित पवार को सौंपे पत्र में ग्राम प्रधान पुत्र और रोजगार सेवक पर गुप्त ढंग से राशन की दुकान का प्रस्ताव पारित कराए जाने का आरोप लगाते हुए इसे निरस्त किए जाने की मांग की है।

# बहेड़ी में कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अशफाक सकलैनी एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मार्गदर्शन में संचालित संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत बहेड़ी में नगर स्तर की बैठक हुई। इस बैठक में विधानसभा के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने विशेष संवाद किया, और क्षेत्र में संगठन सृजन एवं आगामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया।

बैठक में अफसार पधान को नगर अध्यक्ष और साजिद को नगर उपाध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अशफाक सकलैनी, उपाध्यक्ष कमरूद्दीन सैफी, संरक्षक अकील अहमद राय साहब, जिला महासचिव सुखबीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष हरीश गंगवार सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना और संगठन को अधिक प्रभावी बनाना है। इस अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाता है, और उन्हें संगठन के कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। बैठक में आगामी रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया, और संगठन को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अब देखना यह होगा कि कांग्रेस पार्टी इस अभियान के तहत क्या कदम उठाती है, और संगठन को कैसे मजबूत करती है।

# भूजल संरक्षण अभियान के लिए प्रचार-प्रसार वाहन को किया रवाना




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार भूगर्भ जल सप्ताह (दिनांक 16 से 22 जुलाई, 2025 के तक) के आयोजन एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत भूगर्भ जल विभाग द्वारा आयोजित भूजल संरक्षण अभियान हेतु प्रचार-प्रसार वाहन को मुख्य विकास अधिकारी देवयानी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जो 16 से 22 जुलाई, 2025 तक जनपद-बरेली के शहरी क्षेत्रों समस्त विकास खण्डों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल संरक्षण हेतु जनमानस को जागरूक करायेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि गिरते भूजल स्तर और उसपर आसन्न संकट को दृष्टिगत रखते हुए अभी भी समय है कि भूजल संरक्षण के प्रति हमें सचेत हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए हम सब मिलकर इस वर्ष भूजल सप्ताह पर अपने आप से वादा करें कि हम पानी के खर्च में मुमकिन कटौती करेंगे, और हम पानी की बरबादी को रोकेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि भूजल सप्ताह को इस बार का विचार बिन्दु जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित रखा गया है। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने 300 वर्ग मीटर से अधिक के सरकारी व गैर सरकारी सस्थाओं को रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली अपनाने के निर्देश दिये।

भूगर्भ जल विभाग, खण्ड-बरेली के सीनियर हाइड्रोजियोलॉजिस्ट, सौरम साह द्वारा वर्षा जल संचयन/संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया कि जल के बिना हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी एवं सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एनजीओ के एसके सूरी भी उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय रोजगार मेले का हुआ आयोजन

■ **181 अभ्यर्थियों का किया गया चयन**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** उप निदेशक (सेवायोजन) त्रिभुवन सिंह ने बताया कि निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय,बरेली, एवं ज्योति कॉलेज आफ मैनेजमेंट साइंस एण्ड टेक्नालॉजी बरेली के संयुक्त तत्वाधान में ज्योति कॉलेज आफ मैनेजमेंट साइंस एण्ड टेक्नालॉजी एयरपोर्ट रोड बरेली में आज प्रात: 10:00 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया गया। उक्त रोजगार मेले में निजी मेडिकल क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त रोजगार मेले में निजी क्षेत्र एवं मेडिकल क्षेत्र की 16 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उक्त रोजगार मेले में गंगाशील, सिद्धी इन्फोटेक, श्री राममूर्ति स्मारक हास्पिटल बरेली, पुखराज हेल्थ केयर, ज्योति हास्पिटल, नवदीप हेल्थ केयर, करेन्जा हेल्थ केयर, फ्लिपकार्ट आदि प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जॉब फेयर का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय बरेली मंडल के उप निदेशक त्रिभुवन सिंह, रत्नेश चन्द्र सहायक निदेशक (सेवायोजन) मुरादाबाद मण्डल एवं ज्योति कॉलेज आफ मैनेजमेंट साइंस एण्ड टेक्नालॉजी के चेयरमैन डॉ0 शैलेन्द्र सिंह, डॉ0 चारू त्रिपाठी द्वारा फीता काट कर किया गया। इस रोजगार मेले में कुल 16 कंपनियों के एचआर प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें से 592 अभ्यर्थियों द्वारा सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण कराया गया, जिसमें से 181 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। उक्त रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में चौयरमेन डॉ0 शैलेन्द्र सिंह द्वारा प्रतीकात्मक रूप से 07 नियुक्ति प्रत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना एवं शुभकामनाएं दीं।

क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय बरेली मंडल के उप निदेशक त्रिभुवन सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार रोजगार मेलों का आयोजन कराकर क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार देने का लक्ष्य पूरा करना है, तथा सरकार की प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को रोजगार देने की मंशा का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए रोजगार मेलों का आयोजन लक्ष्य प्राप्ति में बेहद सहायक है। साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रतिमाह रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है, इसके लिए सेवायोजन साथ ही कार्यालय द्वारा निरंतर अनिवार्य रूप से सेवायोजन संगम पोर्टल पर पंजीकरण किया जा रहा है, साथ ही उनके द्वारा उपस्थित बेरोजगार अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन हेतु अग्रिम शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के कर्मचारियों एवं ज्योति कॉलेज आफ मैनेजमेंट साइंस एण्ड टेक्नालॉजी के रजिस्ट्रार, एचआर फैकल्टी एवं मैनेजमेंट द्वारा मुख्य अतिथि सहित समस्त वरिष्ठ अधिकारियों प्रतिभागियों, तथा प्रतिभागी नियोजकों को मेले के सफल बनाने में सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# कोटे के चुनाव में धांधली का आरोप लगाकर एसडीएम से शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** तहसील क्षेत्र के गांव वरीपुरा निवासी तेजपाल, लताकुमारी, लक्ष्मी देवी, विनोद कुमार, मोहित राठौर, सुनील निवासी सहित करीब 2 ट्रॉलियों से भरकर ग्रामीण तहसील मुख्यालय पहुंचे, जहां कोटे के चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुये एक शिकायती पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा। मुकेश कुमार की ओर से दिये गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गांव में मंगलवार को कोटे का चुनाव होना तय था। जिसमें मुकेश कुमार और जतिन कुमार के बीच चुनाव होना था। कोटे का चुनाव कराने अधिकारी व पुलिसकर्मी गांव में पहुंचे, और जतिन कुमार के लोगों की लाइन लगाकर एक पक्ष के पक्ष में चुनाव घोषित कर दिया। उपजिलाधिकारी रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायती पत्र गांव वालों ने दिया है। जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# चोरी के माल सहित तीन को किया गिरफ्तार

## चोरों से अवैध तमंचे और चाकू भी हुए बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** मिलक पुलिस ने तीन चोरों को मय चोरी किए हुए माल और मय दो अदद तमन्चा मय एक अदद चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के गांव लखीमपुर विष्णु तिराहे से करीब 40 कदम की दूरी पर ग्राम लखीमपुर विष्णू की तरफ चोरी का माल बेचने जाने हेतु सवारी का इन्तजार करते समय 15 जुलाई की रात्रि गिरफ्तार कर न्यायालय रामपुर भेजा गया। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक जनपद रामपुर के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह के नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा दिनांक 15.जुलाई को समय करीब 23.27 बजे 03 नफर अभियुक्त गण अम्बे प्रसाद उर्फ पवन पुत्र हेमराज निवासी ग्राम लोहा पट्टी भागीरथ थाना मिलक जनपद रामपुर, लियाकत पुत्र अकबर निवासी ग्राम लोहा पट्टी भागीरथ थाना मिलक जनपद रामपुर हाल निवासी मो. पुराना गंज थाना गंज जिला रामपुर और रफीक अहमद उर्फ रफिया पुत्र रहीस अहमद निवासी ग्राम नगलिया आकिल थाना अजीमनगर जिला रामपुर हाल वार्ड नं .10 केला खेड़ा थाना केला खेडा जिला उधम सिंह नगर उत्तराखण्ड को मय चोरी किये हुए माल 01 जोड़ी हथफूल सफेद धातु , 06 जोड़ी पायल सफेद धातु, 01 जोडी कुण्डल पीली धातु, 03



मंगलसूत्र सफेद धातु, 01 हार पीली धातु, 01 लर पीली धातु, 01 अंगूठी पीली धातु , 02 झुमकी पीली धातु, 29 जोडी बिछिया सफेद धातु, 11 अंगूठी सफेद धातु, 06 चेन सफेद धातु, 05 जोडी खंडवा बच्चो के सफेद धातु, 11 जोडी कुण्डल सफेद धातु मय दो अदद तमन्चा मय दो अदद कारतूस जिन्दा मय एक अदद चाकू के साथ लखीमपुर विष्णू तिराहे से करीब 40 कदम की दूरी पर ग्राम लखीमपुर विष्णू की तरफ थाना मिलक जनपद रामपुर पर गिरफ्तार किया गया।

फर्द बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 287/2025 धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट मे आज पंजीकृत किया गया। चोरी किया हुआ माल थाना हाजा पर दिनांक 10. 07.2025 को पंजीकृत मु0अ0स0 278/25 धारा 305/331(4) बीएनएस से सम्बन्धित है माल बरामदगी से मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। एवं पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा थाना कैमरी क्षेत्र के ग्राम रासडडिया बाजार में सुनार की दुकान में कूमल लगाकर चोरी करना भी बताया है जिसके सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही हेतु थाना कैमरी को जरिये आरटीसैट सूचना दी गयी ।

एवं अभियुक्त गण ने बताया कि हम लोग एक साथ मिलकर रात में कूमल काटकर घरो में चोरी करते है तीनों अभियुक्तॉ के खिलाफ चोरी के मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं तीनो अभियुक्तों को चलन करके रामपुर न्यायालय को भेजा।

# मिलक से हिमाचल प्रदेश के श्री खंड कैलाश के लिए जत्था रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** बुधवार को नगर से एक भोलेनाथ का जत्था 10 दिन की यात्रा के लिए रवाना हुआ। नगर स्थित मंदिर पर विधि विधान पूजा अर्चना के साथ जत्था को रवाना किया गया। हिमाचल प्रदेश में स्थित श्रीखंड कैलाश के लिए शिव भक्तो जल लेने के लिए रवाना हुए । हंसीत शर्मा ने बताया कि हम सभी शिव भक्ति पहली बार श्रीखंड कैलाश के लिए जा रहे हैं और भोलेनाथ की हम पर कृपा ऐसे ही बनी रहे। सावन माह में हर व्यक्ति को एक बार जल लेकर आना चाहिए। इस दौरान दीपांशु गुप्ता, अजय भारद्वाज, हिमांशु



रोहिल्ला, अमित, सूरज, राहुल गंग. वार, अमन रस्तोगी, विनय रोहिल्ला, बॉबी गुप्ता, बॉबी कश्यप, हंसीत शर्मा, आदित्य आदि शामिल हैं ।

# पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रामपुर भेजा गया।



पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह के नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा आज एक नफर वारण्टी अभियुक्त पंकज पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम आगापुर थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित वाद संख्या 1055/18 , मु.अ.सं.504/18 धारा 25 आर्मस एक्ट मा. न्यायालय सी.जे. एस. डी. द्वितीय सी.जे.एम. रामपुर सम्बन्धित न्यायालय रामपुर भेजा।

# विकास भवन सभागर में किसान दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को उप कृषि निद. ेशक राम किशन अध्यक्षता में विकास भवन सभागर में किसान दिवस का आयोजन किया गया।

जिसमें गत माह में आयोजित किसान दिवस में कृषकों द्वारा उठायी गयी समस्याओं/शिकायतों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा किये गये निस्तारण से किसानों को अवगत कराया गया।

किसान दिवस में उद्यान विभाग द्वारा सिंचाई करने की ड्रिप प्रणाली के बारे में, पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा डेयरी करने हेतु सरकार द्वारा संचा. लित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी तथा जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को जानकारी दी कि खरीफ सीजन हेतु जनपद में सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक प्रतिष्ठानों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने किसानों से अपील की है



कि अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों का क्रय करें।

इस दौरान ग्राम भटपुरा विकास खण्ड सैदनगर में बिजली की समस्या, ग्राम चमरपुरा वरा मिलक रोड से ग्राम पंचायत हरजीपुर को जाने वाले रास्ते पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त होने से पानी भराव की समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया।

पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा जिला उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन (तौमर) ने बताया कि रामौतार पुत्र रतन लाल व इनकी पत्नी संतोष का दिनांक 18 जून, 2025 को घर गिर गया जिसमें दोनों पति-पत्नि दब गये जिन्हें सरक. ारी अस्पताल रामपुर में भर्ती कराया गया तथ रामौतार की पत्नी संतोष के दोनों पैर टूट गये। सरकारी अस्पताल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा सरकारी अस्पताल ऑपरेशन न करके पब्लिक अस्पताल निकट गांधी समाधी, रामपुर में कराया गया तथा बाद में पुनः सरकारी अस्पताल में भर्ती कर दिया गया।

इस प्रकार श्री रामौतार के ऑपरेशन और दवाइयों पर 70000 रुपये खर्ज हो गये। गरीब लोगों को प्राइवेट हॉस्पिटल से मिली भगत करके लूटा जा रहा है। जिसकी जांच करायी जाये।

श्री मंजीत सिंह अटवाल जिला प्रवक्ता किसान यूनियन टिकैत रामपुर द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम डिवडिवा से नावाव गंज विकास खण्ड बिलासपुर की बिजली की लाइन जर्जर है जिसे तुरन्त ठीक कराया जाये, आदि को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याएं निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया।

# चेयरमैन ने ईदगाह वाली गली में नई आरसीसी का कराया निर्माण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर चेयरमैन फैजान खां ने सबका साथ सबका विकास के पहल पर कार्य कर रहे पुरानी ईदगाह बाला मार्ग काफी समय से बारिश के पानी से भरा रहता था लोगो का निकलना भी दूभर हो रहा था लेकिन मंगलवार को चेयरमैन ने भूरे मिस्त्री के घर से शकील भाई के घर तक बाली गली में आर.सी. सी. सड़क व नाली का निर्माण कराया गया नई सड़क पड़ने से रह रहे लोगों के चेहरों पर दिखी मुस्कान लोगो ने चेयरमैन फैजान खां को दी दुआएं।

# आस्था कम्पनी के नाम से ग्रामीणों को लगाया लाखों का चूना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव के लोगो को आस्था कम्पनी के नाम से एजेंटों ने ग्रामीणों को लाखों रुपए के चूना लगा दिया न तो उनको उनके दिये हुए रुपए वापस हो रहे है ओर नाही उनको उनकी रकम का प्रोफिट दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत चौकी पुलिस से की है ग्रामीणों ने दिये शिकायत पत्र मे कहा है कि संजू, राजेंद्र, आनन्द, निवासी सीतारामपुर, असगर निवासी फतेहगंज ने लग भाग पच्चीस लोगो से आस्था कम्पनी के नाम से बारह-बारह हजार रूपए लिए थे हर महीने ग्राहकों को फायदे का लालच देकर इन लोगो ने ग्रामीणों से बारह-बारह हजार रूपए ले लिये अब यह लोग एक वर्ष से इन लोगो को टहला रहे है। इसकी शिकायत मो. निका, बबीता, कैलाश, सर्वेश, महेश, विजय, किरन, मोनिका ने चौकी पुलिस से कर इन चारों लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**ग्रामीणों ने क्षेत्रीय पुलिस से की मामले की शिकायत**

# डीएम एसपी ने किया तालाब का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने ग्राम पंचायत मनकरा में पुलिस चौकी के सामने तैयार कराए गए तालाब का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने खंड विकास अधिकारी बिलासपुर को निर्देश दिए कि वे तालाब का सौंदर्यीकरण के साथ ही तालाब के चारों तरफ वृक्षारोपण कराएं। इस तालाब को आय सृजन के साधन के रूप में उपयोगी बनाए इसके लिए जिलाधिकारी ने कहा कि तालाब में मछली पालन के लिए पट्टा आवंटन की प्रक्रिया कराई जाए।



उन्होंने चौकी प्रभारी को निर्देशित किया कि वह सुरक्षा के दृष्टिकोण से चौराहे से अतिक्रमण हटवाना सुनिश्चित करें। इसके बाद वे ग्राम मनकरा में नहर विभाग द्वारा चलाए गए अतिक्रमण मुक्त अभियान के दौरान कब्जा मुक्त कराई गई शासकीय भूमि पर वृक्षारोपण भी किया।

# भूबरा में चोरों की तलाश में पुलिस ने खेतों में की कांबिंग, सावधान रहने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर सहित आसपास के गांव में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है पुलिस ने रात नगर के मोहल्ला भूबरा में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ पैदल गश्त की। और लोगों से सावधान रहने की अपील की।

नगर के मोहल्ला भूबरा में मंगलवार की देर रात चोरों के घुसने की जानकारी मिली तो विश्व हिंदू परिषद के कार्य करता हाथों में लाठी डंडे लेकर सतर्क हो गए और मामले की सूचना पुलिस को दी।

सूचना पाकर चौकी के उप निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास



के खेतों में विहिप कार्यकर्ताओं के साथ कांबिंग की लेकिन चोरों का कोई पता नहीं चल सका है।

पुलिस ने ग्रामीणों से सावधान रहकर अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

# सामंती कुंड का सियासी झुंड सुल्तानी सैलून पर समाजवादी बैलून जैसा: नकवी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी बुधवार को सायं रामपुर पहुंचे। शंकरपुर स्थित अपने आवास पर प्रमुख पदाधिकारी और बाद में पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि सामंती कुंड का सियासी झुंड सुल्तानी सैलून पर समाजवादी बेलून जैसा है।

उन्होंने कहा कि बूथ के फिसड्डी जीत की कबड्डी में भी चारों खाने चित होंगे और सामंती सियासत के सत्ता लोलुप सुल्तानों की पावर प्रतीक्षालय प्रतिस्पर्धा पीक पर प्रतीक्षारत रहेगी।



पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कुंठा, कटुता में कैद हार की हताशा में हुड़दंगी तमाशा करने में लगे लोगों का कभी मतदाता सूचियां पर सवाल, तो कभी चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं पर बवाल इस बात का प्रमाण है कि उन्हें इस बात का एहसास हो चुका है कि उनके हार की गिनती जीत के गणित में नहीं बदल सकती।

परिवार के पैराशूट के पराक्रम और पगडंडी के परिश्रम के बीच फर्क न समझने वाले खुश फहमी के चक्कर में गलत फहमी का घनचक्कर बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भी कुछ लोग जमीन के मूड और माहौल के विपरीत नकारात्मक राजनीति में डटे है।

उन्होंने कहा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि दहशतगर्दी के मेड इन इस्लामाबाद दरिंदे, इस्लाम के वसूल और इस्लामाबाद के वजूद के लिए खतरा है। रामपुर में प्रवेश के वक्त रिंग रोड पर उनका फूल, हार और पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, राकेश मिश्रा, हंसराज पप्पू, अभय गुप्ता, महा सिंह राजपूत, चंद्र प्रकाश शर्मा, सोनू लोधी, पंकज लोधी, संतोष खेहरा, टेक चंद्र गंगवार, जगपाल यादव, कुंवर बहादुर लोधी, जागेश्वर दयाल दीक्षित, कपिल आर्य, अशोक बिश्नोई, दिनेश शर्मा, अर्जुन रस्तोगी, शिवम कुक्कू अरोड़ा, मनोज मौर्य, मुर्तजा अली, लक्ष्मीकांत सैनी, दिलीप अरोड़ा, प्रदीप गुप्ता, समर सिंह चौहान, श्रीपाल सिंह, योगेंद्र सिंह, आकाश सक्सेना,अहमद जान, राजीव गंगवार, शांति स्वरूप, अरविंद ठाकुर, किशन लाल चंद्र, नंद किशोर गंगवार, लाल मन तोमर, दीपक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# बिजली का करंट लगने से मिस्त्री की इलाज के दौरान मौत, परिवार में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** मोटर मिस्त्री को मोटर सही करते समय बिजली का करंट लग गया करंट लगने की वजह से मिस्त्री बेहोश हो गया। जिसको परिजन बाजपुर के अस्पताल ले गए जहा पर मिस्त्री की इलाज के दौरान मौत हो गई।

मिस्त्री की मौत से उसके परिवार मे कोहराम मच गया ओर मोहल्ले मे मातम छा गया। अनिल मौर्य पुत्र सिन्बू मौर्य पच्चीस, मोहल्ला चाऊपुरा की पशु चिकित्सालय के सामने इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है जहा पर बिजली के मोटर व पंखे सही करने का कार्य करता है वह मोहल्ले मे ही किसी के घर पर पानी का



बिजली का मोटर सही कर रहा था कि अचानक मोटर मे करंट आ गया जिससे मिस्त्री भी करंट की चपेट मे आ गया।

करंट लगने से मिस्त्री की हालत बिगड़ गयी। आनन-फानन में परिजन उसको बाजपुर के अस्पताल ले गए जहा पर मिस्त्री की इलाज के दौरान दौरान मौत हो गई। मिस्त्री की मौत से उसके परिवार मे कोहराम मच गया परीजनो का रो-रोकर बुरा हाल है वहीं मोहल्ले मे भी मातम छा गया।

# दहेज उत्पीड़न और दुष्कर्म में दस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** नगर के मोहल्ला खाता नगरिया निवासिनी एक महिला की शादी 18 अक्टूबर 2022 को मुस्लिम रीति रिवाज के साथ बाबू पुत्र शाहिद निवासी रामपुर दोहराया बरवाला मिलक थाना कटघर जनपद मुरादाबाद के साथ हुई थी। शादी में माता-पिता के द्वारा अपनी हैसियत के अनुसार काफी दान दहेज दिया था। शादी के कुछ दिनों के बाद महिला का पति बाबू सास नायाब, नंनद गुड़िया, महताब,शहनाज, इमराना, जेठ मुशाहिद और जेठानी इकरा द्वारा लगातार दहेज की मांग को लेकर मान. सिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित शुरू कर दिया। बार-बार बुलेट मोटर साइकिल की मांग करने लगे इस बीच पुत्री अनाबिया का जन्म हुआ वर्तमान में डेढ़ वर्ष की है पुत्री के जन्म के बाद महिला को अधिक प्रताड़ित करने लगे और कहने लगे कि तूने लड़के का जन्म नहीं दिया। जेठानी इकरा के द्वारा खुलेआम कहां की इस तलाक दिलाकर अपनी बहन से इसकी जगह शादी कराएंगे मुझे बार-बार आत्महत्या के लिए उकसाया गया और कई बार बुरी तरह से मेरे साथ मारपीट भी की और भूख प्यासा भी रखा गया और घर से निकाल दिया गया।

25 जून 2025 को जब बह घर पर अकेली थी तो जेठ मुशाहिद अपने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ जबरन घर में घुस आया और दोनों ने तमंचे के बल पर बारी बारी से दुष्कर्म किया। दोनों व्यक्तियों में से एक ने वीडियो बना ली जब इस घटना के बारे में शाम को पति बाबू सास नायाब और जेठानी इकरा को बताई तो उल्टे उन्होंने उल्टा महिला पर ही हमला कर दिया। पति ने जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी से हमला किया किसी तरह बच गई और मुझे बेरहमी से बेल्ट से पीटा गया और मेरी डेढ़ साल की पुत्री को भी करने की कोशिश की पति बाबू ने तीन बार तलाक बोलकर तलाक दे दिया और घर से निकाल दिया। इस संबंध में महिला ने कोतवाली मे तहरीर दी तहरीर के आधार पर पति सहित दस लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, दुष्कर्म सहित कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

मुख्यमंत्री से मिले विधायक, स्वार टांडा के विकास कार्यों को लेकर

# पीडब्ल्यूडी ने टांडा में दुकानों को चिन्हित किया, सीएम से वार्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** स्वार टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने विधानसभा की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और अपनी विधानसभा के तहसील टांडा में लोक निर्माण विभाग द्वारा बाजपुर मुरादाबाद मार्ग पर मेन मार्केट पर चिन्हित कर नोटिस दिए जाने के सम्बंध में अवगत कराकर मार्केट को टूटने से रोके जाने हेतु निष्पक्ष जांच की मांग की। एवं अपनी विधानसभा क्षेत्र के नगर व ग्रामीणों के लिये कराए जाने वाले विकास के कार्यों के सम्बंध में भी अवगत कराया। जिसके उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पूर्ण आश्वासन दिया गया है।

# एसपी ने अश्लील मैसेज भेजने वाले दरोगा और सिपाही को किया निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** दुष्कर्म पीड़िता महिला को अश्लील मैसेज भेजने वाले दरोगा और धमकी देने और मैसेज डिलीट करने वाले सिपाही को पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम निवासी महिला ने हाल ही में तैनात दरोगा उदयवीर सिंह पर आधी रात को उसकी नाबालिग बेटी को व्हाट्सएप पर अश्लील मैसेज और चौट करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को पुलिस अधीक्षक रामपुर से लिखित शिकायत की थी।

शिकायत मे महिला ने कहा था की दुष्कर्म की शिकायत लेकर में थाने गई थी तब दरोगा ने उसकी नाबालिक बेटी का नंबर ले लिया था और आधी रात के बाद उसे अश्लील मैसेज और चौट करने लगा और वीडियो कॉल भी की। मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई और सिपाही सरफराज ने महिला को धमकाते हुए उसके मोबाइल से चौट डिलीट कर दिए। उक्त सिपाही की शिकायत



महिला ने पुलिस अधीक्षक रामपुर से की आज पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्रा ने दरोगा उदयवीर सिंह और सिपाही सरफराज को निलंबित कर दिया। उधर इस मामले की जांच पुलिस अधीक्षक में पुलिस क्षेत्राधिकारी मिलक राजवीर सिंह परिहार को सौंपी है जो जांच कर जल्दी रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को भेजेंगे।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली
रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

हमने अपने पुत्र अतीक व उसकी पत्नी राफिया को अभद्र व्यवहार तथा गलत आचरण के चलते अपनी चल व चल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में हमसे व हमारे परिवार से उसका कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा। अपने कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**खुर्शीद अहमद पुत्र श्री छोटू व फईम जहां पत्नी खुर्शीद अहमद निवासी ग्राम मनकरा थाना भोट जिला रामपुर**

# वर्षों से एक ही अस्पताल में कुंडली जमाए बैठे हैं दर्जनों चिकित्सक

## डीएम द्वारा सूची तलब करने पर मचा हड़कम्प, चिकित्सकों ने भी बैठाने शुरू किये जुगाड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नियमों को ताख पर रख दस से 15 साल तक एक ही सरकारी अस्पताल में डटे डाक्टरों की सूची डीएम द्वारा तलब करने से उनमें हड़कम्प मच गया है। कोट सीएचसी में तैनात चिकित्सक डा. जावेद का ट्रांसफर सीएमओ सत्यपाल द्वारा ढवारसी कर देने के बाद भी वह चार्ज छोड़ने के लिए तैयार नहीं है।

पिछले कुछ दिनों से स्वास्थ्य विभाग सुर्खियों में है। विभाग में भ्रष्टाचार का आलम यह है कि एक ही सीएचसी पर 15-15 साल से डाक्टर डटे हैं। जब नोडल अधिकारी के चालक प्रदीप की वीडियो सोशल मीडिया पर रिश्वत लेते वायरल हुई तो आला अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में डीएम ने जांच को कमेटी गठित की तथा बदनाम चालक को गजरौला सीएचसी उसके मूल पद पर भेज दिया। डीएम ने नोडल अधिकारी डा. शरद से चार्ज छीन चिकित्सकों अधीक्षकों को झोलाछाप के खिलाफ कार्रवाई के लिए नोडल अधिकारी बना दिया। जिले में दो दर्जन से अधिक चिकित्सक ऐसे हैं जो लम्बे समय से एक ही अस्पताल में डटे हैं। गजरौला सीएचसी में तैनात डा. योगेन्द्र सिंह की तैनाती वर्ष 2006 में हुई थी जो अब भी इसी अस्पताल में तैनात हैं। नौगांवा में डा. अनमोल कुमार 2009 से यहीं डटे हैं। नगर सीएचसी अधीक्षक डा. फारूक, डा. मोहम्मद इदरीस वर्ष 2010 से यहीं कार्यरत हैं। जोया सीएचसी में डा. सुखदेव सिंह 2012 से चिकित्सा अधीक्षक के पद पर तैनात रहे। अभी पांच दिन पूर्व काफी ड्रामे के बाद वह चार्ज छोड़ने को तैयार हुए। जबकि यहां तैनात डा. मोहम्मद उवैस व डा. फरीद हुसैन 2010 से ही इसी अस्पताल में कार्यरत् हैं। बछरायूं के डा. श्यौराज सिंह, डा. मुमताज अंसारी को 2012 में चार्ज हुआ था वह आज तक यहीं डेरा जमाए हैं। सीएचसी धनौरा में डा. सुदीप गुप्ता 2010 से यहीं तैनात हैं जबकि पीएचसी कमेलपुर में डा. शैलेष कुमार भी 2010 से यहीं मौजूद रहे। अमरोहा सीएचसी में डा. शरद कुमार व डा. मोहम्मद जावेद 2014 से यहीं मौजूद हैं। सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह ने बीस दिन पहले डा. मोहम्मद जावेद का ट्रांसफर सीएचसी ढवारसी के लिए कर दिया था परन्तु उन्होने अभी तक चार्ज ग्रहण नहीं किया है। वह खुलेआम सीएमओ के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं। इसके अलावा गजरौला सीएचसी में डा. अंकिता सिंह की तैनाती 2015 में हुई थी, उन्हें भी आज तक किसी और सीएचसी में नहीं भेजा गया है। इतना लम्बा पीरियड होने के बाद भी चिकित्सकों का तबादला न होना भी साबित करता है कि डाक्टर मलाई वाले पदों पर विराजमान है वह अधिकारियों से साठगांठ कर हर बार अपना तबादला रूकवा लेते हैं। डीएम ने काफी समय से एक ही अस्पताल में डटे डाक्टरों की सूची तलब की है। जिससे डाक्टरों में हड़कम्प मच गया है। देखना है कि हर बार की तरह इस बार एक स्थान पर डटे डाक्टरों का तबादला कहीं दूसरी जगह होता है या नहीं।

# किसान के घर से नकदी समेत लाखों की चोरी

## दीवार फांदकर दाखिल हुए चोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दीवार फांदकर घर में दाखिल हुए चोरों ने किसान के घर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दिया। वह यहां से साठ हजार रूपये की नकदी समेत लाखों के जेवर समेटकर फरार हो गये। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दे दी गयी है।

यह घटना थाना क्षेत्र के गांव पूठी की है। यहां किसान अहमद हसन का परिवार रहता है। मंगलवार रात परिवार के सभी से गहरी नींद में सोए हुए थे। रात में दीवार फांदकर घुसे चोर अलमारी में रखी 60 हजार रुपये की नकदी के अलावा सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। किसान अहमद हसन को घटना की जानकारी बुधवार सुबह करीब 6 बजे जागने पर हुई। कमरे में जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। गृहस्वामी से चोरी हुए सामान की जानकारी ली। हालांकि, जांच कर गांव से लौटी पुलिस ने अभी घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। वहीं, क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना है। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने थाना पुलिस को रात्रि गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया है। वहीं, थानाध्यक्ष कोमल तोमर का कहना है कि शुरुआती जांच में घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# नशीले पदार्थ के तस्कर को चार साल की कैद

## कोर्ट ने दस हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। न्यायालय ने नशीले पदार्थ के तस्कर को चार साल का कारावास सुनाया है। दोषी पर दस हजार रूपये का जुर्माना भी ठोका गया है।

यह मामला गजरौला थाना क्षेत्र से जुड़ा था। 6 जनवरी 2013 को तत्कालीन दरोगा सहंसरवीर सिंह, कांस्टेबल अशोक गौड़ व कमल किशोर के साथ चौपला चौकी क्षेत्र में गश्त पर थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस कर्मियों ने एक व्यक्ति को गांव सादुल्लापुर से जोड़ने वाली सड़क से हिरासत में लिया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम कंचन निवासी गांव सादुल्लापुर बताया था। उसके कब्जे से 8 किलो 500 ग्राम डोडा चूर्ण मिला था। मामले में पुलिस ने कंचन के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। बाद में उसका चालान कर दिया था। फिलहाल कंचन इस मुकदमे में जमानत पर था। मुकदमे की सुनवाई स्थानीय अदालत में चल रही थी। मंगलवार को अदालत ने इस मुकदमे में अपनी अंतिम सुनवाई की। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर कंचन को दोषी करार दिया। चार साल जेल की सजा सुनवाई तथा दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# स्कूल मर्ज करने के विरोध में अभिभावकों व बच्चों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। ब्लॉक क्षेत्र के गांव नगला माफी के ग्रामीणों ने गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के दूसरे गांव में विलय करने पर रोष जाते और प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि दूसरा विद्यालय जहां मर्ज किया है, उसकी दूरी उनके गांव से 2 किलोमीटर है, इसीलिए वे अपने बच्चों को वहां पढ़ने नहीं भेजेंगे। बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को दूसरे विद्यालयों के साथ मर्ज किया है। नगला माफी स्थित स्कूल को पड़ोस के गांव चौकपुरी में मर्ज किया गया है। अभिभावकों का कहना है कि दूसरे गांव में स्थित स्कूल उनके गांव से दो किलोमीटर दूर है और रास्ते में



जंगल जैसे मार्ग हैं, जहां पर जंगली जानवरों के साथ साथ बेसहारा पशु भी घूमते रहते हैं। ऐसे में बच्चों को भेजना सुरक्षा के दृष्टिगत भी उचित नहीं है। अभिभावकों ने कहा कि, यदि उनके विद्यालय को मर्ज करने से नहीं रोका गया वे दूसरे गांव में अपने बच्चों को नहीं भेजेंगे। इस मौके पर सर्वेन्द्र सिंह, कविता, सुनीता, श्याम सिंह, गुरमीत, कुसुम, पुनीता देवी, मीना, हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मृतक के परिजनों को सांसद ने दी



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। सांसद कंवर सिंह तंवर ने पूर्व प्रधान के परिजनों समेत दो परिवारों को सांत्वना दी। हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव मगरौला निवासी पूर्व प्रधान जयकरन सिंह के बेटे दीपक उर्फ बब्लू की मौत पर आज सांसद ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। इसके बाद वह गांव फिरोजपुर पहुंचे। यहां के रहने वाले सतवीर सिंह के बेटे अरूण भाटी के निधन पर पीड़ित परिवार को भरोसा दिया कि वह दुख की इस घड़ी में पूरी तरह उनके साथ है। जब भी उनकी मद्द की जरूर होगी वह हर समय तैयार मिलेंगे। इस मौके पर हुकम सिंह, पिंटू भाटी, रिंकू गुर्जर, राहुल चौहान, मुन्ना प्रधान, केपी सिंह, अरूण कुमार, चमन सिंह, मनोज, महेश, जगपाल सिंह, चरन सिंह, रोम सिंह आदि शामिल रहे।

### स्कूल मर्जर का आदेश वापस ले सरकार



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। ग्रामीणों ने चेताया कि यदि प्राथमिक स्कूलों को बंद किया गया तो वह कलक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करेंगे। सरकार को अपना आदेश वापस लेना चाहिये। गांव नगलिया असदुल्ला में ग्रमीणों की बैठक हुई। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार प्राथमिक स्कूलों को मर्ज करने नाम पर बंद करने का प्रयास कर रही है। इससे गरीब बच्चें शिक्षा से वंचित हो जायेंगे। उन्होंने चेताया कि यदि सरकार ने अपना निर्णय वापस नहीं लिया तो डीएम कार्यालय पर धरना दिया जायेगा। लखीचंद, लखराम सिंह, फूलचंद, चन्द्रपाल सिंह, अन्तराम सिंह, सतवीर सिंह, बलवीर, सोमपाल सिंह, भरत राम आदि मौजूद रहे।

### कुपोषित बच्चों को किट का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। नगर पंचायत द्वारा कुपोषण के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत किट का वितरण किया गया। कस्बे के मौहल्ला जामा मजिस्द में नगर पंचायत कर्मियों ने कुपोषित बच्चों को किट बांटी। उन्होंने कहा कि कुपोषण को दूर भगाने में सभी का सहयोग जरूरी है। इस समय चलाये जा रहे अभियान में सभी बढ़चढ़ कर हिस्सा है, ताकि इस बीमारी को समाज से दूर किया जा सके। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक अमरोहा नदीम अख्तर, कार्यालय अधीक्षक विजय प्रसाद शर्मा, मौहम्मद नोमान, मुस्तकीम, राशिद, फहीम आदि मौजूद रहे।

# प्लॉट के नाम पर एयरफोर्स अधिकारी से ठगे 12 लाख

## पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जालसाजो ने एयरफोर्स अधिकारी, बेटे व भाई से प्लाट के नाम पर 12 लाख रूपये ठग लिये। जबकि 26.91 लाख रूपये लेकर भी जमीन की रजिस्ट्री नहीं करायी। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अमानत में खयानत की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

जानकारी के अनुसार बिजनौर जिले के नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर दहाना में स्व.जगदीश सिंह यादव का परिवार रहता है। उनके एक बेटे सतीश कुमार यादव भारतीय एयरफोर्स में जू वारंट ऑफिसर हैं, जिनकी तैनाती फिलवक्त दिल्ली मुख्यालय में हैं जबकि दूसरे बेटे सुधीर कुमार खेती-किसानी के अलावा प्राइवेट जॉब करते हैं। एफआईआर के मुताबिक दोनों भाइयों ने नौगावां सादात तहसील क्षेत्र के गांव लकड़हट में नूरपुर-छजलैट मार्ग पर चल रही एक प्लॉटिंग में 1035 वर्गगज जमीन का सौदा 26.91 लाख रुपये में तय किया था। इस जमीन का स्वामित्व अधिकार मुरादाबाद की आशियाना कॉलोनी फेज 1 में रहने वाले नरेश कुमार का है जबकि उनके एजेंट के रूप में प्लॉटों की बिक्री प्रॉपर्टी डीलर अशरफ निवासी गांव देहरी खुर्रम थाना नौगावां सादात, मोहम्मद परवेज निवासी घास मंडी (अतरासी अड्डा) नौगावां सादात व सचिन रस्तौगी निवासी आवास विकास कॉलोनी अमरोहा द्वारा की जा रही थी। प्लॉट का सौदा होने पर नरेश कुमार के कहने के मुताबिक सुधीर कुमार यादव व सतीश कुमार यादव द्वारा 13 जनवरी 2024 को दो लाख रुपये, 17 जनवरी 2024 को तीन लाख रुपये, 22 जनवरी 2024 को दो लाख रुपये तथा 27 जनवरी 2024 पांच लाख रुपये आरोपियों द्वारा बताए गए खाते में ट्रांसफर करा दिए गए। कुल 12 लाख रुपये का भुगतान करने के बाद प्लॉट की रजिस्ट्री की तारीख 6 मई 2024 तय की गई। दोनों पक्षों में रजिस्ट्री से पहले बाकी धनराशि अदा करने पर रजामंदी बन गई। लिहाजा, तय तारीख पर दोनों भाई नौगावां सादात तहसील पहुंच गए। इससे पहले वादे के मुताबिक सुधीर कुमार यादव ने नौ लाख रुपये तो वहीं सतीश कुमार यादव ने चार लाख रुपये जमीन स्वामी नरेश कुमार के खाते में जमा करा दिए। इस तरह कुल 25 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया जबकि दोनों भाइयों ने 1.91 लाख रुपये रजिस्ट्री होने के बाद देने का वादा कर लिया। आरोप है कि तय तारीख पर जमीन स्वामी नरेश कुमार व उनके सहयोगी रजिस्ट्री करने के लिए तहसील नहीं पहुंचे। आज-कल के आश्वाशन के बीच पांच महीने का वक्त गुजर गया। इसके बाद नरेश कुमार ने सितंबर 2024 में 13 लाख रुपये दोनों भाइयों के खाते में वापस कर दिए जबकि सौदे के वक्त दिए गए 12 लाख रुपये न तो आरोपियों ने वापस किए और न ही प्लॉट की रजिस्ट्री कराई। थाना स्तर पर शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की लिहाजा एयरफोर्स अधिकारी सतीश कुमार यादव ने बीते दिनों एसपी अमित कुमार आनंद से मुलाकात कर खुद के साथ हुई धोखाधड़ी की जानकारी दी थी। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में आरोपी अशरफ, मोहम्मद परवेज व सचिन रस्तौगी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। खातों में हुए लेनदेन की जानकारी जुटाई जा रही है। सबूत जुटाकर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# बकरी चराने को विवाद दो पक्षों के छह घायल

## दो गंभीर हालत में हायर सैंटर रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बकरी चराने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चलने से दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घायलों में से दो को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भीमा ठीकरी निवासी रामेश्वर का पुत्र अंकित बुधवार को जंगल में बकरी चराने गया था। इसी दौरान उसकी बकरी गांव के एक युवक के खेत में घुस गई। खेत मालिक मौके पर पहुंचा और अंकित से झगड़ने लगा। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और अंकित के परिजन भी मौके पर आ गये। कहा. सुनी इतनी बढ़ी कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई और लाठी-डंडे चलने लगे। इस खूनी संघर्ष में एक पक्ष से पूरन, कपिल और जोगिंदर घायल हो गये तथा जबकि दूसरे पक्ष से रामेश्वर, अंकित और जोगवती चोटिल हो गये। परिजनों ने आनन-फानन में सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने अंकित और जोग. वती की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने एक पक्ष के तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस संबंध में तहरीर प्राप्त हो गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# बारिश से गिरा ग्रामीण का आशियाना

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। लगातार हो रही बारिश से एक ग्रामीण का मकान ढह गया। गनीमत रही कि ग्रामीण के परिवार के किसी सदस्य को चोट नहीं आई। हसनपुर तहसील एवं थाना क्षेत्र गजरौला के गांव खयालीपुर में बुधवार को बारिश के चलते जगदीश का मकान ढह गया। तेज आवाज के साथ गिरे मकान के मलबे में राशन का और जरूरत का सभी सामान क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही की घटना में किसी को चोट नहीं लगी। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के ग्रामीण भी जगदीश के घर पहुंच गए।

# बीच सड़क युवकों के गुटों में मारपीट

## पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बीच सड़क पर युवकों के दो गुटों में फाइटिंग होने से अफरा तफरी मच गई। लात घूंसों चलने के कारण सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों गुटों के युवकों को हिरासत में ले लिया।

बुधवार की दोपहर नगर बस स्टैंड पर युवकों के दो गुटों में लात घुसे चलने लगे। दोनों पक्ष ने मोबाइल से फोन कर अपने पक्ष के युवकों को मौके पर बुला लिया। कुछ ही देर में दोनों युवकों के गुट फिल्मी अंदाज में आ गये तथा फाइटिंग करने लगे। एक युवक ने दूसरे गुट के युवक के गाल पर अपने दांतों से काटकर उसे लहूलुहान कर दिया। दोनों गुटों के युवकों की फाइटिंग को देखने के लिए वहां पर भारी भीड़ जमा हो गई। कुछ ही देर में वहां पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस दोनों गुटों के युवकों को पकड़कर



कोतवाली ले आई। इस दौरान गजरौला बस स्टैंड पर हंगामें की स्थिति बनी रही। कुछ देर के बाद सड़क पर मारपीट कर हंगामा करने वाले युवकों को छुड़ाने के लिए काफी लोग कोतवाली के बाहर पहुंच गये।

# बाइकों की भिड़ंत में पल्लेदार घायल

**हसनपुर**। दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार घायल हो गया। घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया है। गांव शाहपुर कला-करन खाल लिंक मार्ग पर कालका मंदिर के पास बुधवार सुबह जीराज पुत्र कृष्णा अपनी बाइक से मंडी में पल्लेदारी करने जा रहा था। जैसे ही वह कालका मंदिर के सामने पहुंचा सामने से आ रहे एक अन्य बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद अज्ञात बाइक सवार मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घायल जीराज को उठाकर नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। लेकिन उसकी हालत नाजुक होने के कारण उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। घायल के परिजनों ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्लाट को लेकर मारपीट में आठ पर मुकदमा

## पुलिस ने शुरू की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दो पक्षो के बीच प्लाट को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने दोनों तरफ से आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बताते चलें कि बस्ती के मोहल्ला नई बस्ती में साजिद अली का परिवार रहता है। वहीं, गांव बीलना में मोहम्मद अलीम का परिवार रहता है। नहर के पास प्लॉट की दीवार को लेकर सोमवार दोपहर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। मोहम्मद अलीम के मुताबिक साजिद ने अपने साथी अनवर और दो अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उनके प्लॉट की दीवार तोड़ दी। दीवार तोड़ने का कारण पूछा तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। वहीं, साजिद का आरोप है कि वह अपने प्लॉट पर अनवर के साथ दीवार हटा रहे थे। तभी मोहम्मद अलीम ने अपने साथी इसराल अहमद, महबूब उर्फ कलवा के साथ मिलकर मारपीट की। विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला किया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने दोनों पक्ष के आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# कांवड़ियों के आगमन से बही भक्ति की बयार

## शिवरात्रि व दूसरे सोमवार के लिये जल लेकर लौट रहे हैं शिवभक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। हरिद्वार से जल भरकर लौट रहे कांवड़ियों के बम बम भोले के उद्घोष से नगर कावड़मय हो गया है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों की संख्या बढ़ गई है। उधर, धनौरा मार्ग पर स्थित सेवा शिविरों पर कांवड़ियों की सेवा की जा रही है। कांवड़ियों की संख्या बढ़ने के कारण पुलिस प्रशासन ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। कांवड़ मार्ग पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिये जगह जगह पर पुलिस पिकेट तैनात हैं।

पुरूषों के साथ साथ महिलाएं तथा छोटे बच्चे भी गंगाजल लेकर लौट रहे हैं। सावन की शिव. रात्रि आगामी 23 जुलाई को जबकि दूसरा सोमवार 21 जुलाई को है। दोनों ही दिवसों पर भगवान शिव का जलाभिषेक होगा, इसलिए कांवड़िए हरिद्वार से कांवड़ भरकर लौटने लगे हैं, वहीं हरिद्वार जाने वाले कांवड़ियों की संख्या भी काफी है। ट्रैक्टर ट्रालियों, निजी वाहनों, बसों व ट्रेनों आदि के माध्यम से भी कांवड़िए जल भरने के लिये हरिद्वार व ब्रजघाट से पहुंच रहे हैं। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिये हाइवे व धनौरा मार्ग पर जगह जगह पर पुलिस की पिकेट तैनात हैं। सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बुधवार को भी कांवड़ मार्ग पर भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

**आस्था**

**बम भोले के जयकारों से गूंजा वातावरण**

### कल से शुरू होगा रूट डायवर्जन

**गजरौला**। दूसरे सोमवार व सावन माह की शिवरात्रि के लिये कल शुक्रवार से प्रारंभ होकर 23 जुलाई तक हाइवे पर भारी वाहनों का रूट डायवर्जन रहेगा। जिसके लिये यातायात विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।



गजरौला। ब्रजघाट से जल लेकर मंजिल की ओर बढ़ते शिवभक्त।

### खेल विशेष

## आरसीबी भगदड़ रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए: कर्नाटक हाईकोर्ट

**लॉर्ड्स, वार्ता।** बेंगलुरु, वार्ता। कर्नाटक हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि वह चार जून को हुई भगदड़ की घटना पर अपनी स्थिति रिपोर्ट सार्वजनिक करे, जिसने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई आईपीएल जीत के जश्न को गहरा धक्का पहुंचाया था। इस त्रासदी में 11 लोगों की मौत हुई थी और 50 से अधिक लोग घायल हुए थे। राज्य सरकार ने हाई कोर्ट से इस रिपोर्ट को गोपनीय रखने का अनुरोध किया था, लेकिन कोर्ट ने सोमवार, 14 जुलाई को स्पष्ट रूप से कहा कि इस तरह की गोपनीयता के लिए कोई कानूनी आधार नहीं है, और ये केवल 'सरकार की दृष्टि में तथ्यों की प्रस्तुति' है। कोर्ट ने सरकार को यह रिपोर्ट मामले के अन्य पक्षों - आरसीबी, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स, जो फ्रेंचाइजी के इवेंट पार्टनर हैं - को सौंपने का भी निर्देश दिया है।

## जितेश शर्मा घरेलू सत्र से पहले विदर्भ से बड़ौदा चले गए

**नई दिल्ली, वार्ता।** विदर्भ और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर जितेश शर्मा आगामी सत्र में बड़ौदा का प्रतिनिधित्व करेंगे। 31 वर्षीय जितेश शर्मा 2024-25 रणजी ट्रॉफी के दौरान किसी भी मैच में नहीं खेले और कप्तान और पहली पसंद विकेटकीपर अक्षय वाडकर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वह करुण नायर की अगुवाई वाली विदर्भ की सीमित ओवरों की टीम का हिस्सा बने रहे। बड़ौदा में स्थानांतरण की योजना पिछले कुछ समय से चल रही थी, और माना जा रहा है कि बड़ौदा के कप्तान क्रुणाल पांड्या के साथ जितेश के घनिष्ठ संबंधों ने इस कदम को आसान बनाया।

# सीरीज फतह करने की तैयारी में हरमनप्रीत बिग्रेड



**● इंग्लैंड की धरती पर पहली बार टी-20 सीरीज जीतने के बाद भारतीय टीम का आत्मविश्वास शीर्ष पर**

**साउथम्प्टन, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम इंग्लैंड में अपनी ऐतिहासिक टी-20 सीरीज जीत के बाद, अब एक नई चुनौती के लिए तैयार है। इंग्लैंड की धरती पर पहली बार टी-20 सीरीज (3-2 से) जीतने का कारनामा करने के बाद, भारतीय टीम का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर होगा, और अब उनकी निगाहें वनडे प्रारूप में भी अपनीधाक जमाने पर टिकी हैं। साउथम्प्टन के रोज बाउल में वनडे सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा, जहां दोनों टीमें एक मजबूत शुरुआत करना चाहेंगी। साउथम्प्टन का रोज बाउल मैदान आमतौर पर एक संतुलित पिच प्रदान करता है। यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है, जहां गेंद बल्ले पर अच्छे से आती है और उछाल भी समान रहता है। हालांकि, शुरुआती ओवरों में तेज गेंदबाजों को स्विंग और कुछ मूवमेंट मिल सकती है, खासकर यदि मौसम में नमी हो। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता है, स्पिनर बीच के ओवरों में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। कुल मिलाकर, यहां एक उच्च स्कोरिंग मुकाबले की उम्मीद की जा सकती है। भारत हाल ही में शानदार फॉर्म में है। टी-20 सीरीज में इंग्लैंड को उनके घर में हराना एक बड़ी उपलब्धि थी, जिसने टीम की गहराई और जुझारूपन को दिखाया। इसके ठीक पहले, भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका में खेली गई त्रिकोणीय वनडे सीरीज में भी विजेता का खिताब अपने नाम किया था, जहां फाइनल में स्मृति मंधाना के शानदार शतक (116 रन) ने भारतीय बल्लेबाजी की ताकत को दर्शाया था। सितंबर में होने वाले घरेलू वनडे वर्ल्ड कप से पहले, भारत के पास अपनी टीम संयोजन रणनीतियों को आजमाने के लिए केवल छह मुकाबले बचे हैं। इंग्लैंड में शुरू हो रही यह सीरीज टीम की योजनाओं की एक अहम झलक दिखा सकती है। कप्तान हरमनप्रीत कौर इसे एक 'सकारात्मक चुनौती' मानती हैं, जिसका श्रेय वे टीम में बढ़ती गहराई और संतुलन को देती हैं। वनडे वर्ल्ड कप के लिए टीम को अंतिम रूप देने की तैयारी में जुटे भारत के पास हर विभाग में कुछ अहम चयन दुविधाएं हैं। प्रतिका रावल बनाम हरलीन और शेफाली की ओपनिंग जोड़ी के चयन से जुड़े कुछ अहम सवालों का जवाब देना होगा। साथ तेज गेंदबाजी और स्पिन विभाग में भी उन्हें सही विकल्पों का चुनाव करना होगा। वहीं इंग्लैंड की टीम टी-20 में मिली हार के बाद वनडे में वापसी करने का भरपूर प्रयास करेगी।



शेफाली वर्मा

## लॉर्ड्स में धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड पर जुर्माना

**● इंग्लैंड के अब डब्ल्यूटीसी तालिका में 24 की जगह 22 हो गए है और अंक प्रतिशत 61.11 हो गया**

**दुबई, वार्ता।** लॉर्ड्स टेस्ट मेंधीमी ओवर गति के कारण इंग्लैंड के डब्ल्यूटीसी में दो अंक काटे गए हैं, साथ ही उन पर जुर्माना भी लगा है।

इसकी वजह से इंग्लैंड के अब डब्ल्यूटीसी तालिका में 24 की जगह 22 हो गए हैं और उनका अंक प्रतिशत भी 66-67 प्रतिशत से 61.11प्रतिशत हो गया है। इस कारण से अब वे ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बाद दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। इंग्लैंड पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। डब्ल्यूटीसी खेल शर्तों के अनुच्छेद 16-11-2 के अनुसार, समय को ध्यान में रखने के बाद प्रत्येक ओवर के लिए एक अंक का दंड दिया जाता है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपनी गलती मानी है, जिसके बाद कोई आधिकारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। तीसरे टेस्ट को जीतकर इंग्लैंड ने सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। यह एक उच्च दबाव और रोमांच वाला मैच रहा, जिसमें खिलाड़ियों के बीच गर्मागर्मी भी देखी गई। व्यक्तिगत प्रदर्शन में जोफ्रा आर्चर का सबसे तेज स्पैल, जो रूट और केएल राहुल का शतक और जसप्रीत बुमराह का पांच विकेट शामिल रहा। मैच की तीव्रता जल्द ही बढ़ गई जब दोनों टीमें पहली पारी में 387 के समान स्कोर पर रह गई, जिससे टेस्ट दूसरी पारी में भी बराबरी पर आ गया। जब भारत को जीत के लिए 193 रनों का लक्ष्य मिला, तो उन्होंने निचले क्रम की महत्वपूर्ण साझेदारियों के साथ खेल को आखिरी सत्र तक पहुंचाया।

## टॉप-10 बल्लेबाजों में लौटी शेफाली

**दुबई, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा आईसीसी महिला टी-20 खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष 10 बल्लेबाजों में वापस आ गईं हैं।

**● इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में 176 रन बनाकर शेफाली वर्मा दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रही**

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में 158-56 के स्ट्राइक रेट से 176 रन बनाकर, शेफाली साथी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के बाद दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। 21 वर्षीय शेफाली ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। पांचवें मैच में भारत की आखिरी गेंद पर हार में 41 गेंदों पर 75 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं और 655 अंकों के साथ चार स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गईं। भारत की 3-2 से श्रृंखला जीत में एक और अहम योगदान देने वाली अरुंधति रेड्डी, जिन्होंने श्रृंखला के दौरान छह विकेट लिए, ने भी बढ़त हासिल की। अंतिम टी-20 मैच में दो विकेट लेने वाली रेड्डी गेंदबाजी रैंकिंग में चार स्थान की छलांग लगाकर 39वें और ऑलराउंडरों की सूची में 26 स्थान की छलांग लगाकर 80वें स्थान पर पहुंच गईं। इंग्लैंड के कई सितारों ने भी सकारात्मक प्रगति की है। स्पिनर चार्ली डीन ने पिछले मैच में 23 रन देकर 3 विकेट लेकर 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब जीतकर गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाई। वह आठ स्थान की छलांग लगाकर नशरा संधू और जॉर्जिया वेयरहैम के साथ संयुक्त छठे स्थान पर पहुंच गईं। लिंसे स्मिथ भी नौ स्थान की छलांग लगाकर 38वें स्थान पर पहुंच गईं, जबकि तेज गेंदबाज इस्सी वोंग सात स्थान की छलांग लगाकर 50वें स्थान पर पहुंच गईं। एमिली अर्लट, जिन्होंने इसी साल गर्मियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड के लिए पदार्पण किया था, 15 स्थान के सुधार के साथ 67वें स्थान पर पहुंच गईं। सोफिया डंकले, जो 151 रनों के साथ इंग्लैंड की शीर्ष स्कोरर रहीं, पिछले दो मैचों में 22 और 46 रनों के महत्वपूर्ण योगदान के बाद बल्लेबाजी रैंकिंग में सात अंक की छलांग लगाकर 19वें स्थान पर पहुंच गईं।





जो रूट

## टेस्ट रैंकिंग में फिर नंबर-1 जो रूट

**● कुमार संगकारा के बाद नंबर-1 पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज बल्लेबाज बने रूट**

**दुबई, वार्ता।** इंग्लैंड के जो रूट ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत लॉर्ड्स में भारत पर 22 रनों की जीत के साथ आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। रूट (888 रेटिंग अंक) ने 104 और 40 रनों की पारी की बदौलत हमवतन हैरी ब्रूक (862) को पछाड़कर नंबर 1 स्थान हासिल किया, जिससे मेजबान टीम ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। रूट का यह आठवां शीर्ष स्थान है और 34 साल की उम्र में, वह दिसंबर 2014 में 37 वर्षीय कुमार संगकारा के बाद से नंबर 1 पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज बल्लेबाज हैं। ऑस्ट्रेलियाई स्टीव स्मिथ (816) भी जमैका में वेस्टइंडीज के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में किए गए शानदार प्रदर्शन की बदौलत शीर्ष 10 में एक स्थान ऊपर चढ़े हैं। स्मिथ ने मेहमान टीम की जीत में 48 रन बनाए, जबकि उनके साथी कैमरन ग्रीन 46 और 42 रन की पारी की बदौलत 16 स्थान की छलांग लगाकर 29वें (619) स्थान पर पहुंच गए। कैरेबियन में गुलाबी गेंद से गेंदबाजों ने दूधिया रोशनी में शानदार प्रदर्शन किया, स्कॉट बोलैंड के टेस्ट में छह विकेट (और एक हैट्रिक) लेने के प्रयास ने उन्हें करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंचा दिया।





## लक्ष्य सेन, सात्विक-चिराग शेट्टी जापान ओपन के राउंड ऑफ-16 में


**टोक्यो, वार्ता।** लक्ष्य सेन और सात्विक साईराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने बुधवार को अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर जापान ओपन 2025 के अगले दौर में जगह बना ली है। सेन ने संयमित प्रदर्शन करते हुए चीन के वांग झेंग लजग को 21-11, 21-18 से हराया। सेन का दूसरे दौर में जापान के स्टार खिलाड़ी कोडाई नाराओका से मुकाबला होगा। वहीं पुरुष युगल के मुकाबले में, सात्विक और चिराग ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की और दक्षिण कोरिया के कांग मिन-ह्युक और की डोंग-जू की जोड़ी को 21-18, 21-10 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया।

# शास्त्री ने बताए हार के दो अहम पल

**● भारतीय उप-कप्तान ऋषभ पंत का रन आउट और करुण नायर का आउट होना**

**लंदन, वार्ता।** लॉर्ड्स में खेला गया तीसरा टेस्ट मैच इंग्लैंड और भारत के बीच एक जबरदस्त मुकाबला रहा, जिसमें ज्यादातर समय दोनों टीमों के बीच कोई घस फर्क नहीं पड़ा। लेकिन आखिरकार मेजबान टीम ने बढ़त हासिल कर ली और कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स की अगुवाई में इंग्लैंड के गेंदबाजों ने चौथे दिन के आखिरी और पांचवें दिन के शुरुआती सत्र में नाटकीय रूप से भारतीय टीम कोधराशायी कर दिया और 193 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही भारत की टीम को 170 रनों पर समेट दिया।

हालांकि आईसीसी के नंबर 1 टेस्ट ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने जबरदस्त वापसी की। एक रोमांचक टेस्ट मैच में, जो लगातार आगे-पीछे होता रहा, शास्त्री ने उन अहम पलों की ओर इशारा किया जिन्होंने पलड़ा इंग्लैंड के पक्ष में झुका दिया, ठीक उस समय जब भारत का पलड़ा भारी लग रहा था। रवि शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू के नवीनतम संस्करण में कहा कि इस टेस्ट मैच में मेरे



लिए टर्निंग पॉइंट, सबसे पहले, पहली पारी में ऋषभ पंत का आउट होना था। बेन स्टोक्स, लंच के समय दाहिने छोर पर हिट करने और उसे सफलतापूर्वक आउट करने के लिए अद्भुत सूझबूझ का परिचय देते हैं। क्योंकि भारत बढ़त बना सकता था और वे ड्राइवर सीट पर थे। भारतीय उप-कप्तान पंत 74 रन बनाकर खेल रहे थे, लेकिन स्टोक्स की शानदार फीलल्डग ने उन्हें तीसरे दिन लंच के समय ड्रेसिंग रूम वापस भेज दिया। शास्त्री ने कहा कि यह कहने के बाद, दूसरी पारी में एक बार फिर 40/1 के स्कोर पर, मुझे लगा कि करुण नायर की एकाग्रता में बहुत बड़ी चूक थी, एक सीधी गेंद, एक न चलने वाली गेंद, को छोड़ देना और इंग्लैंड के लिए रास्ता खोल देना। मुझे लगता है कि उस आउट होने के समय ने स्थिति बदल दी। उन्होंने कहा कि क्योंकि आपने देखा होगा कि जब सिराज ने बल्लेबाजी की, जब बुमराह ने बल्लेबाजी की, जब जडेजा ने बल्लेबाजी की, एक बार जब गेंद 40 ओवर पुरानी हो गई, तो उन्होंने मुश्किल से कोई गलती की। शास्त्री ने कहा कि 'उनका डिफेंस मज़बूत था और लंच के समय 82 रनों का लक्ष्य हासिल करने के लिए, आपको लगता था कि अगले 10 मिनट में यह काम पूरा हो जाएगा। लेकिन उस 82 या 83 रनों को 22 रनों पर लाना एक बड़ी उपलब्धि थी। उन्होंने कहा कि 'इससे पता चलता है कि अगर चौथे दिन, अंत में, शीर्ष क्रम थोड़ा और मजबूत और मानसिक रूप से मजबूत होता, तो यह मैच भारत का होता। शास्त्री का मानना है कि मैच के कुछ चरणों में भारत शीर्ष पर था, लेकिन इंग्लैंड को जरूरी मौकों का फायदा उठाने के लिए पूरा श्रेय दिया जाना चाहिए।

## फौजा सिंह को कार से टक्कर मारने के आरोप में प्रवासी गिरफ्तार

**जालंधर, वार्ता।** मैराथन धावक फौजा सिंह (114) को कार से टक्कर मारकर घायल करने के आरोप में पुलिस ने प्रवासी (एनआरआई) अमृतपाल सिंह ढिल्लों (26) को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरविंदर सिंह विर्क ने बुधवार को यहां एक प्रेस सम्मेलन में बताया कि पुलिस ने घटना के तीस घंटों के भीतर मामले को सुलझाते हुए आरोपी ढिल्लों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया था। ढिल्लों करतारपुर के दसूपुर गाँव का निवासी है और कनाडा में रहता है। वह आठ दिन पहले ही भारत आया था।

उन्होने कहा कि पूछताछ में ढिल्लों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है और बताया है कि घटना के समय वह अकेला था और भोगपुर से किशनगढ़ की ओर जा रहा था। जब वह ब्यास लपड के पास पहुंचा तो एक बुजुर्ग उनकी गाड़ी की चपेट में आ गया। उन्हें ये नहीं पता था कि बुजुर्ग फौजा सिंह हैं। जब देर रात खबरें आनी शुरू हुई तो फौजा सिंह की मौत के बारे में पता चला। पुलिस ने उसकी फॉर्च्यूनर कार को भी जब्त कर लिया है। ढिल्लों को आज अदालत में पेश किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आरोपी ढिल्लो ने 14 जुलाई को सड़क पार करते समय अपनी फॉर्च्यूनर एसयूवी कार से फौजा सिंह को टक्कर मार दी थी जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए थे। बाद में श्री फौजा सिंह ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एसएसपी ने बताया कि मामले की जांच के लिए बनाई गई टीम ने कुछ गाड़ियां लिस्ट आउट की थीं। उन्होंने बताया कि उनमें से एक फॉर्च्यूनर गाड़ी की पहचान मंगलवार देर शाम की गई। नंबर से पता चला कि गाड़ी कपूरथला के अठौली गांव के रहने वाले वरिंदर सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड है। जिसके बाद जालंधर पुलिस की टीमें कपूरथला रवाना हुई और वरिंदर तक पहुंचीं।

## भारत के खिलाफ आखिरी दो टेस्ट मैचों में खेल सकते हैं: आर्चर



**लंदन, वार्ता।** जोफ्रा आर्चर ने कहा कि लॉर्ड्स में जीत के साथ शानदार वापसी करने के बाद, वह भारत के खिलाफ इंग्लैंड की श्रृंखला के आखिरी दो टेस्ट मैचों में खेल सकते हैं। चोटों के कारण यह तेज गेंदबाज चार साल से ज्यादा समय तक टेस्ट क्रिकेट से दूर रहा, लेकिन 22 रनों की रोमांचक जीत में अहम भूमिका निभाई जिससे इंग्लैंड को श्रृंखला में 2-1 की बढ़त मिली। 30 वर्षीय आर्चर ने अपनी वापसी की तीसरी गेंद पर एक विकेट लिया, फिर भारत की दूसरी पारी में तीन विकेट लिए, जब इंग्लैंड ने 192 रनों के लक्ष्य का बचाव किया।

उन्होंने 39-2 ओवर पूरे किए और पूरी पारी में तेज गति से गेंदबाज़ी की - उनकी औसत गति कभी भी 87 मील प्रति घंटे से कम नहीं रही और ससेक्स के इस खिलाड़ी ने 41 गेंदें 90 मील प्रति घंटे से ज्यादा की रफ़्तार से फेंकी। टेस्ट क्रिकेट में वापसी के दौरान आर्चर का बहुत ध्यान रखा गया था और उन्होंने लगभग सिर्फ सफेद गेंद वाले मैच ही खेले थे। ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथा टेस्ट और ओवल में पांचवां टेस्ट एक के बाद एक हैं, इसलिए यह सुझाव दिया गया है कि इंग्लैंड को उनके कार्यभार को नियंत्रित करना होगा। लेकिन आर्चर ने कहा कि 'अगर वे मुझे अनुमति दें तो मैं बाकी दो मैच भी खेल सकता हूँ। मैं यह सीरीज नहीं हारना चाहता। मैंने कहा था कि मैं गर्मियों में टेस्ट मैच खेलना चाहता हूँ और एशेज भी खेलना चाहता हूँ।

आर्चर ने कहा कि एक टेस्ट मैच पहले ही हो चुका है और मैं नवंबर में ऑस्ट्रेलिया जाने वाली फ्लाइट में बैठने के लिए हरसंभव कोशिश करूंगा। आर्चर ने लॉर्ड्स में अपना 14वां टेस्ट कैप जीता। उनका 13वां टेस्ट मैच 2021 की शुरुआत में अहमदाबाद में भारत के खिलाफ आया था। इस बीच, पीठ और कोहनी की गंभीर चोटों के कारण उनका करियर खतरे में पड़ गया था। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें कभी टेस्ट क्रिकेट में वापसी पर संदेह हुआ, तो उन्होंने जवाब दिया: "नहीं।

## दीपिका और विक्टर वेगनेज ने जीता शीर्ष पुरस्कार

**स्विट्ज़रलैंड, वार्ता।** एक और रोमांचक एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन के समापन के बाद, दुनिया भर के हॉकी प्रशंसकों ने दीपिका (भारत) व विक्टर वेगनेज (बेल्जियम) को पोलिग्रास मैजिक स्किल अवाड्र्स का विजेता चुना है। एफआईएच ग्लोबल सप्लायर पोलिटन द्वारा प्रदान किए गए इस पुरस्कार में, प्रशंसकों ने 4 से 13 जुलाई तक हॉकी के जादू को दर्शाने वाले पलों को चुनने के लिए वोट किया। पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए शॉर्टलिस्ट में छह शानदार प्रदर्शन शामिल थे -3 महिला और 3 पुरुष- जिन्होंने 'लीग ऑफ द बेस्ट' सीजन के दौरान मैदान की शोभा बढ़ाई। आखिरकार, पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड दीपिका को उनकी शानदार ड्रैगिंग और फ्लिकिंग क्षमता के लिए मिला, जिसमें उन्होंने एक शानदार सोलो गोल किया।

# जडेजा इंग्लैंड में1000 रन पूरे करने के करीब



**लंदन, वार्ता।** दुनिया के नंबर एक आलराउंडर भारत के रवींद्र जडेजा इंग्लैंड में 1000 रन पूरा करने के करीब पहुंच गए हैं। जडेजा ने लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में नाबाद 61 रन बनाये लेकिन भारत यह मुकाबला 22 रन से हार गया। जडेजा का यह लगातार चौथा अर्द्धशतक था। उन्होंने बर्मिंघम और लॉर्ड्स दोनों में जुड़वां फिफ्टी लगाई।

उनसे पहले इंग्लैंड में लगातार चार 50+ स्कोर बनाने वाले केवल दो भारतीय बल्लेबाज हैं - सौरव गांगुली (2002) और ऋषभ पंत (2022 और 2025)। लॉर्ड्स में आखिरी दिन उनकी नाबाद 61 रन की पारी टेस्ट की चौथी पारी में उनका पहला 50+ स्कोर था। इंग्लैंड में जडेजा ने टेस्ट में नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए 942 रन बनाए हैं। इस लिस्ट में मेहमान बल्लेबाजों में उनसे ज्यादा रन सिर्फ गैरी सोबर्स (1097) ने बनाए हैं। इंग्लैंड में उनके नाम एक शतक और सात अर्द्धशतक हैं, गैरी सोबर्स (9) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। भारत ने सोमवार को सातवां विकेट गिरने के बाद जितनी गेंदें (301) खेलीं। यह टेस्ट की चौथी पारी में आखिरी तीन साझेदारियों में खेली गई सबसे अधिक गेंदें हैं। इससे पहले रिकॉर्ड 294 गेंदों का था, जो इंग्लैंड ने 2015 में दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ बनाया था (नोट: गेंदों का डेटा 1998 से उपलब्ध है)। जडेजा और जसप्रीत बुमराह ने 22 ओवर तक साझेदारी निभाई। यह पिछले दस वर्षों में भारत के लिए 9वें या 10वें विकेट के लिए सबसे लंबी साझेदारी है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स लॉर्ड्स में टेस्ट में चार बार प्लेयर ऑफ द मैच बने हैं। यह इस मैदान पर किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे ज्यादा है। उन्होंने इससे पहले 2015 (न्यूजीलैंड), 2017 (विंडीज) और 2019 (ऑस्ट्रेलिया) में यह अवॉर्ड जीता था। कुल मिलाकर उनके नाम टेस्ट में 11 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड हैं, जो इंग्लैंड के लिए तीसरे सबसे ज्यादा हैं। उनके आगे जो रूट (13) और इयान बॉथम (12) का नाम आता है। इस लॉर्ड्स टेस्ट में इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ियों में 15 बल्लेबाज बोल्ड हुए, यह 1965 से खेले गए 2000 से अधिक मैचों में सबसे अधिक है। पिछली बार टेस्ट में 1965 में जॉर्जटाउन में विंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए टेस्ट में 15 या उससे अधिक खिलाड़ी बोल्ड हुए थे।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 17 जुलाई 2025

## नाटो का टैरिफ राग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्यापार करने की जो नई राह दिखाई, उस पर अब नाटो भी चलता दिखाई दे रहा है। नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो के महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को बेहद बेबाक तरीके से कहा कि भारत के प्रधानमंत्री हों या ब्राजील के राष्ट्रपति हों या चीन के राष्ट्रपति हों, इससे उनको कोई फर्क नहीं पड़ता। अगर कोई भी देश रूस के साथ व्यापार करता है, तो उसको भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। वह यह सलाह भी देते दिखाई दिए कि चीन, भारत और ब्राजील को रूस पर दबाव डालना चाहिए। जिससे वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें और अगर यह ऐसा नहीं करते और रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखते हैं तो इन देशों पर सौ प्रतिशत सेकेंडरी प्रतिबंध लगाया जाएगा। रूस ने नाटो महासचिव की इस धमकी को पूरी तरह खारिज किया है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने हालांकि कहा कि रूस ट्रम्प के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इस तरह के अल्टीमेटम मंजूर नहीं हैं और अगर नाटो व अमेरिका व्यापार को लेकर ऐसा ही रवैया अपनाएंगे, तो रूस भी ऑप्शनल बिजनेस रूट तलाशेगा यानि नए साथी बनाएगा। डोनाल्ड ट्रम्प पहले ही व्यापार को लेकर बेहद आक्रामक मुद्रा में दिखाई दे रहे हैं। वह व्यापार को लेकर किस तरह का नजरिया रखते हैं, इसका पता उनके यह कहने से चल जाता है कि वह ट्रेड को कई चीजों के लिए इस्तेमाल करते हैं, लेकिन यह युद्ध खत्म करने के लिए बहुत अच्छा है। वह अपने इस अल्टीमेटम का बचाव कर रहे थे जो उन्होंने रूस को कहकर दिया कि अगर राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन 50 दिन में यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं करते, तो उस पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। भारत-पाक के बीच जो सीज फायर हुआ था, उसका श्रेय भी ट्रम्प ने यह कहकर कई बार लेने की कोशिश की कि उन्होंने दोनों देशों से व्यापार की धमकी देकर युद्ध को रुकवाया था। यह बात अलग है कि भारत ने कभी भी यह स्वीकार नहीं किया और ट्रम्प के दावे को खारिज किया, लेकिन ट्रम्प के व्यवहार में कोई कमी आती दिखाई नहीं दी। इसमें कोई दोराय नहीं कि हर देश को यह हक है कि वह अपने हितों को देखकर व्यापार करे। इसमें कोई बुराई भी नहीं है। बुराई तब पैदा होती है जब कोई देश दूसरे के हित की अन्देखी करता है और अपने ही हितों को साधने की कोशिश करता है, जैसाकि अमेरिका इस समय करता दिखाई दे रहा है और अब तो उसके साथ नाटो भी लग गया है। अमेरिका चाहता है कि उसके लिए दुनियाभर के बाजार खुलें। वह भी बिना कुछ दिए, यानि उसके सामानों पर किसी तरह का कोई टैक्स न लगे, लेकिन जो सामान अमेरिका आए उस पर भारी टैक्स लगाया जाए। इसे कहीं से भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता और यूं भी अमेरिका अभी भी विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति है। इस नाते तो उसका और भी कर्तव्य बढ़ जाता है कि वह छोटे व विकासशील देशों का ध्यान रखे। भारत के साथ अभी तक यूं तो उसकी कोई ट्रेड डील सामने नहीं आई, लेकिन ट्रम्प खुद ही उम्मीद जताते दिखाई दे रहे हैं कह रहें कि हमें इंडियन मार्केट में पहुंच मिलने वाली है।

### इसी दिन का भी इंतजार कर रहे थे



मैं मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी का आभारी हूं कि उन्होंने केंद्र के समक्ष जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे का मुद्दा उठाया, हम तो इसी दिन का भी इंतजार कर रहे थे जब विपक्ष संसद और दिल्ली में हमारी आवाज उठाएगा, हम ऐसी कोई चीज नहीं मांग रहे, जिसका हमसे वादा न किया गया हो, संसद में और संसद के बाहर सार्वजनिक कार्यक्रमों में और शीर्ष न्यायालय में भी बार-बार कहा गया है कि उचित समय पर जम्मू- कश्मीर को राज्य का दर्जा दिया जाएगा, जब शीर्ष न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया था, तो उसने कहा था कि जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए, जितनी जल्दी हो सके वाले वाक्य का अब औचित्य नहीं रहा और समय आ गया है कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिया जाए। -उमर अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर

## 'एक्सोलोटल' की अंग पुनर्जनन क्षमता का रहस्य उजागर





एम. इमरान

जैव-विज्ञान के इतिहास में कुछ ऐसे क्षण आते हैं, जब विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं की सीमा से बाहर निकलकर मानव भविष्य को बदलने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाता है। जून 2025 का महीना भी ऐसा ही एक ऐतिहासिक समय बन गया, जब वैज्ञानिकों ने दुनिया के सबसे आश्चर्यजनक जीवों में से एक एक्सोलोटल की अंग-पुनर्जनन क्षमता का रहस्य उजागर कर दिया। यह खोज न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से महान उपलब्धि है, बल्कि यह भविष्य में मानव शरीर के अंगों की मरम्मत, अंग पुन: उत्पत्ति और चोटों के बाद अंगों की पुनर्रचना के लिए मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

एक्सोलोटल, जिसे मेक्सिकन वॉकिंग फिश भी कहा जाता है, वास्तव में एक उभयचर (Amphibian) है और यह विशेष रूप से अपनी असाधारण क्षमता के लिए जाना जाता है। यह अपने शरीर के कटे हुए अंगों को पुन: विकसित कर सकता है, चाहे वह हाथ-पैर हो, रीढ़ की हड्डी हो, मस्तिष्क का भाग हो या यहां तक कि दिल का कुछ हिस्सा भी। वैज्ञानिकों ने दशकों से इस रहस्य को सुलझाने की कोशिश की थी कि आखिर कैसे एक्सोलोटल बिना किसी जख्म या निशान के पूरे अंग को फिर से उगा लेता है, लेकिन जून 2025 में नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने इस गूढ़ रहस्य की जड़ तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की।

इस अनुसंधान की मुख्य खोज रही CYP26B1 एंजाइम की भूमिका। इस एंजाइम का कार्य शरीर के एक विशेष अणु, रेटिनोइक एसिड (Retinoic Acid) को तोड़ना है। यह अणु शरीर के विभिन्न हिस्सों को यह स्थिति संकेत देता है कि वे शरीर के किस भाग में स्थित हैं जैसे कि कंधे, कोहनी या अंगुलियां। जब एक्सोलोटल का कोई अंग कटता है, तो पुनर्जनन प्रक्रिया शुरू होती है। इस प्रक्रिया में कोशिकाएं एक ब्लास्टेमा नामक संरचना बनाती हैं, जो मूल रूप से स्टेम सेल्स से भरी एक निर्माण इकाई होती है। अब प्रश्न यह था कि ए स्टेम सेल्स कैसे जानती हैं कि उन्हें क्या बनाना है? कोहनी? अंगुली? या पूरा हाथ?

CYP26B1 एंजाइम इस प्रक्रिया में मुख्य भूमिका निभाता है। यह एंजाइम रेटिनोइक एसिड को कंधे की ओर अधिक मात्रा में रहने देता है और हाथ की ओर इसे तोड़ता है। इस कारण एक प्रकार का जैविक केमिकल मैप बनता है जो कोशिकाओं को यह दिशा देता है कि वे कहां हैं और उन्हें कौन सा अंग बनाना है। इस खोज ने पहली बार यह वैज्ञानिक प्रमाण दिया कि अंग-पुनर्जनन में रासायनिक संकेतों की दिशा और तीव्रता किस प्रकार निर्णायक होती है।

इस शोध में एक और दिलचस्प प्रयोग किया गया। वैज्ञानिकों ने एक दवा टालारोजोल (Talarozole) का उपयोग किया, जो CYP26B1 एंजाइम को अवरुद्ध कर देती है। जब इस दवा का उपयोग कर एक्सोलोटल की कोहनी की कोशिकाओं में रेटिनोइक एसिड का स्तर बढ़ा दिया गया, तो वे कोशिकाएं यह समझने लगीं कि वे शरीर के ऊपरी हिस्से जैसे कंधे में हैं। परिणामस्वरूप उन्होंने एक नया पूरा हाथ विकसित कर लिया यानी एक अंग से दो अंग निकल आए। यह घटना वैज्ञानिकों के लिए अत्यंत चौंकाने वाली थी, क्योंकि यह पहली बार हुआ कि कोशिकाओं की स्थिति की समझ को कृत्रिम रूप से बदला गया और उससे पूर्ण अंग का निर्माण हुआ।

इस खोज में एक अन्य महत्वपूर्ण जीन Shox की भूमिका भी स्पष्ट हुई। यह जीन मानवों और अन्य प्राणियों में हाथ-पैर की लंबाई और हड्डियों के विकास में भूमिका निभाता है। वैज्ञानिकों ने जब इस जीन को निष्क्रिय किया, तो एक्सोलोटल के पुनर्जीवित अंगों में विकृति देखी गई। विशेष रूप से ऊपरी हड्डियां अधूरी और असामान्य थीं। इसका तात्पर्य यह है कि Shox जीन अंग की संरचना और विस्तार को निर्देशित करता है। यदि यह जीन निष्क्रिय हो जाए, तो कोशिकाएं जानती तो हैं कि वे कौन सा अंग बना रही हैं, लेकिन वे उसे सही रूप में नहीं बना पातीं। यह शोध इसलिए भी अद्भुत है क्योंकि यह मानवों के लिए अप्रत्यक्ष रूप से एक नई दिशा दिखाता है। मनुष्य का शरीर भी रेटिनोइक एसिड, CYP26B1 और Shox जैसे जीन और एंजाइम से युक्त होता है, लेकिन हमारे शरीर की चोटों पर प्रतिक्रिया जख्म और दाग-धब्बों के रूप में होती है न कि अंग के पुन: निर्माण के रूप में।

इस शोध से यह संभावना बनती है कि यदि हम इन जैविक सिग्नलों को कृत्रिम रूप से नियंत्रित कर सकें, तो हम भी भविष्य में स्कारलेस वाउंड हीलिंग, अंग पुनर्रचना और स्टेम सेल आधारित उपचार विकसित कर सकते हैं। यह खोज केवल जैविक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि नैतिक, सामाजिक और चिकित्सा दृष्टिकोण से भी अत्यंत गहन है। मान लीजिए भविष्य में मानव हाथ या पैर कट जाने पर पुन: उगाए जा सकें, तो इसकी चिकित्सा, बीमा, पुनर्वास और कानून से संबंधित समस्याएं भी उत्पन्न होंगी, लेकिन साथ ही यह उन लोगों के लिए आशा की किरण होगी जो दुर्घटनाओं, जन्मजात विकारों या युद्धों में अपने अंगों को खो चुके हैं।

इस शोध का तकनीकी पक्ष भी उतना ही प्रभावशाली है। वैज्ञानिकों ने RNA अनुक्रमण, CRISPR तकनीक, इन-विवो इमेजिंग और जनरल स्टेम सेल विश्लेषण का प्रयोग करके पूरे पुनर्जनन प्रक्रिया को सूक्ष्मतम स्तर पर समझा। उन्होंने एक्सोलोटल के शरीर में रासायनिक संकेतों की दिशा, समय और घनत्व का सटीक मानचित्र तैयार किया, जो किसी भी पुनर्जीवन चिकित्सा के लिए आधारभूत उपकरण बन सकता है। वर्तमान में वैज्ञानिक मानव त्वचा की मरम्मत, यकृत ऊतकों के पुनर्निर्माण और रीढ़ की हड्डी की मरम्मत जैसे प्रयोग कर रहे हैं, लेकिन अंग-पुनर्जनन एक अलग ही स्तर की चिकित्सा क्रांति होगी। एक्सोलोटल की यह खोज इसमें नींव का पत्थर सिद्ध हो सकती है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस खोज के प्रभाव केवल चिकित्सा तक सीमित नहीं हैं। सेना, अंतरिक्ष विज्ञान, खेल जगत, औद्योगिक दुर्घटनाओं से पीड़ित व्यक्तियों, और यहां तक कि कृत्रिम अंग उद्योग पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है। जब मनुष्य स्वयं अंग पुन: उत्पन्न करने में सक्षम हो जाएगा, तो कृत्रिम अंगों की आवश्यकता में कमी आ सकती है। साथ ही इस दिशा में अनैतिक प्रयोगों की आशंका भी बढ़ेगी, जिसके लिए नीति-निर्माताओं और वैज्ञानिक समुदाय को पहले से ही तैयारी करनी होगी। जून 2025 की यह खोज केवल एक अंग पुनर्जनन का रहस्य उजागर नहीं करती, बल्कि यह एक व्यापक क्रांति की शुरुआत है एक ऐसा समय, जब विज्ञान और प्रकृति के अद्भुत समन्वय से हम अपने शरीर की मरम्मत स्वयं कर सकने में सक्षम होंगे। यह उस विज्ञान की जीत है जो प्रकृति के सिद्धांतों को समझकर उन्हीं सिद्धांतों का उपयोग करके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास करता है।

विज्ञान में यह खोज एक नए अध्याय की शुरुआत है मॉलिक्यूलर पॉजिशनल आइडेंटिटी का युग। जहां यह समझना संभव होगा कि कोशिकाएं कैसे अपने स्थान को जानती हैं, कैसे अंग की दिशा और रूपरेखा तय होती है और कैसे हम इन संकेतों को नियंत्रित करके शरीर में किसी भी प्रकार की जैविक मरम्मत कर सकते हैं।

यदि हम इस दिशा में शोध को आगे बढ़ाते हैं, तो संभवत: एक दिन हम न केवल अंग, बल्कि आंख, लीवर या यहां तक कि मस्तिष्क के कुछ हिस्सों को भी पुन: उत्पन्न करने में सफल होंगे। यह विज्ञान और चिकित्सा की सबसे बड़ी जीत होगी जब शरीर स्वयं को स्वयं ठीक कर सकेगा। एक्सोलोटल ने हमें वह झरोखा दिया है जिससे झांककर हम पुनर्योजन की दुनिया को देख सकते हैं। अब यह मनुष्य पर है कि वह उस झरोखे को दरवाजे में बदलता है या केवल प्रशंसा करके वहीं रुक जाता है।

## मानसून में भारत की इन जगहों पर घूमने न जाएं

**मानसून में बहुत लोग पहाड़ों पर घूमने का प्लान बना रहे हैं, लेकिन हादसे और बादल फटने की खबर से घबरा भी रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी मानसून में कुछ दिनों में पहाड़ों पर घूमने का प्लान कर रही हैं, तो आपको भी अलर्ट हो जाना चाहिए, क्योंकि इस समय हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की कुछ जगहों पर जाना बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है।**



एक ओर जहां शहरों में लोग तपती गर्मी से परेशान हो रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ पहाड़ों पर बारिश और बादल फटने आदि की घटनाएं परेशानी का कारण बन गई हैं। मानसून में बहुत लोग पहाड़ों पर घूमने का प्लान बना रहे हैं, लेकिन हादसे और बादल फटने की खबर से घबरा भी रहे हैं। ऐसे में अगर आप भी मानसून में कुछ दिनों में पहाड़ों पर घूमने का प्लान कर रही हैं, तो आपको भी अलर्ट हो जाना चाहिए। क्योंकि इस समय हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की कुछ जगहों पर जाना बिलकुल भी सुरक्षित नहीं है। वहीं मौसम विभाग ने भी आने वाले दिनों के लिए अलर्ट जारी किया है।

**इन जगहों पर जाना सेफ नहीं**

इन दिनों कुल्लू घूमने जाना खतरनाक साबित हो सकता है। क्योंकि कुल्लू में बादल फटने के कारण पानी का रौद्र रूप देखने को मिला है। कुल्लू में बादल फटने के बाद बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं, जिसकी वजह से जान-माल को काफी नुकसान हुआ है। ऐसे में मानसून में कुल्लू घूमने जाना सेफ नहीं है।

**कांगड़ा**

कांगड़ा में भी बादल फटने की वजह से काफी नुकसान देखने को मिला है। पानी के तेज बहाव में कई गाड़ियां भी बह गईं। ऐसे में अगर आप भी कांगड़ा घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो सेफ्टी के लिहाज से आपको लो. केशन बदल लेनी चाहिए। आप मानसून में पहाड़ी इलाकों से दूर अन्य हिल स्टेशन पर घूमने के लिए जा सकते हैं। क्योंकि मानसून में किसी भी पहाड़ी इलाके में यात्रा करना सुरक्षित नहीं है।

**मंडी**

कुल्ली में बादल फटने की खबर के बाद मंडी जिला प्रशासन द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन की ओर से कहा गया है कि ब्यास नदी के किनारे से दूर रहें। क्योंकि पानी के बहाव और बारिश के कारण हादसा हो सकता है। ऐसे में यात्रियों को इन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए।


**मणिकर्ण**

मानसून में मणिकर्ण साहिब दर्शन का प्लान बनाना भी काफी खतरनाक साबित हो सकता है। बीते दिनों ब्रह्मगंगा और गड़सा के गोमती नदी में बादल के फटने से पानी का स्तर अचानक से तेज हो गया। ऐसे में अगर आप मणिकर्ण जाने का प्लान बना रहे हैं, तो इस समय यहां जाना सुरक्षित नहीं है। वहीं अगर आप मणिकर्ण में हैं और ज्यादा बारिश हो रही है, तो प्रयास करें कि होटल में रहे।

## इस एक्ट को भी कोई नाम दीजिए जनाब



निर्मल रानी



याद कीजिए 31 मार्च, 2016 को राज्य में हो रहे चुनावी दंगल के बीच कोलकाता में विवेकानंद फ्लाईओवर गिरने की घटना और उसके बाद इस हादसे पर हुई जबरदस्त राजनैतिक बयानबाजी को। इस हादसे को लेकर बंगाल की ममता सरकार पर कटाक्ष करते हुए पीएम मोदी ने जबरदस्त हमला बोला था। उस हादसे में 25 लोग मारे गए थे। पुल निर्माता कम्पनी ने इस हादसे को दैवीय कृत्य बताकर हादसे के कारण पर पर्दा डालने की कोशिश की थी परन्तु उसी दौरान बंगाल में अपनी चुनावी सभाओं में इस हादसे को जोरदार चुनावी मुद्दा बनाते हुए तरह-तरह की बातें की थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मौत की राजनीति करने का आरोप लगाया था। मोदी ने कहा था कि कोलकाता में हुआ फ्लाई ओवर हादसा दैविक संदेश है कि लोग बंगाल को तृणमूल कांग्रेस से बचाएं। यह एक्ट ऑफ गॉड नहीं एक्ट ऑफ फ्रॉड है। प्रधानमंत्री ने उस समय कहा था कि वामपंथ और दक्षिणपंथ को भूल जाइए, उनके बारे में चिंता कीजिए जो मर रहे हैं। कम से कम मृतकों को तो सम्मान दीजिए, लेकिन दीदी को मरते लोग नहीं, कुर्सी दिखाई पड़ती है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा था कि उनकी (ममता) बेशर्मी तो देखिए। यह एक बड़ा हादसा था, लेकिन उन्होंने आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरू कर दिया। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ठेका पिछली वाम मोर्चा की सरकार के शासनकाल में दिया गया था। मैं दीदी से यह बात पूछना चाहता हूं कि पुल निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसके उद्घाटन के वक्त उन्होंने क्या यह बात कही कि इसका ठेका वाम मोर्चे की सरकार ने दिया था? नहीं, आपने इसका श्रेय लिया। अब चूंकि यह गिर चुका है, इसलिए आप दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। यह आपकी पैसे और मौत की राजनीति का एक हिस्सा है। उसी समय मोदी ने बड़े गर्व से यह भी फरमाया था कि जिस राज्य में भाजपा की सरकार है, वहां चौतरफा विकास हो रहा है। आपने बंगाल में वाम और तृणमूल को बहुत देखा और दोनों ने बंगाल को बर्बाद करने के लिए सब कुछ किया। भाजपा को एक मौका दीजिए और हम आपको दिखाएंगे कि विकास का मतलब क्या होता है परन्तु इत्तेफाक से मोदी के इस भाषण के बाद ही भाजपा शासित राज्यों के कथित विकास मॉडल की जो पोल खुलनी शुरू हुई वह परत दर परत खुलती ही जा रही है।

खासकर भाजपा शासित उस गुजरात राज्य की जिस के विकास मॉडल का नाम पर 2013 से लेकर देश को ठगा जा रहा था परन्तु एक के बाद एक कई बड़े हादसे होने के बाद अब गुजरात मॉडल का नाम लेना कम हो गया है। अन्य भाजपा शासित राज्यों की तो बात ही छोड़िए केवल गुजरात में ही हाल के वर्षों में कई पुल टूटने की घटनाएं सामने आई हैं। इनमें अभी ताजातरीन घटना महिसागर नदी पर बने वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाले गंभीरा ब्रिज के ढह जाने की हुई। गत 9 जुलाई को यह विशाल एवं व्यस्त पुल ढह गया जिसके चलते 5 वाहन नदी में गिर गए। इस हादसे में 17 लोगों की मौत की खबर है जबकि कई लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि रखरखाव के अभाव के चलते यह व्यस्त पुल जर्जर होता जा रहा था जो सरकार की अनदेखी के कारण एक बड़े हादसे की नौबत तक आ पहुंचा। इसी मॉडल राज्य में 30 अक्टूबर 2022 को मोरबी केबल ब्रिज हादसा हुआ था जबकि मच्छू नदी पर बना सस्पेंशन ब्रिज टूट गया था। 7 महीने के नवीनीकरण के बाद पर्यटकों हेतु यह पुल खोला गया था। इस सस्पेंशन ब्रिज टूटने के हादसे के समय पुल पर 300 से अधिक लोग मौजूद थे, जो इसकी क्षमता से ज्यादा थे। इस हादसे में 135 लोगों की मौत हुई थी और 56 लोग घायल हुए थे। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहत कार्यों का निर्देश दिया था और मृतकों के लिए 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की थी। इसी तरह गुजरात में ही 24 सितंबर 2023 को सुरेंद्रनगर ब्रिज हादसा हुआ था, जबकि सुरेंद्रनगर, राष्ट्रीय राजमार्ग को चूड़ा से जोड़ने वाला 40 साल पुराना पुल टूट गया था। इस हादसे में एक ट्रक सहित कई वाहन नदी में गिर गए थे।

यह पुल भी जर्जर संरचना और भारी वाहनों के दबाव के चलते ध्वस्त हुआ था। इसी तरह बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए निर्माणाधीन एक पुल वासद, आणंद में टूट गया। 5 नवम्बर 2024 को हुए इस हादसे में 3 मजदूरों की मौत हुई थी। इस हादसे का कारण भी निर्माण में खामियों की संभावना बताई गए थी। इसी तरह 24 जनवरी 2020 को मेहसाणा में खारी नदी पर बना पुल टूट गया था तो 21 दिसम्बर 2021 को अहमदाबाद में मुमतपुरा पुल का एक भाग टूट गया। जबकि जून 2025 में बोटाद में पाटलिया नदी पर बना पुल बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। सवाल यह है कि मॉडल राज्य गुजरात में होने वाले ऐसे हादसे क्या भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम नहीं? निश्चित रूप से गुजरात में पुल टूटने की इस तरह की घटनाएं संरचनात्मक सुरक्षा और रख-रखाव की कमी को उजागर करती हैं। और बार-बार होने वाले ऐसे हादसों से जनता में सरकार के प्रति अविश्वास बढ़ता है।

इसी तरह उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश या राजस्थान इन सभी भाजपा शासित राज्यों में कहीं निर्माणाधीन सड़कें बह रही हैं कहीं उद्घाटन से पूर्व कोई प्रोजेक्ट धराशाई हुआ जा रहा है। याद कीजिए महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के मालवन में स्थित राजकोट किले में केवल आठ माह पूर्व छत्रपति शिवाजी महाराज की जिस 35 फुट ऊंची मूर्ति का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों गया था वह प्रतिमा 26 अगस्त 24 को ताश के पत्तों की तरह ढह गई। उस समय चुनावी बेला में समय को भांपते हुए शिवाजी महाराज की इस प्रतिमा ढहने के मामले पर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छत्रपति शिवाजी से माफी मांगने के लिए सार्वजनिक रूप से सामने आना पड़ा था। उस समय मोदी ने कहा था कि छत्रपति शिवाजी महाराज न केवल हमारे लिए एक महान व्यक्ति हैं, बल्कि वह हमारे आदर्श हैं। मैं उस मूर्ति के चरणों में झुक रहा हूं और अब उनसे सिर झुकाकर माफी मांग रहा हूं। हमारे लिए शिवाजी आराध्य देव हैं परन्तु भाजपा शासित राज्यों में हुए बड़े से बड़े हादसों पर और आम लोगों की मौत की जिम्मेदारी लेना तो दूर न तो इनके लिए कभी मुआफी मांगी गई न ही खेद जताया गया। सवाल यह है कि जब कोलकाता का एक फ्लाई ओवर ढहना प्रधानमंत्री की नजरों में एक्ट ऑफ फ्रॉड था तो गुजरात व अन्य भाजपा शासित राज्यों में हो रहे रहे इस तरह के शएक्टश को भी तो कोई नाम दीजिए जनाब?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नाटो की भारत पर 100% टैरिफ लगाने की धमकी

## कहा: इंडियन पीएम हों या चीनी राष्ट्रपति, रूस को जंग रोकने को कहें, वरना नतीजा भुगतना होगा




- तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालना चाहिए ताकि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें: रूट
- रूट ने तीनों देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी
- रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने अमेरिका और नाटो की धमकियों को खारिज किया

**ब्रसेल्स।** नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को कहा कि अगर आप चीन के राष्ट्रपति, भारत के प्रधानमंत्री या ब्राजील के राष्ट्रपति हैं, तो आपको यह समझना होगा कि रूस के साथ व्यापार जारी रखने का भारी नुकसान हो सकता है।

रूट ने बुधवार को अमेरिकी सीनेटरों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इन तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालना चाहिए, ताकि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें। रूट ने तीनों देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ये देश रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखते हैं तो इन देशों पर 100 प्रतिशत सेकेंडरी प्रतिबंध लगाए जाएंगे। वहीं, रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने अमेरिका और नाटो की धमकियों को खारिज किया। उन्होंने कहा, रूस ट्रम्प के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इस तरह के अल्टीमेटम मंजूर नहीं हैं। रियाबकोव ने कहा कि रूस आर्थिक दबाव के बावजूद अपनी नीतियां नहीं बदलेगा और आप्शनल बिजनेस रूट तलाशेगा। नाटो महासचिव की यह चेतावनी उस समय आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन को नए हथियार देने और रूस के व्यापारिक साझीदारों पर भारी टैक्स लगाने की घोषणा की है।

## अमेरिकी रक्षा विभाग ने 2000 नेशनल गार्ड को लॉस एंजिल्स छोड़ने का दिया आदेश

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रक्षा विभाग ने लॉस एंजिल्स में तैनात लगभग 4000 कैलिफ़ोर्निया नेशनल गार्ड में से करीब आधे यानी कि 2000 गार्ड को अपने मूल कमान में लौटने का आदेश दिया है। अमेरिका के रक्षा विभाग के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने एक बयान में रक्षा मंत्री पेटे हेगसेथ द्वारा नेशनल गार्ड सदस्यों की तैनाती कम करने के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि 'हमारे सैनिकों के आह्वान पर आगे आने के लिए धन्यवाद, लॉस एंजिल्स में तनाव और अराजकता कम है। बयान में कहा कि संघीय सुरक्षा मिशन ने अपने तात्कालिक लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। बयान में यह नहीं बताया गया है कि नेशनल गार्ड के सदस्य कब तक वापस लौटेंगे। जबकि कुछ अधिकारियों ने कहा कि इकाइयां व्यवस्थित तरीके से फिर से तैनात होंगी। कैलिफ़ोर्निया नेशनल गार्ड ने पुष्टि की है कि उसने उन सैनिकों के लिए परिवहन की व्यवस्था करने के लिए कमांडरों से संपर्क करना शुरू कर दिया है।



**सीरिया।** स्वेदा शहर से वापस आकर दक्षिणी सीरिया के दारा राजमार्ग से गुजर रहे सीरियाई सरकारी बलों के लिए एक टैंक को ट्रक पर ले जाते हुए।

## अफगानिस्तान के हजारों नागरिक गुप्त योजना के तहत ब्रिटेन पहुंचे

**लंदन।** अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद लोगों की व्यक्तिगत जानकारी लीक होने पर हज़ारों नागरिक एक गुप्त योजना के तहत ब्रिटेन आ गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद ब्रिटेन जाने के लिए आवेदन करने वाले लगभग 19,000 लोगों की व्यक्तिगत जानकारी फरवरी 2022 में लीक हो गई थी। तत्कालीन कंज़र्वेटिव सरकार को इसकी सूचना अगस्त 2023 में सोशल मीडिया से मिली। रिपोर्ट के अनुसार लीक हुई सूची में शामिल लोगों के लिए नौ महीने बाद एक नई पुनर्वास योजना शुरू की गई जिससे लगभग 19000 आवेदकों में से अब तक 4500 अफगानी ब्रिटेन पहुंच चुके हैं।

## अमेरिका ने ब्राजील के खिलाफ जांच की शुरू

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने ब्राजील के खिलाफ 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 301 के तहत व्यापार नीतियों की जाँच शुरू की है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने मंगलवार को यह घोषणा की। कार्यालय ने एक बयान में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर के हवाले से कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निर्देशन में शुरू की गई यह जांच अमेरिकी सोशल मीडिया कंपनियों पर ब्राज़ील के हमलों के साथ-साथ अन्य अनुचित व्यापारिक नीतियों की जांच करेगी जो अमेरिकी कंपनियों, श्रमिकों, किसानों और प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तकों को नुकसान पहुंचाती हैं। बयान में कहा गया है कि ग्रीर ने अन्य सरकारी एजेंसियों, स्वीकृत सलाहकारों और कांग्रेस के साथ परामर्श के बाद यह तय किया कि ब्राज़ील के टैरिफ और गैर-टैरिफ अवरोधों की गहन जांच और संभावित रूप से प्रतिक्रियात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।

## आतंकवाद-अलगाववाद से निपटने के लिए बना एसओसी

- जयशंकर ने पहलगाम हमले की फिर निंदा की कहा: इसके दोषियों को सजा दी जानी चाहिए

**बीजिंग।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार, भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्री 15 जुलाई को चीन के तियानजिन में आमने-सामने आए। शंघाई सहयोग संगठन (एसओसी) समिट में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पहलगाम हमले के निंदा की।

जयशंकर ने कहा कि यह हमला जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने और धार्मिक विभाजन पैदा करने के लिए किया गया था। उन्होंने एसओसी से आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने की मांग की। उन्होंने कहा-एसओसी तीन बुराइयों से निपटने के लिए बना, वे हैं आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के बयान का भी जिक्र किया, जिसमें हमले में जिम्मेदार लोगों को सजा देने की बात कही गई थी। जयशंकर ने कहा: यह जरूरी है कि एसओसी आतंकवाद पर कोई समझौता न करे। भारत-पाकिस्तान विवाद के अलावा जयशंकर ने अफगानिस्तान का मुद्दा भी उठाया और एसओसी सदस्यों से विकास सहायता बढ़ाने का आग्रह किया, जिसके लिए भारत ने भी प्रतिबद्धता जताई। जयशंकर ने कहा-भारत ने एसओसी में स्टार्टअप और नवाचार से लेकर पारंपरिक चिकित्सा और डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर तक, कई क्षेत्रों में कई पहल की हैं। इससे पहले जयशंकर ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी।

## शांति सैनिकों पर हमलों की जवाबदेही बेहद जरूरी: भारत

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने कहा है कि शांति सैनिकों पर हमलों के मामले में जवाबदेही का होना न केवल इंसाफ के लिए बल्कि दुनियाभर में इस संगठन के शांति अभियानों के लिए भी जरुरी है। हरीश ने यहां संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को खतरनाक क्षेत्रों में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। लेकिन कई मामलों में उनके खिलाफ हुए अपराधों की कोई सजा नहीं मिलती। जवाबदेही की यह कमी अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रयासों को कमजोर बनाती है और इससे अपराधियों का मनोबल बढ़ता है। यह कार्यक्रम 'ग्रुप ऑफ फ्रेंडस' नाम के एक समूह ने आयोजित किया था।

# US को भारतीय मार्केट में मिलेगी पहुंच: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: ट्रेड डील पर बातचीत जारी, इंडोनेशिया पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया



- इसके अलावा ट्रम्प ने इंडोनेशिया के साथ एक नए व्यापार समझौते की घोषणा की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका भारतीय मार्केट में पहुंच हासिल करने के लिए एक समझौते पर काम कर रहा है। इसके अलावा, उन्होंने इंडोनेशिया के साथ एक नए व्यापार समझौते की घोषणा की। इसके तहत इंडोनेशिया से आने वाले सामान पर अमेरिका 19 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। ट्रम्प ने भारत को लेकर कहा: हमें इंडियन में मार्केट में पहुंच मिलने वाली है। पहले हमें इन देशों में कोई पहुंच नहीं थी।

हमारे लोग वहां व्यापार नहीं कर पाते थे। अब टैरिफ के जरिए हम पहुंच हासिल कर रहे हैं। ट्रम्प ने बताया कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो से बात करने के बाद एक व्यापार समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत इंडोनेशिया अमेरिकी इम्पोर्ट पर कोई टैरिफ नहीं लगाएगा, जबकि अमेरिका, इंडोनेशिया के निर्यात पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। ट्रम्प ने यह बयान पेनसिल्वेनिया जाते वक्त दिया। इस दौरान व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट भी उनके साथ मौजूद थीं। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा: हमने इंडोनेशिया के साथ समझौता किया। मैंने उनके बहुत लोकप्रिय और मजबूत राष्ट्रपति से बात की। अब हमें इंडोनेशिया में पूरी पहुंच मिलेगी। हम कोई टैरिफ नहीं देंगे। उन्होंने आगे कहा: इंडोनेशिया हमें अपने बाजार में एक्सेस दे रहा है, जो पहले कभी नहीं थी। यह समझौते का सबसे बड़ा हिस्सा है। इसके बदले वे 19 प्रतिशत टैरिफ देंगे और हम कुछ नहीं देंगे। यह दोनों पक्षों के लिए अच्छा सौदा है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर इस समझौते को 'पक्का' बताया। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत इंडोनेशिया अमेरिका से 15 अरब डॉलर की एनर्जी, 4.5 अरब डॉलर के कृषि प्रोडक्ट्स और 50 बोइंग जेट विमान खरीदेगा। ट्रम्प ने यह भी बताया कि इंडोनेशिया के पास हाई क्वालिटी वाला कापर (तांबा) है, जो अमेरिका के लिए फायदेमंद होगा। हालांकि मंगलवार दोपहर तक इंडोनेशिया सरकार ने इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की थी। पिछले साल इंडोनेशिया ने अमेरिका को 2 करोड़ डॉलर का तांबा एक्सपोर्ट किया था, जबकि चिली ने 60 करोड़ डॉलर और कनाडा ने 40 करोड़ डॉलर का तांबा एक्सपोर्ट किया था। ट्रम्प ने रूस पर यूक्रेन से जंग खत्म करने का दबाव डालने के लिए भारी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने कहा था: मैं ट्रेड को कई चीजों के लिए इस्तेमाल करता हूं, लेकिन यह युद्ध खत्म करने के लिए बहुत अच्छा है। ट्रम्प ने कहा था कि अगर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 50 दिन में यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं किया, तो उस पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगेगा।

# अमेरिका की मोस्ट वांटेड लिस्ट में पाक में ईरानी राजदूत शामिल



- अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई के रिटायर्ड अफसर के अपहरण का आरोप, 2007 से लापता

**वाशिंगटन।** अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई ने मंगलवार को ईरान के राजनयिक रेजा अमीरी मोगदम को अपनी मोस्ट वांटेड सूची में शामिल किया है।

मोगदम फिलहाल पाकिस्तान में ईरान के राजदूत हैं। मोगदम पर आरोप है कि उन्होंने 2007 में एक रिटायर्ड अमेरिकी एफबीआई एजेंट राबर्ट लेविंसन के अपहरण की योजना बनाने और उसे छिपाने में अहम भूमिका निभाई थी। लेविंसन 8 मार्च 2007 को ईरान के किश द्वीप पहुंचे थे और अगले ही दिन अचानक गायब हो गए थे। अब तक उनकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है। पूर्व एफबीआई एजेंट राबर्ट लेविंसन मार्च 2007 में ईरान के किश द्वीप के पास रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गए थे। एफबीआई का मानना है कि मोगदम ने उस पूरे ऑपरेशन की निंगरानी की थी जिसमें राबर्ट लेविंसन का अपहरण हुआ था। बाद में उन्होंने इस पूरे मामले की सच्चाई छुपाने का भी काम किया था। रेजा मोगदम, जिन्हें अहमद अमीरिनिया के नाम से भी जाना जाता है, पहले ईरान के खुफिया मंत्रालय (एमओआईएस) में एक सीनियर अधिकारी थे। उनकी निंगरानी में ही यूरोप में ईरान के गुप्त एजेंट काम किया करते थे। एफबीआई ने कहा कि वे अभी भी पता लगा रहे हैं कि लेविंसन का अपहरण किन लोगों ने और कैसे किया। एफबीआई ने मंगलवार को मोगदम के अलावा 2 और सीनियर ईरानी खुफिया अधिकारियों के खिलाफ पोस्टर जारी किए।

# गाजा में फूड सेंटर पर भगदड़, 43 की मौत

## खाना लेने के दौरान अब तक 870 फलस्तीनी मारे गए, इजरायली सेना पर नरसंहार का आरोप



**गाजा।** गाजा के खान यूनिस में बुधवार को एक फूड डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर पर 43 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 21 लोग खाना लेने की कोशिश में मारे गए, जबकि 15 लोगों की मौत भगदड़ में कुचल कर हुई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि यह हादसा गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) सेंटर पर हुआ। मंत्रालय ने इजरायली सेना और अमेरिका पर 'जानबूझकर' भूखे लोगों का नरसंहार करने का आरोप लगाया। जीएचएफ ने भी अब तक 20 लोगों के मारे जाने की बात स्वीकार की है, लेकिन इसके लिए हमास से जुड़े लोगों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। यूएन इन जीएचएफ सेंटर्स को मौत का जाल करार दे चुका है। मई के अंत से अब तक इन सेंटर्स पर या आसपास 870 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं।

जीएचएफ का कहना है कि इन सेंटर्स पर हमास की वजह से भगदड़ मची थी, जिससे लोग मारे गए। गाजा के सरकारी मीडिया ऑफिस (जीएमओ) ने पिछले महीने इजरायली आर्मी पर फलस्तीनियों को ड्रग्स देने का आरोप लगाया था। जीएमओ का कहना था कि गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) ने फलस्तीनी लोगों को जो आटे की बोरियां दी हैं, उनमें आक्सीकोडोन नाम की नशीली गोलियां मिली हैं। जीएचएफ को इजरायली सेना चलाती है और इसे अमेरिका से सपोर्ट मिलाता है। जीएमओ ने कहा था कि यह लोगों को नशे की लत लगाने की साजिश है। इजरायल नशीली दवाओं को हथियार के तौर में इस्तेमाल कर रहा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में शुरू हुए युद्ध के बाद से इज़रायली हमलों में गाजा के 58573 लोग मारे गए हैं और 139607 अन्य घायल हुए हैं।

पिछले 24 घंटों में 94 लोगों की मौत हुई है और 252 घायल हुए। 18 मार्च के बाद से अब तक 7750 लोग मारे गए हैं और 27566 घायल हुए हैं। गाजा में जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की थी। इसके मुताबिक अगर इजरायल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है। गाजा के मीडिया कार्यालय ने इजरायल पर आरोप लगाया कि वह गाजा पट्टी से फलस्तीनी आबादी खाली करने की साजिश रच रहा है।

# रूस ने अमेरिकी अल्टीमेटम खारिज किया

- उनका देश यूक्रेन संघर्ष के कूटनीतिक समाधान का पक्षधर है व बातचीत के लिए तैयार: सर्गेई

**मॉस्को/कीव।** रूस ने यूक्रेन युद्धविराम पर सहमति के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 50 दिनों के अल्टीमेटम को खारिज करते हुए अमेरिका की 'कड़े टैरिफ' लगाए जाने की धमकी को अस्वीकार्य करार दिया। रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने मंगलवार को ज़ोर देकर कहा कि उनका देश यूक्रेन संघर्ष के कूटनीतिक समाधान का पक्षधर है और बातचीत के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा यदि इसका उचित जवाब नहीं मिलता है और राजनयिक स्तर पर इससे कोई लक्ष्य हासिल नहीं होता है तो हमारा विशेष सैन्य अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि रूस अपनी बात पर अडिग है और हम उम्मीद करते हैं कि अमेरिका और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) इसे गंभीरता से लेंगे। ट्रंप ने मंगलवार को उन आरोपों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि उन्होंने यूक्रेन को रूसी क्षेत्रों में घुसकर हमला करने के लिए प्रोत्साहित किया था। उन्होंने कहा कि वह इस संघर्ष में किसी का पक्ष नहीं ले रहे हैं और उन्होंने यूक्रेन को केवल यह सलाह दी कि उसे लंबी दूरी के हथियारों से 'रूस को निशाना नहीं बनाना चाहिए'। गौरतलब है कि इस स्पष्टीकरण से ठीक एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि अमेरिका नाटो के ज़रिए यूक्रेन को हथियार भेजेगा और 50 दिनों में युद्धविराम समझौता न होने पर रूस पर 'कड़े टैरिफ' भी लगाएगा।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमेट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313, 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज). वीजा एक्सटेंशन. इंश्योरेंस. मेडिकल. ट्रांसपोर्टेशन. लॉन्डरी.
एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)